समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 58,962.12 | 17,303.95 |

तापमान
अधिकतम 32 °c
न्यूनतम 16 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



जनसंख्या के लिए डिजिटल घड़ी प्रदेश की सम्बल और ताकत है पेज-02

जिला पंचायतों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों की सेवा... पेज-03

वर्ष 10 अंक 192 लखनऊ, 1 मार्च, बुधवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com , Email : samradhinews@gmail.com

# मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के इस्तीफे

## मुख्यमंत्री केजरीवाल ने मंजूर किए, जैन 9 महीने से जेल में, सिसोदिया के पास थे 18 विभाग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में केजरीवाल सरकार के दो मंत्रियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने पद से इस्तीफा दे दिया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दोनों का इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। दोनों अलग-अलग मामलों में आरोपी हैं।

### सीबीआई हिरासत में हैं मनीष सिसोदिया

दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली सिसोदिया की अर्जी मंजूर करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने उन्हें हाईकोर्ट जाने की सलाह दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सिसोदिया के वकील से कहा- आपको हाईकोर्ट जाना चाहिए था, सीधे सुप्रीम कोर्ट से जमानत क्यों मांग रहे हैं? यह ठीक परंपरा नहीं है। आम आदमी पार्टी ने इस फैसले पर कहा- हम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं। अब जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाएगी।

### मनीष सिसोदिया आप में दूसरे नंबर के नेता

केजरीवाल के बाद आम आदमी पार्टी में मनीष सिसोदिया ही सबसे बड़े नेता है। मनीष सिसोदिया के पास दिल्ली सरकार के कुल 33 में से 18 विभाग थे।

सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद सबसे बड़ी दिक्कत यही है कि उनका काम कौन संभालेगा। केजरीवाल के एक और मंत्री सत्येंद्र जैन पहले से जेल में हैं। जैन के पास स्वास्थ्य, उद्योग, बिजली, गृह, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और जल संसाधन जैसे मंत्रालय थे, जिन्हें सिसोदिया को सौंप दिया गया था। सिसोदिया के पास शिक्षा, लोक निर्माण, वित्त, आबकारी जैसे सबसे अहम विभाग थे। फरवरी 2020 में मुख्यमंत्री केजरीवाल के अपने बाकी विभाग छोड़ दिए थे। इसके बाद सिसोदिया इन विभागों को भी देख रहे थे। आम आदमी पार्टी में सिसोदिया के कद का नेता और अरविंद केजरीवाल का इतना भरोसेमंद व्यक्ति फिलहाल कोई नही है।



### इस्तीफे में सिसोदिया ने शिक्षा मंत्री बनना सौभाग्य बताया

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भेजे इस्तीफे में मनीष सिसोदिया ने लिखा- शिक्षा मंत्री के तौर पर मिली जिम्मेदारी शायद मेरे पिछले जनमों का कुछ पुण्य रहा होगा, जिनके फलस्वरूप मुझे इस जन्म में मां सरस्वती की सेवा का ऐसा महान अवसर मिला।

### दिल्ली सरकार का बजट पेश करना था सिसोदिया को

दिल्ली सरकार अगले फाइनेंशियल ईयर के लिए बजट की तैयारी कर रही है। बजट का सारा कामकाज मनीष सिसोदिया ही देख रहे थे। दिल्ली सरकार का बजट आम आदमी पार्टी की सरकार आने के पहले करीब 30 हजार करोड़ रुपए का था, जो अब 75 हजार करोड़ रुपए का हो गया है।

### केजरीवाल के सामने 10 साल में सबसे बड़ी चुनौती

पहले सत्येंद्र जैन और अब मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी से आम आदमी पार्टी के 10 साल के इतिहास में अरविंद केजरीवाल के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। सिसोदिया दिल्ली में एजुकेशन सेक्टर में आए बदलाव के पोस्टर बॉय हैं। पार्टी के कई नेता बताते हैं कि एक तरह से दिल्ली की सरकार वही चलाते हैं। पार्टी के राष्ट्रीय स्तर पर प्रसार में भी सिसोदिया की भूमिका अहम रही है।

### तिहाड़ जेल में कैद सत्येंद्र जैन कभी मसाज तो कभी मीटिंग की फोटो को लेकर चर्चा में रहे

सत्येंद्र जैन को ईडी ने पिछले साल 30 मई को गिरफ्तार किया था। जेल से जैन की मजे की जिंदगी जीने की फोटो और वीडियो आए दिन सामने आते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईडी ने कोर्ट में एक हलफनामा और कुछ तस्वीरें देकर इसकी शिकायत की थी। ईडी ने कहा था कि सत्येंद्र जैन को तिहाड़ जेल में कई तरह की सुविधाएं मिल रही हैं। जेल के सीसीटीवी फुटेज में उन्हें बैक और फुट मसाज कराते देखा गया है। जेल सुपरिन्टेंडेंट नियमों के खिलाफ जाकर सत्येंद्र जैन से मुलाकात करते हैं, वे उनसे पूछने जाते हैं कि जेल में मंत्री को कोई समस्या तो नहीं है। ईडी ने कहा था कि कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर सत्येंद्र जैन के लिए रोजाना उनके घर से खाना मंगाया जाता है। उनकी पत्नी पूनम जैन अक्सर उनसे मिलने सेल में आती हैं, जो गलत है। वे केस के अन्य आरोपियों के साथ अपनी सेल में घंटों मीटिंग करते हैं। यह केस की जांच के लिए सही नहीं है। सत्येंद्र जैन जेल मंत्री होने का गलत फायदा उठा रहे हैं।

## इंदौर से मोस्ट वांटेड सरफराज गिरफ्तार

**मेडिकल स्टोर चलाता था, तालिबान से ट्रेनिंग ली थी, हॉन्गकॉन्ग में 12 साल रहा, पांच शादियां कीं**

**इंदौर (एजेंसी)।** 2018 में पीएफआई की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल रहा मोस्ट वांटेड सरफराज मेमन इंदौर में पकड़ा गया। मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने सरफराज की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। एनआईए ने एक दिन पहले सरफराज के मुंबई में होने का अलर्ट जारी किया था। इसके बाद मुंबई पुलिस ने इंदौर पुलिस को भी अलर्ट भेजा था। पांचवीं पास सरफराज मेमन इंदौर के चंदन नगर का रहने वाला है। वह लंबे समय से खजराना इलाके की मस्जिद के पास रह रहा था। उसने यहां मेडिकल स्टोर भी खोल लिया था। वह कई भाषाओं का जानकार है। गृहमंत्री मिश्रा ने बताया कि सोमवार को मुंबई पुलिस और एनआईए की तरफ से इंदौर पुलिस को एक इनपुट मिला था, जिसमें सरफराज के मुंबई में संदिग्ध परिस्थितयों में घूमने की बात सामने आई थी। डीसीपी इंटेलिजेंस रजत सकलेचा ने बताया कि पूछताछ जारी है। मुंबई पुलिस की टीम भी इंदौर पहुंच गई है। सरफराज ने बताया कि उसने हॉन्गकॉन्ग में चाइनीज महिला से शादी की थी। उससे विवाद के बाद से वह यहां आ गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### डेनमार्क प्रिंस-प्रिंसेस ने भारत की राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** डेनमार्क के क्राउन प्रिंस फ्रेडरिक और क्राउन प्रिसेंज मैरी ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत-डेनमार्क ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ा रही है। बता दें कि डेनमार्क के क्राउन प्रिंस और क्राउन प्रिंसेस 26 फरवरी को 4 दिन के भारत दौरे पर आए थे।

### पाकिस्तान में इमरान खान की गिरफ्तारी तय

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अब किसी भी वक्त गिरफ्तार किया जा सकता है। इस्लामाबाद के सेशन कोर्ट ने मंगलवार इमरान को सरकारी खजाने (तोशाखाना) के करोड़ों रुपए के गिफ्ट बेहद सस्ते दामों में बेचने का आरोपी मान लिया। उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी कर दिए गए हैं। सरकार और पुलिस इस मामले में कोर्ट के आदेश का इंतजार कर रही थी ताकि खान को गिरफ्तार किया जा सके। इस मामले में इमरान की तीसरी पत्नी बुशरा बीबी भी आरोपी हैं।

### जी-20 मीटिंग के लिए भारत आएंगे चीनी विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** भारत में 1-2 मार्च को जी-20 के बैनर तले होने वाली विदेश मंत्रियों की मीटिंग में चीन के विदेश मंत्री किन गैंग भी शामिल होंगे। ये पहला मौका होगा जब किन भारत पहुंचेंगे। वहीं जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी के बैठक में शामिल होने को लेकर असमंजस बना हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, संसदीय कार्यों के चलते हो सकता है कि जापानी विदेश मीटिंग में शामिल न हों।

### म्यांमार की रिफ्यूजी महिला के साथ दिल्ली में ऑटो ड्राइवर ने किया गैंगरेप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कालिंदी कुंज इलाके में एक म्यांमार की महिला रिफ्यूजी से कथित तौर पर गैंगरेप का मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, महिला को पहले एक ऑटो ड्राइवर ने अगवा कर बेहोश किया था।

**होली पर्व पर सीएम का फरमान : सांसद व विधायक निधि का सदुपयोग किया जाए**

## किसी भी कीमत पर अराजकता बर्दाश्त नहीं : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



**होली पर्व पर सुरक्षा के कड़े व पुख्ता इंतजाम किए जाए। शोभा यात्रा पुरानी परंपराओं के अनुसार ही निकाली जाएं। अराजकता को किसी कीमत पर बर्दाश्त न करें। अराजकतत्वों व समाज में विषम भाव पैदा करने वालों से सख्ती से पेश आए।**

**योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली पर्व के मद्देनजर अधिकारियों को खास निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा है कि किसी भी कीमत पर अराजकता बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। अराजकतत्वों से कठोरता से पेश आए। सीएम दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को गोरखपुर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि होली पर्व पर सुरक्षा के कड़े व पुख्ता इंतजाम किए जाए। शोभा यात्रा पुरानी परंपराओं के अनुसार ही निकाली जाएं। अराजकता को किसी कीमत पर बर्दाश्त न करें। अराजकतत्वों व समाज में विषम भाव पैदा करने वालों से सख्ती से पेश आए। होलिका दहन आबादी से दूर जलाई जाए सीएम योगी ने कहा कि प्रयास यह हो कि होलिका दहन आबादी से दूर जलाई जाए ताकि किसी को भी किसी तरह का कोई नुकसान न हो। इसके साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाए की अश्लील गाने न बजें। कही भी किसी तरह को कोई विवाद न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सांसद व विधायक निधी का सदुपयोग किया जाए सीएम ने कहा कि सांसद व विधायक निधी का सदुपयोग किया जाए। नियमित रुप से समीक्षा करते रहे। विकास कार्यो में इस बजट का पूरा उपयोग किया जाए। इसके साथ ही सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि धुरियापार में औद्योगिक गलियारे के साथ धुरियापार में जमीन खरीदें, जिससे निवेशकों को समस्या न हो।

## उमेश पाल मर्डर: मुस्लिम हॉस्टल के कमरे में बनी खूनी प्लानिंग!

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़**

प्रयागराज में चंद दिन पहले ही हुए उमेश पाल खूनी हत्याकांड की प्लानिंग इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक युवा वकील के कमरे में बनी थी। इस वकील को उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने गिरफ्तार कर लिया है। सूबे की सरकार में कोहराम मचा देने वाले इस दोहरे हत्याकांड में यूपी एसटीएफ ने जिन 12 लोगों को अपनी टॉप-10 सूची में नामजद किया है, उनमें से गिरफ्तार किया जा चुका वकील भी एक है। बाकी 11 मोस्ट वॉन्टेड में से दो भाई जेल में बंद हैं। इनमें एक यूपी का माफिया अतीक अहमद और दूसरा उसका भाई अशरफ है। अतीक अहमद अभी अहमदाबाद जेल में कैद है, जबकि उसका भाई और उमेश पाल हत्याकांड का मोस्ट वॉन्टेड अशरफ यूपी की बरेली सेंट्रल जेल में कैद है। इन तमाम तथ्यों की पुष्टि यूपी पुलिस एसटीएफ प्रमुख और अपर पुलिस महानिदेशक, आईपीएस अमिताभ यश ने सोमवार दोपहर बाद विशेष बातचीत में की।

### एक षड्यंत्रकारी गिरफ्तार

अमिताभ यश के मुताबिक, प्रयागराज में अंजाम दिए गए उमेश पाल दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपियों में से एक षड्यंत्रकारी को गिरफ्तार किया गया है। इसे गोरखपुर से पकड़ा गया है। गिरफ्तार षड्यंत्रकारी का नाम सदाकत (25) है। सदाकत पेशे से इलाहाबाद हाई कोर्ट का वकील है। उससे पूछताछ में पता चला है कि हाईकोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस से ज्यादा उसका अपराधियों के साथ उठना बैठना था। उमेश पाल हत्याकांड की योजना को अंतिम रूप दिए जाने के दूसरे दौर की तमाम अहम बैठकें इसी सदाकत के कमरे पर हुई थीं। यह कमरा सदाकत ने प्रयागराज स्थित मुस्लिम हॉस्टल में ले रखा था।

## सोनिया 20 साल से जहां सांसद वहां 2024 में कौन !

- **रायपुर अधिवेशन में सोनिया ने दिए रिटायरमेंट के संकेत, रायबरेली सीट से राहुल या प्रियंका**

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायपुर में हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन ने उत्तर प्रदेश के सियासी गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान सोनिया गांधी ने कहा, माई इनिंग हैस कम टू अन एंड, यानी उन्होंने राजनीति से रिटायरमेंट के संकेत दिए। यह बयान सामने आते ही सबसे पहले इसकी चर्चा उत्तर प्रदेश में शुरू हुई। सवाल खड़ा हुआ...तो क्या सोनिया गांधी अब रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ेंगी? वही रायबरेली जहां से सोनिया गांधी लगातार पांच बार से सांसद हैं। अब सवाल यह उठता है कि यदि सोनिया चुनाव नहीं लड़ेंगी तो गांधी परिवार की विरासत वाली इस सीट का अगला वारिस कौन है? फिरोज गांधी, इंदिरा, अरुण नेहरू और सोनिया के बाद क्या अब इस सीट पर राहुल या प्रियंका चुनाव लड़ेंगे। राजनीतिक जानकारों की मानें तो इन्हीं दोनों में से कोई एक चेहरा रायबरेली की सियासत में उतरेगा। रायबरेली सीट इसलिए भी बेहद अहम है, क्योंकि यूपी की 80 सीट में से महज एक यही वह सीट है, जहां 2014 व 2019 में मोदी लहर में भी कांग्रेस को ही जीत मिली।

## भोपाल-उज्जैन ट्रेन ब्लास्ट मामला : फैसला आज

### लखनऊ की एनआईए कोर्ट ने 8 आतंकियों को ठहराया है दोषी, चश्मदीद बोली- मिसकैरेज हो गया, कान के पर्दे फटे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**




सैफुल्ला, मृतक

लखनऊ की विशेष एनआईए कोर्ट में भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन धमाके की सुनवाई पूरी हो गई है। आज फैसला आने वाला था, लेकिन कोर्ट ने अब फैसला 1 मार्च को सुनाने की बात कही है। सोमवार को सुनवाई के दौरान 8 आतंकियों को कोर्ट लाया गया था। इस दौरान एनआईए कोर्ट में पेश हुए दोषियों से जज ने कहा- फैसला सुनाए जाने से पहले कोई बात कहनी है? इस पर दोषियों ने कहा कि बीते 5 सालों से हम लोग जेल में हैं। इस पर जज ने कहा कि सजा में 5 साल को माइनस कर दिया जाएगा। उसके बाद जज कोर्ट रूम में चले गए थे। ट्रेन में सवार जिन लोगों ने ये मंजर देखा, वे आज भी खौफजदा हैं। किसी के पूरे शरीर में छर्रे लगे थे, तो किसी की उंगली उड़ गई। घायल बच्चे, बूढ़े और जवान लहूलुहान हो तड़प रहे थे। उस खूनी मंजर को याद कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। लखनऊ, एनआईए कोर्ट के पब्लिक प्रॉसिक्यूटर बृजेश कुमार यादव ने बताया, सोमवार को कोर्ट में आतंकियों को सजा सुनाए जाने को लेकर सुनवाई पूरी हुई। जज अब मंगलवार दोपहर तक फैसला सुना सकते हैं। इससे पहले शुक्रवार को कोर्ट ने मामले में सभी आरोपियों को दोषी करार दिया था। विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण पांडेय ने सजा सुनाए जाते वक्त दोषियों को कोर्ट में पेश किए जाने का आदेश दिया था। 9 आतंकियों पर देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने, आतंकी गतिविधियों के लिए धन, विस्फोटक और हथियार जुटाने के आरोप थे। साथ ही जाकिर नाइक का वीडियो दिखाकर युवाओं को जिहाद के लिए उकसाने सहित अन्य मामले में 21 मार्च, 2018 को आरोप तय किए गए थे।

## दो दिन पहले कश्मीरी पंडित की हत्या करने वाला ढेर

**अवंतीपोरा में सोमवार रात से जारी मुठभेड़ खत्म, 2 आतंकी मारे गए, एक जवान शहीद**

**अवंतीपोरा (एजेंसी)।** कश्मीर में अवंतीपोरा के पडगामपोरा इलाके में सेना और आतंकियों के बीच सोमवार रात से चल रही मुठभेड़ खत्म हो गई। मंगलवार दोपहर तक सेना ने 2 आतंकियों को ढेर कर दिया। पुलिस ने मारे गए आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। बाकी आतंकियों की तलाशी अभी भी चल रही है। डीआईजी रईस मोहम्मद भट ने बताया कि पहले मारा गया आतंकी अकीब मुश्ताक भट और दूसरा आतंकी एजाज अहमद भट है। एजाज, जैश के लिए काम करता था। अकीब वही आतंकी था, जिसने रविवार को एटीएम सुरक्षाकर्मी और कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या कर दी थी। अकीब ए कैटेगरी का लिस्टेड आतंकी था। उसने शुरुआत में हिजबुल मुजाहिद्दीन के लिए काम किया, इन दिनों वह टीआरएफ के साथ काम कर रहा था। इस मुठभेड़ दौरान सेना के दो जवान घायल हो गए थे। इनमें से एक जवान की 92 बेस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कश्मीर जोन पुलिस के मुताबिक इलाके में और भी आतंकियों के छिपे होने की खबर है। सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है।

**विकास की दिशा में उत्तर प्रदेश बहुत पीछे** | **सरकार को समाजवादी सिद्धांत को समझना होगा**

## समाजवाद के बिना रामराज्य नहीं आ सकता : अखिलेश



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने नीति आयोग के आंकड़ों के हवाले से विकास की दिशा में उत्तर प्रदेश को बहुत पीछे करार देते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास या राम राज्य, बिना समाजवाद के संभव नहीं है। मंगलवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के बाद वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट प्रावधानों पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का यह सातवां बजट है और हर साल सरकार ऐतिहासिक और सबसे बड़ा बजट पेश करने का दावा करती है। लेकिन इतने बजट पेश करने के बाद भी उप्र की स्थिति कई मानकों पर अभी सुधरी नहीं है। यादव ने नीति आयोग के आंकड़े गिनाये और कहा पूरे देश और उप्र की जनता को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का सपना दिखाया जा रहा है। सरकार अगर यह सपना देख रही है तो उसे नीति आयोग की सतत विकास लक्ष्य की रिपोर्ट देखनी चाहिए कि उसमें उप्र की क्या स्थिति है। उन्होंने नीति आयोग की 2020-21 की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि रिपोर्ट में गरीबी की रेखा से नीचे वाले 28 राज्यों की सूची में उप्र नीचे से चौथे नंबर पर है। भुखमरी समाप्त करने में उप्र पांचवें नंबर पर है। गुड हेल्थ में नीचे से दूसरे नंबर पर है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में 18वें नंबर पर है। उन्होंने इन आंकड़ों के जरिये सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, सरकार को समाजवादी सिद्धांत को समझना होगा।

### बीजेपी अमेरिका जैसी सड़क बनाना चाहती है

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा सत्र के आठवें दिन सदन में अखिलेश ने बीजेपी को घेरा। कहा कि आप अमेरिका की तरह सड़क बनाना चाहते हैं। मगर आपका एक्सप्रेस-वे कैसा है। पूरी गाड़ी अंदर चली गई। सिंगल पेयर एलिवेटेड रोड सपा ने दी। हमारे पास बुद्धि कम है, हम एक ही बना सके। आप ही बना देते। आपने एक भी फोरलेन बनाया हो तो बता दीजिए। आपकी डबल इंजन सरकार में क्या इंजन टकरा रहे हैं। एक्सप्रेस-वे के लिए यूपी को बजट नहीं मिलता है।

### फोटो का क्या, फोटो तो योगी के साथ ही है

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के साथ उमेश पाल की हत्या की साजिश रचने वाला सदाकत खान की फोटो सामने आई तो फोटो को लेकर बीजेपी ने समाजवादी पार्टी पर सवाल खड़े कर दिए। अब अखिलेश यादव ने प्रयागराज हत्याकांड के आरोपी के साथ तस्वीर वायरल होने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि फोटो किसी के साथ भी वायरल हो सकती है। कल जब हम लोग खाना खा रहे थे तब मेरी फोटो सीएम योगी के साथ थी और अगर मुख्यमंत्री ने अपने केस वापस नहीं लिए हुए होते तो सोचो आप क्या चला रहे होते।

# जनसंख्या के लिए डिजिटल घड़ी प्रदेश की सम्बल और ताकत है

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



लखनऊ विश्वविद्यालय में डिजिटल जनसंख्या घड़ी का लोकार्पण उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के महानिदेशक सांख्यकी कल सिंह, उप महानिदेशक अंजली रावत, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और जनसंख्या अनुसंधान केंद्र के निदेशक एवं अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो एम के अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सर्वाधिक तेजी से बढ़ने वाला प्रदेश है। उत्तर प्रदेश का परिदृश्य बदला है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या के लिए डिजिटल घड़ी सम्बल और ताकत है। जनसंख्या अनुमान के अनुसार संसाधनों का विकास करना है। अभी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में साढ़े तैतीस लाख करोड़ के एमओयू साइन हुए है इन्हें धरातल पर उतरना है।

प्रदेश में जनसुविधाओं का तीव्र गति से विकास हुवा है,जिससे प्रदेश के निवासी गर्व महसूस कर रहें है। प्रदेश की जनसंख्या घड़ी को लगाना महत्वपूर्ण है यह न केवल हमारी ताकत को दर्शाती है बल्कि जिम्मेदारी का भी अहसास कराती है। भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के महानिदेशक सांख्यकी कल सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय की यह नई पहल है। इस घड़ी में भारत के साथ उत्तर प्रदेश की अनुमानित जनसंख्या देखा जा सकता है। इसका दीर्घकालिक परिणाम होगा। सेंसस वर्क स्टेशन स्थापना से जनसंख्या अनुसंधान केंद्र मजबूत होगा। स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय एवं नीति आयोग को यह केंद्र डाटा उपलब्ध कराते हैं। पीआरसी लखनऊ को अहम जिम्मेदारी दी गई है। इस कार्यशाला से भविष्य में लाभ मिलेगा। भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के उप महानिदेशक सांख्यकी अंजली रावत ने कहा कि देश भर में 18 पीआरसी है जो पापुलेशन और स्वास्थ्य सम्बन्धी क्षेत्र में कार्य करते है। नीति आयोग पीआरसी की मोनेटरिंग करती है। प्रत्येक वर्ष हम सभी बैठक करके अध्ययन की नीति तय कर कार्य करते है जिससे सामाजिक प्रासंगिकता बनी रहती है।अध्यक्षता करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार रॉय ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनसंख्या अनुसंधान केंद्र का डाटा विश्वविद्यालय सहित प्रदेश को लाभान्वित करता है। विश्वविद्यालय इन अध्ययनों का लाभ लेकर अपनी नितियों का निर्माण और उद्देश्यों को प्राप्त करते है। प्रो अग्रवाल ने बताया कि जनसंख्या अनुशंधान केंद्र वैज्ञानिक एवं सलाहकार समिति की बैठक के साथ ही रिपोर्ट राइटिंग कार्यशाला प्रारम्भ हुई है जो तीन दिनों तक चलेगी। कार्यशाला का समापन दो मार्च को होगा। इसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, देश भर के जनसंख्या अनुशंधान केंद्र के सदस्य प्रतिभाग कर रहें है। उद्घाटन सत्र का संचालन संयुक्त रूप से अर्थशास्त्र विभाग के प्रो अशोक कुमार कैथल एवं उर्वशी सिरोही द्वारा किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निदेशक कुमार सुंदरम, कला संकायाध्यक्ष प्रो अरविंद अवस्थी, प्रो अरविंद मोहन, प्रो पूनम टंडन, प्रो संगीता साहू, प्रो राकेश द्विवेदी, श्रीमती अपर्णा उपाध्याय, जेएनयू शोध संस्थान के निदेशक डॉ के एस जेम्स, आईसीएमआर के डॉ समरीन पांडा, प्रो एम. शिवकामी, बरोडा की गायत्री देसाई सहित लखनऊ विश्वविद्यालय एवं जनसंख्या अनुसंधान केंद्र से जुड़े सदस्य उपस्थित रहें।

**सदन में बोले संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना**

# प्राथमिक विद्यालयों में सुधार, लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में पहले के मुकाबले बहुत सुधार हुआ है, लेकिन अभी सब कुछ ठीक नहीं हुआ है और बहुत कुछ किया जाना बाकी है, ऐसे में स्कूलों की जांच के लिए किसी कमेटी के गठन की आवश्यकता नहीं है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) की सदस्य डॉ. रागिनी ने बेसिक शिक्षा के स्कूलों की व्यवस्था को लेकर प्रश्न किया, जिसके उत्तर में बेसिक शिक्षा राज्य्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि पहले के मुकाबले स्कूलों में बहुत सुधार हुआ है। इस पर पूरक प्रश्न करते हुए डॉ. रागिनी ने कहा कि क्या सरकार सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों की एक कमेटी बनाएगी, जो विद्यालयों में हुए सुधार की जांच करके अपनी रिपोर्ट दे।

जवाब में संसदीय कार्य मंत्री खन्ना ने कहा कि स्कूलों में पहले के मुकाबले बहुत सुधार हुआ है, लेकिन सब कुछ ठीक नहीं हुआ है और अभी बहुत कुछ करना बाकी है, इसलिए कमेटी बनाने की आवश्यकता नहीं है। इससे पहले, सपा सदस्य ने पूछा था कि क्या प्रदेश के कुछ प्राथमिक स्कूलों में एक या दो कमरों में ही सभी कक्षाओं की पढ़ाई हो रही है और क्या सरकार मानक के अनुरूप कमरों का निर्माण कर शिक्षकों की तैनाती करेगी। जवाब में मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि हां सरकार ऐसी करेगी। उन्होंने बताया कि कुछ विद्यालयों में एक या दो कक्षों में कक्षाएं संचालित हो रही हैं। सिंह ने कहा कि जिलों से प्राप्त अतिरिक्त कक्षा-कक्षों का प्रस्ताव समग्र शिक्षा की आगामी वर्षों की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट में किया जाएगा तथा प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से स्वीकृति के बाद अतिरिक्त कक्षा-कक्षों का निर्माण कराया जा सकेगा। मंत्री ने बताया कि आरटीई (शिक्षा का अधिकार) मानक के अनुसार पर्याप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध हैं, जिनकी जरूरत के हिसाब से तैनाती की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### अखिल भारतीय लोधी महासभा की नयी कार्यकारिणी का गठन

**लखनऊ।** राजधानी के दारूलशफा स्थित प्रदेश कार्यालय में अखिल भारतीय लोधा, लोधी, लोध महासभा की एक सभा आयोजित की गयी। जिसमें प्रदेश भर से आये लोधी समाज व महासभा के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर लोधी महासभा की नयी कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। नयी कार्यकारिणी के गठन की घोषणा सभापति पंचायती राज, विधायक एटा सदर के साथ साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय लोधा, लोधी लोध महासभा विपिन कुमार डेविड के द्वारा की गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वे लोधी समाज के हित में सदैव कार्य करते रहेगें। लोधी महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उत्तम चन्द्र, वरिष्ठ महामंत्री के रूप में भूपेन्द्र सिंह लोधी एवं प्रदेश महामंत्री के रूप में विजय लोधी को मनोमीत किया गया इसके साथ ही अन्य कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव कर लोधी महासभा की नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया।

### प्रदेश में विधान मंडल प्रकाशन विक्रय केंद्र की शुरुआत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंगलवार को विधान मंडल प्रकाशन विक्रय केंद्र की शुरुआत की। विधानसभा ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि आने वाले दिनों में यहां विधान भवन छायांकित मोमेंटो, पेन, डायरी, फाइल फोल्डर, किट बैग, कार्ड होल्डर और अन्य उपहार सामग्री की बिक्री की जाएगी। बयान के मुताबिक, उपहार सामग्री सभी मंत्रियों, विधायकों, गणमान्य व्यक्तियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए उपलब्ध होगी। बयान के अनुसार, संसदीय कार्य मंत्री खन्ना ने विक्रय केंद्र से एक पेन सेट खरीदकर इसकी प्रतीकात्मक शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक मनीष असीजा, अंजुला माहौर, प्रदीप चौधरी और प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर आइपीएफने की निंदा

**लखनऊ।** हाल में सीबीआई ने केजरीवल की दिल्ली सरकार के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को शराब नीति में तथाकथित भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में कुछ राजनीतिक पार्टियों द्वारा उनके समर्थन में बयान जारी किया गया है। इस संबंध में आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट का मत है कि भाजपा और आरएसएस की फासीवाद की राजनीति के विरुद्ध लड़ रही ताकतों को ऐसे तत्वों के पक्ष में बोलने से बचना चाहिए जिन्होंने दिल्ली में अल्पसंख्यकों पर हमले के दौरान चुप रह कर एक तरह से हमलावरों का ही साथ दिया था। यह भी ज्ञातव्य है कि फासीवाद विरोधी लड़ाई में इनका चरित्र आम तौर पर संदिग्ध ही रहता है।

### उत्कृष्ट एवं उत्तम श्रेणी के संविदा चालकों व परिचालकों के वेतन में हुई वृद्धि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के निर्देश पर उत्कृष्ट एवं उत्तम श्रेणी से आच्छादित संविदा चालकों व परिचालकों के पारिश्रमिक दरों में वृद्धि की गयी है। इस सम्बंध में कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए अपर प्रबंध निदेशक अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि प्रोत्साहन योजना के तहत संशोधित दरें 1 मार्च से लागू होंगी। अपर प्रबंध निदेशक ने बताया कि उत्कृष्ट एवं उत्तम कार्य प्रोत्साहन योजना के तहत पारिश्रमिक दरों में लगभग एक हजार रूपये की बढ़ोत्तरी गयी है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पूर्व में उत्कृष्ट कार्य वाले चालकों व परिचालकों को (17,600) रूपया पारिश्रमिक मिलता था जिसे बढ़ाकर अब (18,660) रूपया कर दिया गया है। इसी प्रकार उत्तम कार्य करने वाले चालकों व परिचालकों को पूर्व में (14,600) रूपये पारिश्रमिक मिलता था, जिसे बढ़ाकर अब (15,660) रूपये कर दिया गया है। अपर प्रबंध निदेशक ने बताया कि उक्त बढ़ोत्तरी संविदा चालकों व परिचालकों को देय पारिश्रमिक राशि (बेसिक) में की गयी है।अन्य शर्तें एवं प्रोत्साहन राशि पूर्व की भांति यथावत रहेंगी।

### विधानसभा मे विधान मण्डल प्रकाशन विक्रय केंद्र का किया शुभारम्भ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधान मण्डल प्रकाशन विक्रय केन्द्र का फीता काटकर शुभारम्भ किया। जिसमें आने वाले दिनों में विधान भवन छायांकित मोमेंटो, पेन, डायरी, फाइल फोल्डर, किट बैग, कार्ड होल्डर तथा विधानसभा से सम्बन्धित अन्य गिफ्ट सामाग्री का विक्रय किया जाएगा। सभी मंत्री, विधायक, गणमान्य व्यक्तियों, अधिकारियो, कर्मचारियों तथा यहां आने वाले सभी आगन्तुकों के लिए उपलब्ध रहेगा। इस मौके पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने यहां पर एक पेन सेट खरीदकर प्रतीकात्मक शुरूआत की। इस अवसर पर विधायक मनीष असीजा, अंजुला माहौर, प्रदीप चौधरी तथा प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत संचालित कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण योजनान्तर्गत जनपद लखनऊ द्वारा विकास खण्ड परिसर-माल एवं मलिहाबाद में आज उपकरण वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नें बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि जयदेवी कौशल विधायिका, विधान सभा क्षेत्र-मलिहाबाद के द्वारा विकास खण्ड-माल एवं विकासखण्ड-मलिहाबाद के दिव्यांगजनों को सहायक प्रदान कर लाभान्वित किया गया।

# मध्यकमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ सेवानिवृत्त

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

मध्य कमान के आर्मीक मांडर लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी, परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल भारतीय सेना में 40 साल के शानदार करियर के बाद 28 फरवरी, 2023 को सेवानिवृत्त हो गए। एक दूरदर्शी जनरल और एक सच्चे नेता, उनके कार्यकाल को मध्य कमान में परिचालन प्रभावशीलता और प्रौद्योगिकी के संचार पर नए सिरे से जोर दिया गया। अपनी सेवा निवृत्ति के अवसर पर, जनरल ने स्मृतिका युद्ध स्मारक पर बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सूर्या कमान के सैनिकों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर की समीक्षा की। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़गवासला के पूर्व छात्र, जनरल ऑफिसर कोमेरिट के क्रम में प्रथम उत्तीर्ण होने के लिए भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। उन्हें 17 दिसंबर 1983 को कोर ऑफइंजीनियर्स (दबॉम्बेसैपर्स) में नियुक्त किया गया था। अपने लंबे और शानदार करियर के दौरान, जनरल ऑफिसर को यंग ऑफिसर्स कोर्स में सिल्वरग्रेनेड और इंजीनियर्स डिग्री कोर्स में गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। जनरल ऑफिसर ने ढाका में डीएसएससी, डिफेंस सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कोर्स, हायर कमांड कोर्स और नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली जैसे विभिन्न प्रतिष्ठित सेना पाठ्यक्रमों में भाग लिया। जनरल ऑफिसर को ऑपरेशन पराक्रम के दौरान एक असॉल्ट इंजीनियर रेजिमेंट की कमान संभाल ने का गौरव प्राप्तथा। उन्होंने एक स्ट्राइक कोर के हिस्से के रूप में एक इंजीनियर ब्रिगेड, सीमा पर एक इन्फैंट्री ब्रिगेड, जम्मू और कश्मीर में एक काउंटर इंसर्जेंसी फोर्स और पश्चिमी मोर्चा पर एक स्ट्राइक कोर की कमान भी संभाली है।

# ट्रांसजेंडर के बेहतर स्वास्थ्य और मुख्य धारा में लाने पर मंथन

- यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के तत्वावधान में राज्यस्तरीय कार्यशाला
- ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड व वाईआरजी केयर ने आयोजन में किया सहयोग

समृद्धि न्यूज। लखनऊ





ट्रांसजेंडर (किन्नर) समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधा प्रदान करने के साथ ही उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने पर मंथन को लेकर मंगलवार को यहाँ राज्यस्तरीय कार्यशाला हुई। यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में यूपी स्ट्रेट ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड और वाईआरजी केयर संस्था ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में कई राज्यों के किन्नर समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ ही कौशल विकास मिशन, महिला कल्याण, समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने ट्रांसजेंडर समुदाय की भलाई को लेकर उनके विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर यूपी स्टेट ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड की उपाध्यक्ष सोनम चिश्ती ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार किन्नर समुदाय को हरस्तर पर बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने को लेकर गंभीर है। पुलिस स्टेशन पर ट्रांसजेंडर सेल बनाये गए हैं। यदि कहीं किसी तरह का भेदभाव या दुर्व्यवहार होता है तो अपनी समस्या को जरूर उठायें और संविधान में किन्नर समुदाय को प्रदत्त अधिकारों का लाभ उठायें। यदि हमको लेकर हमारे परिवार को कोई दिक्कत नहीं है तो दूसरे लोग कौन होते हैं हम पर ऊँगली उठाने वाले, इसलिए अपनी सभ्यता और संस्कृति के दायरे में रहते हुए संघर्ष करते रहिये।कार्यशाला में यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव ने नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गेनाइजेशन (नाको) के नेतृत्व में किन्नर समुदाय की भलाई के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में करायी गयी गणना के अनुसार प्रदेश में करीब 6000 ट्रांसजेंडर थे, जिनमें से 4115 को विभाग की योजनाओं से जो?कर सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। इसमें 27 स्वयंसेवी संस्थाएं मदद पहुंचा रही हैं। अगला उद्देश चिन्हित करीब 9800 ट्रांसजेंडर तक पहुँचने का उनका प्रयास है ताकि उनको बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधा मिल सके। इनको वोटर कार्ड, राशन कार्ड आदि की सुविधा प्रदान करने पर भी कार्य चल रहा है। इसके अलावा सामुदायिक सहभागिता ब?ाने के उद्देश्य से राज्य और जिला स्तर पर कम्युनिटी रिसोर्स ग्रुप का गठन किया जायेगा ताकि लोग उस प्लेटफार्म पर अपनी बात और सुझाव खुलकर साझा कर सकें। इस मौके पर यूपी स्टेट ट्रांसजेंडर वेलफेयर बोर्ड की सलाहकार सदस्य देविका ने अपने समुदाय का आह्वान किया कि वह लोगों के दिलों में जगह बनाने की कोशिश करें। उत्तर प्रदेश सरकार ने वेलफेयर बोर्ड बनाकर समुदाय के हित में बड़ा काम किया है।

**सीएसआईआर, एनबीआरआई में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर**

# प्रोफेसर कैलाश नाथ कौल स्मृति व्याख्यान का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



सीएसआईआर-एनबीआरआई, लखनऊ ने आज संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भी मनाया गया, इस अवसर पर पद्म भूषण डॉ. राजेंद्र सिंह परोदा, संस्थापक अध्यक्ष, ट्रस्ट फॉर एडवांसमेंट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज, नई दिल्लीय भूतपूर्व महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली एवं भूतपूर्व सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, भारत सरकार समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे, डॉ. परोदा ने हमारी कृषि जैव विविधता का प्रबंधन विषय पर प्रो. के. एन. कौल स्मृति व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस वर्ष के विज्ञान दिवस का थीम 'वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान' था। पद्मभूषण प्रोफेसर कैलाश नाथ कौल एक महान भारतीय वनस्पतिशास्त्री, प्रकृतिप्रेमी एवं सफल कृषि वैज्ञानिक थे जिनको बागवानी, वन्यजीव, पेड़ पौधों से काफी लगाव था। प्रो. कौल ने ही वर्ष 1948 में लखनऊ में राष्ट्रीय वनस्पति उद्यान की स्थापना की थी जो वर्ष 1953 में सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के रूप में परिवर्तित हुआ,कार्यक्रम का प्रारंभ प्रोफेसर कैलाश नाथ कौल को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ, संस्थान के निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने अपने स्वागत सम्बोधन में कार्यक्रम में पधारे अतिथियों एवं श्रोताओं का स्वागत करते हुए प्रो. कौल के योगदान का उल्लेख किया। सभी को संबोधित करते हुए डॉ. परोदा ने अपने व्याख्यान में बताया कि कृषि जैवविविधिता हमारी सम्पूर्ण जैव विविधिता का एक अभिन्न अंग हैं इसमें मुख्यत: फसली किस्मे, मवेशीध्पशुधन, घरेलु फसलें, मिटटी एवं उसका आंतरिक पर्यावरण आदि शामिल हैं, पृथ्वी की अगर हम कुल जैवविविधिता को देखे तो अभी तक सिर्फ 10 प्रतिशत प्रजातियाँ ही ज्ञात है, वैश्विक खाद्य सुरक्षा को देखते हुए हमे अपनी कृषि आधारित सम्पदा का सरंक्षण एवं उसके सतत उपयोग पर ध्यान देना होगा, डॉ. परोदा ने बताया कि राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, नई दिल्ली के वर्ष 2004 में किये गए अध्ययन के मुताबिक विश्व में खाद्य पूर्ति वैश्विक रूप से परस्पर निर्भर हैं, इसलिए हमे अपने देश की कृषि आधारित जैव विविधिता को सहेजना होगा, इसके लिए हमे पारंपरिक विज्ञान के साथ साथ आधुनिक तकनीको जैसे प्रेसीजन कृषि तकनीकी, राष्ट्रीय सुरक्षा जीनबैंक, फील्ड जीनबैंक आदि का भी उपयोग करना होगा, हमे वैश्विक स्तर पर सोचना होगा और स्थानीय स्तर पर इसके लिए कड़े कदम उठाने होंगे,इस अवसर पर डॉ. परोदा ने वर्ष 2023 का संस्थान का कैलेंडर भी जारी किया, इसके साथ साथ उन्होंने संस्थान के वनस्पति उद्यान, पादपालय एवं अभिदर्शन का भी भ्रमण किया, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह के अंतर्गत संस्थान की सभी प्रयोगशालाए, वनस्पति उद्यान, पादपलय, अभिदर्शन एवं अन्य सुविधाए छात्र-छात्राओं के साथ साथ आम जनता हेतु खुली रही, इस दौरान लखनऊ के करीब 20 स्कूल,कॉलेजों के 500 से ज्यादा विद्यार्थियों ने संस्थान की प्रयोगशालाओं, वनस्पति उद्यान एवं पादपलय का भ्रमण किया, कार्यक्रम के अंत में संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद शिर्के ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया जबकि डॉ. अदिति गुप्ता, वरि. वैज्ञानिक ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाये जा रहे आरोपों की पुष्टि हुई: अशोक सिंह

**भाजपा और सपा में नूरा कुश्ती**

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



प्रदेश कांग्रेस के मीडिया संयोजक एवं प्रवक्ता अशोक सिंह ने प्रयागराज में हुई राजू पाल हत्याकाण्ड में मुख्य गवाह रहे उमेश पाल की हत्या के मुख्य साजिशकर्ता सदाकत खान के साथ भाजपा और सपा नेताओं के साथ फोटो वायरल होने से मुख्यमंत्री जी द्वारा सदन में दहाड़कर यह कहना कि अपराधियों को जमींदोज कर दूंगा, की पोल खुल गयी है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा और सपा नेताओं की अपराधी के साथ फोटो सेशन की तस्वीरों की होड़ सी लग गयी है। कांग्रेस पार्टी शुरू से ही आरोप लगाती रही है कि भाजपा और सपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन आरोपों की पुष्टि हो गयी है। सदाकत खान की फोटो भाजपा और सपा के नेताओं के साथ होना दुर्भाग्यपूर्ण है।प्रवक्ता ने कहा कि एक तरफ भाजपा अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस का दावा करती है, सदन में मुख्यमंत्री जी गरजते हैं कि अपराधियों को जमींदोज कर देंगे और खुद उनकी ही पार्टी के नेता अपराधी के साथ फोटो खिंचवाते नजर आते हैं, भाजपा के नेताओं के साथ अपराधी की फोटो वायरल होने पर यह साबित होता है कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में भेद है। श्री सिंह ने कहा कि सपा के शीर्ष नेता के साथ अपराधी की फोटो और भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के साथ फोटो जनता के सामने आ चुकी है। मुख्यमंत्री जी को इसका सच प्रदेश की जनता के सामने उजागर करना चाहिए।

# जयवीर पहुँचे बौद्ध शोध संस्थान,किया सर्वपंथीय धर्म सम्मेलन का शुभारम्भ

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि भगवान बुद्ध के सत्य, अहिंसा, करूणा एवं दया के विचार युगों-युगों से पीड़ित मानवता को राह दिखाते रहे हैं। उनके विचार आज की परिस्थितियों में और भी ज्यादा प्रासांगिक है, जब दुनिया में तनाव तथा युद्ध की विभीषिका बढ़ती जा रही हो।पर्यटन मंत्री आज अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के गोमतीनगर स्थित सभागार में 39वें स्थापना दिवस के अवसर पर सर्वपंथीय धर्म सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार कहा था कि दुनिया के पास युद्ध है और भारत के पास बुद्ध हैं। डॉ अम्बेडकर ने भगवान बुद्ध के विचारों से प्रभावित होकर बौद्ध धर्म स्वीकार किया और देश को एक अनूठा संविधान प्रदान किया, जो सभी वर्गों, धर्मों, पंथों, संप्रदाय को जोड़कर भारत को विश्वगुरू बनाने की क्षमता रखता है। जयवीर सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान के संकल्पों को धरातल पर उतारने के लिए केन्द्र तथा उ0प्र0 की सरकारें कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उ0प्र0 लगातार प्रगति कर रहा है। आज शांति के लिए विश्व भारत की ओर देख रहा है। जिस भारत को सपेरों का देश कहा जाता था, कोरोना काल में भारत ने वैक्सीन बनाकर 100 से अधिक देशों के करोड़ों लोगों की जान बचाई। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अब जय जवान जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान के संकल्प से भारत विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। रूस और यूक्रेन के युद्ध को समाप्त करने के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि उ0प्र0 चौमुखी विकास का रिकार्ड बना रहा है। जिसके कारण 33 लाख 50 हजार करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ है। उ0प्र0 देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। विकास के हर मोर्चे पर नेतृत्व कर रहा है। आइये हम सब मिलकर भगवान बुद्ध के विचारों से प्रेरणा लेकर अपने कृतित्व के बल पर प्रदेश के निर्माण में प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़े और उ0प्र0 को देश का श्रेष्ठतम प्रदेश बनायें। इसके साथ ही भगवान बुद्ध के संदेशों का अनुकरण करते हुए यूपी के विकास यात्रा में सहभागी बनें। भगवान बुद्ध के संदशों को जमीन पर उतारने का प्रयास करें। पर्यटन मंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं को निबंध एवं पेंटिग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार वितरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में विज्ञान संकाय ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। इस आयोजन में विज्ञान संकाय के सभी विभागों के साथ-साथ इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के विभागों और एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। रसायन विज्ञान विभाग के पीएचडी छात्रों ने अपने साइंस स्टॉल में कुछ दिलचस्प प्रयोग जैसे पोटेशियम परमैंगनेट और ग्लिसरीन का उपयोग करके हवन सामग्री को जलाना, जल उपचार और खाद्य और डेयरी उत्पादों में मिलावट का आकलन करने के लिए कुछ घरेलू त्वरित परीक्षण प्रदर्शित किए। भौतिकी विभाग के पीएचडी छात्रों ने प्लाज्मा भौतिकी में हाल की प्रगति को प्रदर्शित किया। दंत समस्याओं के उपचार में सिरेमिक सामग्री के महत्व को भी प्रदर्शित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे कटहल का दूध दांतों में कैविटी के इलाज में मददगार है। सांख्यिकी विभाग के छात्रों ने कुछ वास्तविक समय के आंकड़ों पर आधारित खेलों का प्रदर्शन किया और विजेताओं को पुरस्कार के रूप में कलम भी प्रदान की। वहीं फार्मास्युटिकल साइंस के छात्रों ने अपने विभाग के इन-हाउस उत्पादों जैसे क्षारीय पानी, मच्छर भगाने वाले, सैनिटाइजर का प्रदर्शन किया और कुछ पैथोलॉजिकल टेस्ट भी दिखाए। भूविज्ञान विभाग ने कुछ प्राकृतिक पत्थरों को प्रदर्शित किया और चट्टान के निर्माण और उनके अपक्षय की घटना के बारे में बताया गया। विज्ञान विभाग ने विभिन्न प्रकार के मॉडल और मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करके समय के साथ मानव जाति के विकास को दिखाया। गणित और खगोल विज्ञान विभाग ने कुछ बहुत पुरानी गणितीय पांडुलिपियों का प्रदर्शन किया और आगंतुकों के लिए विभिन्न ग्रहों और सितारों को दिखाने के लिए एक टेलीस्कोप भी स्थापित किया। इंस्टीट्यूट ऑफ रिन्यूएबल एनर्जी ने दिखाया कि कोई कचरे से बिजली कैसे पैदा कर सकता है और पारंपरिक सौर कोशिकाओं के कामकाज को प्रदर्शित किया। जंतु विज्ञान विभाग ने विशेष रूप से समुद्री जीवन के विभिन्न जीवों के नमूनों को प्रदर्शित कर बताया कि कैसे तर्कसंगत रूप से नमूने तैयार किए जा सकते हैं। वनस्पति विज्ञान विभाग ने बाजरा वर्ष के क्रम में विभिन्न कवक और उनके विकास तंत्र, कुछ सजावटी पौधों और कुछ खाद्य पदार्थों को दिखाया। जैव रसायन विभाग ने अपने संकाय सदस्यों की उपलब्धियों को दिखाया और कुछ रोचक जैव रासायनिक प्रयोगों को भी प्रदर्शित किया।

अखिलेश का योगी की बातों का सिलसिलेवार जवाब

# वंचितों को हक और समानता के लिए जातीय जनगणना जरूरी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

- किसी के पिता के बारे में बोलूं, ऐसी शिक्षा नेताजी ने मुझे नहीं दी
- कई विभागों का 25 फीसदी बजट भी नही हुआ खर्च



विधानसभा में प्रश्नकाल के बाद बजट पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का यह सातवां बजट है और हर साल सरकार ऐतिहासिक और सबसे बड़ा बजट पेश करने का दावा करती है। लेकिन इतने बजट पेश करने के बाद भी उप्र की स्थिति कई मानकों पर अभी सुधरी नहीं है।

उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने 22 फरवरी को वित्त वर्ष 2023-24 के लिये विधानसभा में छह लाख 90 हजार 242 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इस बजट में 32 हजार 721 करोड़ 96 लाख रुपये की नई योजनाएं शामिल की गई हैं। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने विधानसभा में सीएम योगी की बात का सिलसिलेवार जवाब दिया। उत्तर प्रदेश विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान दो दिन पहले मुख्यमंत्री योगी योगी आदित्यनाथ ने सपा समेत अखिलेश यादव पर कई निशाने साधे थे। योगी के हमलों का क्रम यूपी के मौजूदा और पूर्व सीएम के बीच तीखी बहस और तू-तड़ाक तक पहुंच गया था।

मंगलवार को विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान सीएम योगी द्वारा कही और उछाली गई हर बात का सिलसिलेवार जवाब दिया। विधानसभा में अखिलेश यादव के कहा किअगर आप किसी के पिता के बारे में बोलेंगे तो हो सकता है आपको भी करारा जवाब सुनना पड़े और वो जवाब आपको पसंद न आये। आपने भी कई परपंराएं नहीं मानी होंगी। मैं किसी के पिता के बारे में बोलूं, ऐसी शिक्षा नेताजी ने मुझे नहीं दी। समाजवादी पार्टी रामचरित मानस के खिलाफ नही है, भगवान किसी एक के नहीं सबके हैं। मैंने रामचरितमानस के बारे में नहीं पूछा था बल्कि यह पूछा था कि शुद्र क्या है, जब कोई घर से गया तो क्या गंगाजल से घर धोया जाता है। एसडीएम की भर्ती प्रकरण को लेकर हो सकता है नेता सदन की जुबान फिसली गई हो और उन्होंने कहा कि 46 में 56 एक जाति के एसडीएम की भर्ती सपा सरकार में हुई। मैं चाहता हूं वो लिस्ट सरकार सदन में प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि नेता सदन के तौर पर आपको काले झंडों से नहीं डरना चाहिये। सरकार द्वारा प्रायोजित लोगों को भेजकर मुझे पूजा-पाठ करने से रोकने की कोशिश की गयी। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जातीय जनगणना के बिना श्सबका साथ, सबका विकासश् संभव ही नहीं है। यही रामराज्य है। वंचितों, पिछड़ों को हक और समानता देने के लिये जातीय जनगणना जरूरी है।

शिक्षामित्रों की समस्याओं का भाजपा सरकार ने कोई समाधान नहीं किया। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में लिखा.. कालेज जाने वाली हर छात्रा को स्कूटी मिलेगी। झांसी, गोरखपुर, प्रयागराज में मेट्रो बनेगी लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ।यूपी सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं का इतना बुरा हाल क्यों बना दिया है? पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कालेज जिलों में बनाये जा रहे हैं, उद्देश्य है स्वास्थ्य सेवाओं को सरकार के हाथों से निकाल प्राइवेट हाथों में दे दिया जाये। कितना बुरा हाल होगा जब स्वास्थ्य सेवा निजी हाथों में चली जायेगी। नेता सदन मुख्यमंत्री आवास के पेड़ों का नाम नहीं जानते होंगे क्योंकि उनकी पेड़-पौधों में रुचि नहीं है। क्या यूपी सरकार ने एक भी फोर-लेन सड़क यूपी सरकार के हेड से पिछले 6 साल में बनायी है? उन्होंने कहा कि पुलिस हेडक्वार्टर, हाईकोर्ट के लखनऊ बेंच की बिल्डिंग, लोकभवन की ऐतिहासिक बिल्डिंग, डायल-100 का भवन सपा सरकार के दौरान बनी। दिल्ली वाले नेता सदन की बात कम सुनते हैं, यही कारण है कि एक्सप्रेस-वे के लिए दिल्ली ने बजट नहीं दिया।

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में भाजपा के एक मित्र उद्योगपति नहीं आये, बुरे वक्त में बीज ने अपने मित्र को छोड़ दिया, कम से कम इस समिट में तो आते। पता नहीं सरकार को खुशबू से इतनी नफरत क्यों है? कानपुर के जिस उद्योगपति पर छापा मारा गया उससे सपा का कोई लेना-देना नहीं था, सिर्फ यह कोशिश की जाती है कि कैसे सपा को बदनाम किया जाये?भाजपा सरकार संकल्प पत्र को पॉलिसी में क्यों नहीं ला रही, कई विभागों को बजट नहीं मिला, कई योजनाएं केवल बातों और भाषणों में हैं। संकल्प पत्र में वह भी शामिल किया जाना चाहिए।

## जिला पंचायतों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों की सेवा नियमावली बनेगी: जितिन प्रसाद

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि जिला पंचायतों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों की सेवा नियमावली बनाई जाएगी। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) के अतुल प्रधान ने सवाल पूछा कि क्या प्रदेश में जिला पंचायतों एवं पंचायती राज विभाग में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों की कोई सेवा नियमावली है और अगर नहीं है तो क्या सरकार नियमावली बनाने पर विचार करेगी। प्रधान के सवाल के जवाब में प्रसाद ने कहा कि कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ववर्ती सरकार (सपा सरकार) ने की थी और 2016 में उसी सरकार ने इस पर रोक लगा दी थी। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार इस पर विचार कर रही है और जिला पंचायतों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों की सेवा नियमावली बनाई जाए। प्रसाद ने कहा कि कंप्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती पर भले ही रोक लगी है, लेकिन जिला पंचायत आउटसोर्सिंग के जरिये काम कराने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज निदेशालय और उनके नियत्रंणाधीन कार्यालय मंडलीय उप निदेशक (पंचायत), जिला पंचायत राज अधिकारी में कंप्यूटर ऑपरेटर का कोई पद सृजित न होने के कारण सेवा नियमावली बनाए जाने की आवश्यकता नहीं है।

## पकड़े जाये तो हाय तौबा न करे,गाड़ी पलट सकती है: राठौर

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



यूपी की योगी सरकार में मंत्री और बीजेपी के प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर ने प्रयागराज में हुए गोलीकांड को लेकर मंगलवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने अपराधियों को खुली चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि मैं अपराधियों से कहना चाहता हूं कि अगर पकड़े जाएं तो हाय-तौबा न करें, क्योंकि गाड़ी पलट सकती है। प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड को लेकर उनका बयान सामने आया है।मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने सदन में ही कहा था कि मिट्टी में मिला देंगे। अब इसकी शुरुआत हो चुकी है। मंत्री ने कहा कि किसी भी तरह के अपराध और अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। आपने देखा प्रयागराज में क्या हुआ? सभी अपराधी डरे हुए हैं। विपक्ष के आरोपों पर जेपीएस राठौर ने कहा कि विपक्ष का काम आरोप लगाना है। मैं कहता हूं कि हर तरह का अपराध कम हुआ है।इस घटना को अंजाम देने वालों में शामिल सदाकत खान की भाजपा नेता के पति के साथ फोटो को लेकर मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। दोषी किसी पार्टी का होगा, बख्शा नहीं जाएगा। सदाकत खान एलएलबी का स्टूडेंट है।इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मुस्लिम हॉस्टल में रहता है। सदाकत के कमरे में ही शूटरों की मीटिंग हुई थी। प्लानिंग की एक-एक डिटेल यहीं तैयार हुई थी। सदाकत को गिरफ्तार किया जा चुका है। पूछताछ में सदाकत ने बताया कि साबरमती जेल में बंद अतीक ने उमेश पाल की हत्या की साजिश रची। उसके कहने पर दो लोग बरेली जेल में बंद अशरफ से मिलने पहुंचे थे। जहां शूटरों का नाम और हत्या का पूरा प्लान तैयार हुआ। बताया जा रहा है कि यूपी एसटीएफ ने बरेली जेल में अशरफ से मिलने वालों का ब्यौरा मांगा है।जेपीएस राठौर के बयान पर अखिलेश यादव ने कहा कि कोई कुछ भी बोले लेकिन कानून और संविधान अपनी जगह पर है। क्या यह सरकार न्यायालय को नहीं मानेगी? कानून व्यवस्था को लेकर अखिलेश ने कहा कि डायलॉग से हालत नहीं सुधरेंगे। अखिलेश ने योगी सरकार पर हल्ला बोलते हुए कहा कि आपने मिट्टी में मिला देंगे डायलॉग बोल दिया, लेकिन कानपुर देहात से लेकर अमेठी तक हर जगह वारदात हो रही हैं। इसका क्या?

## पुलिस ने तीन लुटेरों को किया गिरफ्तार आरोपियों के हाथ में बना एके-47 का निशान

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

राजधानी पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ लखनऊ व जौनपुर जिले में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों ने कुछ समय पहले लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में एक लूट की वारदात को भी अंजाम दिया था। डीसीपी साउथ राहुल राज ने बताया कि लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के अलकनंदा चौराहे के पास बीते 23 फरवरी को आरोपियों ने शिवम त्रिपाठी नाम के एक युवक पर फायरिंग करते हुए उसका मोबाइल फोन लूट लिया था। सुशांत गोल्फ सिटी थाने के सिपाही अमर पाल ने एक आरोपी अभिनव सिंह को दौड़ाकर पकड़ लिया था। लेकिन दो आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे। इस मामले में शिवम त्रिपाठी ने सुशांत गोल्फसिटी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस और सर्विलांस टीम लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी।

बीती देर रात पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ बदमाश ईकाना स्टेडियम के पास झाड़ियों में छुपे हुए हैं। पुलिस ने घेराबंदी शुरू की तो आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। हालांकि सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने खुद को सुरक्षित रखते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने न सिर्फ मोबाइल लूटे बल्कि कई सराफा व्यवसायियों को भी निशाना बनाया। लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी शहर छोड़ देते थे। तीनों आरोपियों के हाथ में एके-47 का निशान बना हुआ है। पुलिस को आशंका है कि आरोपी किसी बड़े गिरोह के सक्रिय सदस्य भी हो सकते हैं। आरोपियों की तलाशी के दौरान एक देशी पिस्टल, एक देशी तमंचा, शिवम त्रिपाठी का लूटा हुआ मोबाइल व पांच अन्य मोबाइल फोन के साथ एक वाई-फाई राउटर भी बरामद हुआ है। आरोपी लूटे हुए मोबाइल में सिम कार्ड न डालकर वाई-फाई से मोबाइल में इंटरनेट एक्सेस कर व्हाट्सएप कॉल से एक-दूसरे से संपर्क करते थे। जिससे पुलिस आरोपियों की लोकेशन ट्रेस न कर सके। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी जौनपुर जिले के रहने वाले हैं।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

लखनऊ। आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम ट्रस्ट ,की ओर से ट्रस्ट मुख्यालय, 21 विक्रमादित्य मार्ग, लखनऊ ,में श्री अब्दुल नसीर नासिर चेयरमैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ट्रस्ट की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें श्री आसिफ जाफरी विक्रांत ,वरिष्ठ पत्रकार ,ने कहा कि मौजूदा दौर विज्ञान का दौर है हमको अपने बच्चों को विज्ञान की ओर ले जाना चाहिए, श्री अबरार अहमद फारुकी ने कहा मौजूदा दौर में हम सौ फीसद विज्ञान पर निर्भर हैं ,श्री फहद खान एडवोकेट ने कहा कि सर सी वी रमन को 1930 में नोबेल पुरस्कार मिला था वह पहले भारती व पहले एशियाई मूल के व्यक्ति थे, अजीज अनवर खां ने कहा कि 28 फरवरी को रमन प्रभाव का आविष्कार किया था इसलिए भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है आखिर में श्री नासिर ने कहा सर सी वी रमन ने वैज्ञानिकों का आवाहन किया था कि वह स्वतंत्र विचार और कठिन परिश्रम ष्करके ही मानव जीवन को सुखी बना सकते हैं जिस तरह आज हम इंटरनेट की बदौलत पूरी दुनिया को एक गांव की शक्ल में देख रहे हैं यह साइंस की ही देन है आज का दिन साइंस को सलाम करने का दिन है डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब ने भी साइंस और भौतिक विज्ञान के जरिए ही मिसाइल और अन्य अविष्कार किए थे आज हम देशवासियों को चाहिए साइंस की ओर अपने बच्चों को जरूर ले जाएं क्योंकि छात्रों में साइंस के प्रति उत्साह कम होता जा रहा है आखिर में मोहम्मद मुजीब ने आए हुए लोगों का धन्यवाद किया।

### विधानसभा में उठी बरेली कॉलेज को केंद्रीय विवि का दर्जा दिलाने की मांग

लखनऊ। बरेली कैंट से विधायक संजीव अग्रवाल ने आज विधानसभा में बरेली कॉलेज को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग उठाई।उन्होंने कहा कि जिले का सबसे पुराना बरेली कॉलेज केन्द्रीय विद्यालय होने के सभी मानक पूरे रखता है। बरेली कॉलेज के विश्वविद्यालय बनने से विद्यार्थियों को लाभ होगा। कॉलेज के शिक्षण कार्य व इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार होगा। जिले और आसपास के लाखों छात्रों को बेहतर शिक्षा लेने का सपना पूरा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि बरेली कॉलेज ब्रिटिश काल में स्थापित हुआ था। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 1965 में राष्ट्रभाषा हिंदी के आंदोलन में इसके छात्रों की भागीदारी रही। पहले यह कलकत्ता विश्वविद्यालय से संबद्ध था, फिर आगरा विश्वविद्यालय से संबद्ध हुआ। अब यह रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध है। 57 छात्रों से शुरू हुए इस ऐतिहासिक कॉलेज में इस समय 12 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं हैं। यदि इसे केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिलता है तो युवाओं को लाभ मिलेगा।कैंट विधायक ने कहा कि कई वर्षों से कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने का प्रस्ताव शासन स्तर पर अटका हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के सहयोग से कैंट विधानसभा क्षेत्र में काफी विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि कुछ महत्वपूर्ण कार्य प्रक्रिया में हैं, वे भी जल्द पूरे होंगे। उन्होंने सुभाषनगर पुलिया पर अंडरपास, बदायूं रोड पर बस अड्डा, वीरभट्टी मलिन बस्ती में 25 बेड का अस्पताल, बरेली में एम्स की स्थापना के साथ मेट्रो ट्रेन संचालन को शीघ्र हरी झंडी देने की मांग उठाई।

### होली पर चलेंगी परिवहन निगम 2065 अतिरिक्त बसें

लखनऊ। होली के पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम 2065 अतिरिक्त बसें चलाएगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि 07-08 मार्च को 20 क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की गयी है। प्रयागराज क्षेत्र में 140, कानपुर में 60, इटावा में 200, मुरादाबाद में 150, बरेली में 50, गाजियाबाद में 250, देवीपाटन में 40, आजमगढ़ में 50, लखनऊ में 60, मेरठ में 140, अयोध्या में 60, वाराणसी में 40, गोरखपुर में 300, अलीगढ़ में 65, नोएडा में 150, झांसी में 40, आगरा में 100, हरदोई में 60, चित्रकूट में 60 व सहारनपुर में 50 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की गयी है।

### युवा कल्याण विभाग के बजट में शेष धनराशि का शत प्रतिशत सदुपयोग हर हाल में किया जाये: सहगल

*निर्धारित अवधि में आवंटित धनराशि का व्यय न किये जाने पर अधिकारियों के विरूद्ध होगी कार्रवाई*



**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** । अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण डा0 नवनीत सहगल ने युवा कल्याण विभाग के वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में स्वीकृत बजट प्रावधानों एवं उसके सापेक्ष जारी स्वीकृतियों तथा व्यय में शेष धनराशि के संबंध में समीक्षा करते हुए कहा कि विभाग को आवंटित बजट का शत-प्रतिशत सदुपयोग वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व हर हाल में सुनिश्चित किया जाये। निर्धारित अवधि में संबंधित योजनाओं हेतु आवंटित धनराशि का व्यय न किये जाने की दशा में अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। अपर मुख्य सचिव ने आज अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माणाधीन ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण का कार्य तय समय-सीमा के अंदर सुनिश्चित कराया जाये और धन की उपयोगिता का प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेडियम एवं ओपन जिम का निर्माण कार्य प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि पुराने स्टेडियम के जीर्णोद्वार का कार्य जिला युवा कल्याण अधिकारी की देख-रेख में किया जाये। उन्होंने मुख्यमंत्री जी घोषणा और खेलो इण्डिया योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करने के कड़े निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में विशेष सचिव युवा कल्याण प्रशांत कुमार सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## 'पुरानी पेंशन बहाली हेतु कांग्रेस करेगी संघर्ष'

लखनऊ। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि जिस तरीके सरकार की तरफसे जवाब में वित्त राज्य मंत्री ने साफ कहा कि अब पुरानी पेंशन लागू करना संभव नहीं है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार सरकारी कर्मचारियों की हितों की अनदेखी कर रही है। वह उन्हें राहत देने के पक्ष में नहीं है। जबकि कर्मचारियों की यह मांग है कि पुरानी पेंशन बहाल की जाये जिस प्रकार से कांग्रेस शासित राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं हिमांचल में पुरानी पेंशन बहाल की गई है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता हम्माम वहीद ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के बाद सहारा है जिसके द्वारा वह अपना जीवन यापन करेंगे। कांग्रेस पार्टी इसके पक्ष है। पार्टी ने इसके लिए लगातार सदन से लेकर लड़क तक संघर्षरत रही है। अगर हिमांचल में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद 15 दिनों के बाद कर्मचारियों की पुरानी पेंशन (ओपीएस) बहाल हो सकती है तो उत्तर प्रदेश में यह सुविधा क्यों नहीं दी जा सकती है।

## बीजेपी ने फिर सुनील बंसल को सौंपी मिशन-2024 की कमान

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



दिल्ली की सत्ता का रास्ता यूपी से होकर ही गुजरता है। यूपी देश की राजनीति का दिशा तय करता है। सूबे में 80 लोकसभा सीटें है। 2014 की अपेक्षा 2019 के चुनाव में बीजेपी को कम सीटें मिली लेकिन 2024 में बीजेपी का सूबे की सभी 80 सीटें जीतने का टारगेट है। पार्टी देश की सत्ता पर तीसरी बार काबिज होने के लिए कोई सियासी रिस्क नहीं लेना चाहती।

बीजेपी ने एक बार फिर सुनील बंसल को यूपी में मिशन-2024 की जिम्मेदारी सौंपी है बीजेपी यूपी में लोकसभा चुनाव में क्लीन स्वीप करने की रणनीति पर काम कर रही है। बीजेपी का मिशन-2024 के लिए सबसे ज्यादा फोकस 2019 में यूपी की हारी हुई लोकसभा सीटों पर है, जिसे 2024 में जीतने के लिए पार्टी ने मशक्कत शुरू कर दी है। यूपी के मिशन-80 लक्ष्य के मद्देनजर हारी हुई 14 लोकसभा सीटों के लिए बीजेपी ताकत झोंकने की तैयारी है, जिसकी मुख्य जिम्मेदारी सुनील बंसल के कंधों पर है। बीजेपी ने हारी हुई सीटों पर प्रभारी बनाए हैं, जो बंसल के मार्ग दर्शन में काम करेंगे। लोकसभा चुनाव के लिए मिशन-80 का लक्ष्य के मद्देनजर हारी हुई 14 सीटों के लिए पार्टी ने पूरी ताकत झोंकने की तैयारी कर ली है। बीजेपी ने इन सीटों पर संयोजक और सह संयोजक नियुक्त किए हैं। पार्टी ने 3-3 लोकसभा सीटों के लिए कलस्टर बनाकर प्रभारी भी नियुक्त किए हैं। बीजेपी की इस रणनीति को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल को कमान सौंपी गई है, जो 2 मार्च को प्रदेश मुख्यालय पर हारी हुई 14 सीटों को जीतने के लिए मंथन करेंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव में हारी हुई 14 सीटों पर जीत के लिए बीजेपी संगठन की ओर से अमरपाल मौर्य को संयोजक, कलावती सिंह और विजय शिवहरे को सह संयोजक नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर प्रभार राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल को दिया गया है। पार्टी पदाधिकारियों को प्रभारी नियुक्त करते हुए राज्यमंत्री जसवंत सिंह और मुकुट बिहारी वर्मा को जिम्मदारी दी गई है। बीजेपी ने पहले से चार केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, अश्वनी वैष्णव, जितेंद्र सिंह और अन्नपूर्णा देवी को अलग-अलग सीटों का प्रभार दिया है। 2014 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने यूपी की 80 में से 73 सीटें जीती थी। बीजेपी 71 और अनुप्रिया पटेल की अपना दल ने दो सीटों पर कब्जा जमाया था, लेकिन 2019 के चुनाव में सपा-बसपा-आरएलडी गठबंधन के चलते बीजेपी का समीकरण गड़बड़ा गया था। बीजेपी गठबंधन 80 लोकसभा सीटों में से 64 सीटें ही जीत सका था। इस तरह से 2014 की जीती अपनी 9 सीटें 2019 में गंवा दी थी।लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी को बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, रायबरेली, घोसी, लालगंज, जौनपुर, अंबेडकर नगर, गाजीपुर, श्रावस्ती, मैनपुरी, सहारनपुर, आजमगढ़, रामपुर और नगीना इन 16 सीटों पर हार मिली थी। इन 16 सीटों में से 10 बसपा, पांच सपा और एक कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, लेकिन बीजेपी ने उपचुनाव में आजमगढ़ और रामपुर की सीट पर जीत हासिल की थी।

इस तरह से अब बीजेपी का फोकस 14 सीटों पर है, जिसके लिए अपने अहम नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।उत्तर प्रदेश में बीजेपी को जीत दिलाने का ट्रैक रिकार्ड सुनील बंसल का शानदार रहा है। यूपी के संगठन महामंत्री पद पर रहते हुए सुनील बंसल ने 2014 व 2019 के लोकसभा और 2017 व 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की थी। पिछले साल बीजेपी ने सुनील बंसल को यूपी संगठन महामंत्री से प्रमोशन करके राष्ट्रीय महामंत्री का जिम्मा सौंपा था और उन्हें तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और ओडिशा का प्रभारी बनाया गया है। सुनील बंसल को गृहमंत्री अमित शाह का करीबी माना जाता है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को यूपी से बड़ी जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यूपी में 2014 लोकसभा चुनाव के दौरान अमित शाह के साथ यूपी संगठन को दुरुस्त करते हुए चुनावी रणनीति तय की थी।

## केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने पांच दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



सूचना प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो लखनऊ द्वारा ''आठ साल-सेवा,सुशासन, गरीब कल्याण एवम नारी शक्ति'' विषय पर आई.टी.आई. संस्थान में आयोजित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय आवासन एवम शहरी मामलों के राज्य मंत्री कौशल किशोर ने किया। हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहनों को रवाना किया ।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए, केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि छात्राओं को महिलाओं से जुडी योजनाओं के बारे में जानकारी रखनी चाहिये। ताकि वो इस योजनाओं से मिलने वाले लाभ को उठाकर आत्मनिर्भर बन सके।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की अगुवाई में महिलाओं को बिना गारंटी के 10 लाख से 1 करोड़ तक का लोन दिया जा रहा है। ताकि एक आम महिला भी बड़ी उद्दमी बन सके। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना,स्टैंड अप योजना आदि के बारे में महिलाओं को अध्ययन करना चाहिये। साथ ही महिलाओं द्वारा कारखाना खोलने पर केंद्र सरकार द्वारा 35 प्रतिशत तक मदद दी जा रही है। ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 30 लाख करोड़ से भी अधिक की राशि का निवेश राज्यों में युवाओं को राजगार दिलायेगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नशा एक सामाजिक अपराध है। देश के युवा नेश की चपेट में आकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे है। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर दूरदर्शन के पूर्व अपर महानिदेशक आर पी सरोज,पीआईबी व केंद्रीय संचार ब्यूरों के अपर महानिदेशक विजय कुमार और सीबीसी के निदेशक मनोज वर्मा भी उपस्थितरहें। चित्र प्रदर्शनी के दौरान कौशल किशोर, आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री ने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा लगे स्टालों का निरीक्षण किया। सेल्फी प्वाइंट पर फोटो भी खिंचाई।

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति तूलिका रानी 3 मार्च को कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस चित्र प्रदर्शनी में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की स्टॉल भी लगाई जाएगी। जनता के लिए यह प्रदर्शनी पूरी तरह से निःशुल्क होगी। नेहरु युवा केंद्र के स्वयंसेवी मंच पर 2 मार्च को प्रदर्शन कर लोगों का मनोरंजन करेंगे।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष को हटाया गया

**लखनऊ सं।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष संजय सिंह को पद से हटा दिया गया है परिषद के अध्यक्ष एसपी तिवारी ने यूपी राज्य कर/ मिनिस्टीरियल स्टाफ एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय को छह सितंबर को ही परिषद में उच्च पद पर नियुक्त किया गया था परिषद के महामंत्री आरके निगम ने बताया कि संगठन के हित को देखते हुए संजय को हटाने का निर्णय लिया गया है ।

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की कानपुर विवि के नैक मूल्यांकन की समीक्षा

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के नैक हेतु मूल्यांकन के लिए तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। विश्वविद्यालय पहले भी दो बार नैक में ग्रेडिंग प्राप्त कर चुका है। अब तीसरी बार नैक हेतु अपनी सेल्फ स्टडी रिपोर्ट तैयार कर रहा है। राज्यपाल ने एसएसआर के सभी सातों क्राइटेरिया पर विश्वविद्यालय की नैक तैयारियों हेतु गठित कमेटी के सदस्यों से जानकारी ली। विविध बिंदुओं पर आवश्यक सुधार के निर्देश के साथ राज्यपाल ने प्रस्तुतिकरण को सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही निर्देश दिया कि नैक तैयारियों की सभी बैठकें विश्वविद्यालय के कार्यों तथा शिक्षण कार्य के उपरांत ही की जाएं। प्रस्तुतिकरण में प्रदर्शित फोटोग्राफ पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने सभी फोटोग्राफ में कार्यक्रम के विवरण का कैप्शन अंकित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर की व्यवस्थाओं को दर्शाने वाले सभी फोटोग्राफ में विद्यार्थियों की उपस्थिति युक्त फोटो लगाने को कहा है। साथ ही लाइब्रेरी खोलने की समय-सीमा बढ़ाने, प्रयोगशालाओं को 24 घंटे खोलने, पुस्तकालय में क्षेत्रीय भाषा की पुस्तकों को शामिल करने, छात्रावास में छात्रावास-पासपोर्ट व्यवस्था, शोध ग्रन्थों को शत-प्रतिशत शोध गंगा पर अपलोड करने, दीक्षांत समारोह के दौरान डिजी लॉकर में डिग्री अपलोड का प्रत्यक्ष प्रदर्शन दर्शाने के सुझाव दिए। प्रस्तुतिकरण में विश्वविद्यालय की गतिविधियों को प्रमुखता से दर्शाने का निर्देश देते हुए राज्यपाल ने इसमें विश्वविद्यालय द्वारा अपने परिसर तथा गोद लिए गाँवों तथा अन्य स्थानों पर कैम्प लगाकर दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं परिसर में स्थापित हैप्पीनेस सेंटर की प्रमुख विशेषताओं को सुदृढ़ता से प्रस्तुत करने को कहा है।

# कार्यकत्रियां पोषाहार का समय से कराएं वितरण : डीएम

- डीएमने जिला पोषण समिति की ली बैठक
- सीडीपीओ करनैलगंज, कटरा बाजार, छपिया, हलधरमऊ तथा इटियाथोक का वेतन रोकने के दिये निर्देश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक जिलाधिकारी डाक्टर उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं, किशोरियों को पोषण स्तर में सुधार लाने एवं उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति एवं कंवर्जेंस विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार ने कहा कि सरकार बच्चों, गर्भवती, धात्री, किशोरियों, महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। गर्भवती महिलाओं की निरंतर निगरानी की जाए एवं बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजगता रखने के लिए जागरूक करें। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बजन मशीन आदि जो भी उपकरण दिए गए हैं, उन्हें क्रियाशील रखें। आशा और आंगनबाडी कार्यकत्री आपस में समन्वय बनाकर महिलाओं को



जागरुक करके उन्हें स्वास्थ्य लाभ और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दे।

बैठक में पोषण ट्रैकर पर फीडिंग न होने के कारण सीडीपीओ करनैलगंज, कटरा बाजार, छपिया, हलधरमऊ तथा इटियाथोक का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। साथ ही सभी संबंधित को निर्देश दिये हैं कि सभी लाभार्थियों की डाटा फीडिंग समय से कराया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बच्चों का टीकाकरण कराया जाए, गर्भवती महिलाओं को समय से प्रसव सेंटर भेजा जाए, समय से पोषाहार का वितरण किया जाये। साथ ही उन्होंने डीपीओ को निर्देश दिए कि सरकारी योजना का लाभ पात्र तक पहुंचाने के लिये आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र गौतम, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला प्रोवेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पाण्डेय, श्रम प्रर्वतन अधिकारी योगेश दीक्षित, पंचायत राज विभाग, पशुपालन विभाग, एसीएमओ सहित समस्त सीडीपीओ व सुपरवाइजर तथा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के विभिन्न मुहल्लों में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने मंगलवार को अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

मिली जानकारी के मुताबिक सरयू डिग्री कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राथमिक विद्यालय बरवलिया प्रथम में किया गया है। शिविर के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें सत्येंद्र कश्यप ,धन कुमार, सपना, लक्ष्मी, शिवानी, शबनूर अंसारी, सुमैया,निदा को ग्रुप लीडर बनाया गया।



स्वच्छता के बारे में कंजरपुरवा, कुम्हरगढ़ी, नचनी, मेहंदी हाता, सारीपुरवा, मिस्कौट में लोगों को घर घर जाकर जागरूक किया गया। स्वच्छता को अपनाना है गंदगी को दूर भगाना है, हमने यह ठाना है स्वच्छ भारत बनाना है आदि स्लोगन व बातचीत से लोगों को जागरूक किया। दोपहर बाद द्वितीय सत्र के बौद्धिक कार्यक्रम में तकनीकी एवं स्वास्थ्य विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आरबी सिंह ने छात्रों को तकनीकी सुविधाओं द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्य लाभ के बारे में विस्तार से बताया। महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री मार्शल स्टालिन ने स्वास्थ्य के बारे में लोगों को जागरूक किया।

इस अवसर पर प्राध्यापक शिव कुमार मौर्य, प्रवेश कुमार, उमेश पाठक, प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सोनिया गुप्ता, ममता सिंह सहायक अध्यापक, ममता मिश्रा, विजय कुमार यादव, काजल सिंह, प्रीति, भारती, अंशिका, संध्या, प्रियांशी, रूबी, संतराम, रोहित, शिवा आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।



## श्री खाटू श्याम का विशाल जागरण व भंडारे का किया गया आयोजन

**करनैलगंज /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** हम लाडले खाटू वाले के सेवा समिति के तत्वाधान में नगर के पजावा पर बाबा श्याम का विशाल जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया। जहां अन्य जिलों व प्रदेशो से आए कलाकारों ने बाबा श्याम के भजनों का गुणगान किया जिस पर भक्त जमकर झूमें। नगर के पजावा मोहल्ले में हम लाडले खाटू वाले के सेवा समिति के तत्वाधान में नगर श्री खाटू श्याम का विशाल जागरण का आयोजन किया गया व भंडारे का आयोजन किया गया। विधि विधान के साथ बाबा श्याम की पूजा अर्चना की गई उसके बाद गायक कलाकार शिवा पंडित ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। बाबा का विशाल भव्य दरबार विभिन्न प्रकार के फूलों व लाइटों से सजाया गया। कार्यक्रम में गोंडा से आये पंकज निगम, कानपुर की आराधना शुक्ला, पटियाला के विशाल सैनी, दीपा मिश्रा कुमार वैभव आदि गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पेश कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन रामजीलाल मोदनवाल, अमित सिंघानिया, श्याम जी गुप्ता, अनिल गुप्ता, रामजी गुप्ता, शिव कुमार कांदु, आशीष सोनी, नंदकुमार, पुनीत, दिनेश सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पीड़ित महिला ने पुलिस पर लगाया गंभीर आरोप

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

- सीएम सहित आला अधिकारियों से की शिकायत



जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के लौव्वावीरपुर गाँव की निवासिनी दलित महिला रानी देवी पत्नी भभूती ने क्षेत्राधिकारी तरबगंज और उनके पीआरओ सहित अन्य पुलिस कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाये हैं और मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक सहित सूबे के आला अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर न्यायोचित कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के मुताबिक दलित महिला रानी देवी ने बताया कि बीते 04 दिसंबर को उसकी देवरानी पूजा पत्नी दिलीप से गांव के प्रधान पति और उनके गुर्गों ने छेड़खानी की, जिसका विरोध करने पर असलहे के बल पर घर में घुस कर परिजनों सहित पीडिता को मारा-पीटा। साथ ही घर में रखा सामान भी तोड़ दिया था। स्थानीय पुलिस पहले तो लीपापोती में जुटी रही लेकिन जनपद के उच्चाधिकारियों के आदेश पर घटना के एक हफ्ते बाद प्रधान पति जितेंद्र तिवारी सहित कुल 05 लोगों पर आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। महिला का आरोप है कि उस समय अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव ने दबाव बनाकर तहरीर बदलवा दी और छेड़खानी की धारा का समावेश मुकदमे में नहीं किया गया,जिसके बाद 14 दिसंबर को रानी ने राज्य महिला आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का दरवाजा खटखटाया। जिस पर संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के द्वारा पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर को उक्त प्रकरण की विवेचना अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में कराने और धारा 161 और 164 का बयान दर्ज कराते हुए सुसंगत धाराओं के समावेश कराने के साथ समुचित सुरक्षा व्यवस्था पीड़िता को दिलाने हेतु पत्र भी लिखा था। पीड़ित दलित महिला ने उक्त प्रकरण में विवेचक की भूमिका पर सवाल खड़े किए हैं। पीडिता ने मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल, प्रमुख सचिव सहित सूबे के कई आला अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर निष्पक्ष जांच कराने और सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। वहीं पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद से ही विपक्षीगण पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# सेवानिवृत्त हुए उपायुक्त उद्योग राममिलन, अधिकारियों व कर्मचारियों ने दी विदाई

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

उपायुक्त उद्योग राममिलन मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। उपायुक्त उद्योग के सेवानिवृत्त होने पर उद्योग भवन सभागार में विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों व व्यापारियों ने विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी।अधिकारियों के साथ कर्मचारियों ने उन्हें उपहार व बुके भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुनमौली ने उपायुक्त उद्योग कों फूलमाला पहनाकर उनके कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा से सेवामुक्त एक स्वत प्रक्रिया होती है। सभी को एक दिन सेवा मुक्त होना है, लेकिन सेवानिवृत्ति का वह क्षण बेहद सुखद होता है, जब बेदाग



सेवानिवृति होने का अवसर प्राप्त हो। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन के दौरान उपायुक्त उद्योग द्वारा दी गई सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपनी सेवा के दौरान विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने कभी तनाव से काम नहीं किया। हर विकट परिस्थिति का सामना करते हुए काम को निरंतर करते गए सफलता प्राप्त की।जिले में लगभग उनकी सेवा तीन साल की रही। उन्होंने व्यापार के उद्योगके कार्यों को गति देने का काम किया। उन्होंने विभाग के हर छोटे-बड़े कर्मियों को सम्मान दिया। उपायुक्त उद्योग राममिलन ने अपने जीवन के हर क्षण को अपने सहकर्मियों के साथ साझा किया। मुख्य विकास अधिकारी ने उपायुक्त उद्योग राममिलन द्वारा दी गई सेवा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उपायुक्त उद्योग ने पूर्ण सेवा के साथ अपने दायित्वों का निर्वाह किया। सेवानिवृत्त के अंतिम दिन तक भी अपने कार्यों को सरलता व सहजता के साथ पूरा किया। मुख्य विकास अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने संबोधन के दौरान उपायुक्त उद्योग राममिलन के स्वस्थ्य मंगल जीवन की कामना की।

# विज्ञान क्लब गोंडा ने आयोजित की जिला स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

विद्यार्थियों को अपनी क्षमता को देखते हुए अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और लक्ष्य प्राप्ति के लिए वैज्ञानिक चिंतन के साथ संकल्पबद्ध होते हुए प्रयासरत रहना चाहिए उक्त बातें सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज बहराइच रोड गोंडा में जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जिलाधिकारी उज्ज्वल कुमार ने कही विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए मुख्य विकास अधिकारी एम .अरुणमोली ने कहा विज्ञान का प्रयोग मानवता के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए ,वहीं विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए संयुक्त निदेशक आनंदकर पांडे ने बच्चों को वैज्ञानिक जीवनशैली अपनाने लिए प्रेरित किया ।जिला विज्ञान क्लब के सचिव जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने अपने उद्बोधन में सर सीवी रमन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। जिला विज्ञान क्लब की समन्वयक क्लब की डॉ रेखा शर्मा ने कार्यक्रम की रुपरेखा प्रकाश डालते हुए जिला विज्ञान क्लब के उद्देश्यों एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। मंच संचालन मायाशंकर जोशी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य एस. पी. पाठक ने किया।

इस अवसर पर वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान विषय पर जिला स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें निर्णायक की भूमिका में पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रवक्ता अभिषेक तिवारी ,आशीष मिश्रा, अमरेंद्र प्रताप सिंह एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के बीसीए विभाग के असि. प्रोफेसर इं. अभय दुबे रहे। उक्त कार्यक्रम में 32 विद्यालयों के 250 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। राष्ट्रीय बालिका इंटर कॉलेज की हर्षिता जिसने स्मार्टहोम बनाया प्रथम रही, द्वितीय स्थान पर सरस्वती विद्या मंदिर इटियाथोक के अभिषेक कश्यप रहे जिन्होंने हाइड्रोपोनिक्स खेती पर मॉडल तैयार किया वहीं तृतीय स्थान पर नारायण पब्लिक स्कूल के सौरव सिंह रहे जिन्होंने सोलर ट्रैकिंग सिस्टम पर मॉडल तैयार किया। प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र के साथ नगद धनराशि तीन हजार (प्रथम),दो हजार (द्वितीय), और 1000 (तृतीय) प्रदान की गई वहीं पॉलिटेक्निक के छात्र रोहित मिश्रा को जिन्होंने वायरलेस चार्जिंग सिस्टम पर मॉडल बनाया 3000 कैश प्राइज के साथ स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भी से सम्मानित किया गया। मंडल स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए कुल 15 मॉडल चयनित किए गए कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य गीता त्रिपाठी, माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अजीत सिंह, अभय श्रीवास्तव, एस. सी. जायसवाल का सहयोग सराहनीय रहा।

# रोडवेज बसों की भिड़ंत में 25 यात्री घायल

- तीन की हालत गंभीर
- तेज रफ्तार रोडवेज बस बलरामपुर से लखनऊ और लखनऊ से गोण्डा जा रही थी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जरवलरोड थाना अंतर्गत बहराइच- लखनऊ मार्ग पर मंगलवार को दोपहर के समय दो रोडवेज बसों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में लगभग 25 लोग घायल हुए हैं। हादसा बहराइच लखनऊ मार्ग पर जरवल रोड थाना अंतर्गत चुरईपुरवा गांव के निकट हुआ। सूचना पाकर पुलिस पहुंची है मौके पर दोनों तरफ लंबा जाम लगा हुआ है। वाहनों का



आवागमन बुरी तरह से प्रभावित था । लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर जरवल रोड थाना क्षेत्र में रिठौढा मोड़ के पास मंगलवार दोपहर तेज बलरामपुर से लखनऊ और लखनऊ से गोण्डा जा रही तेज रफ्तार रोडवेज बस की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर लगने से बसों के परखच्चे उड़ गए। यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।सूचना पर पहुंची पुलिस प्रशासन ने बच्चा राम मौर्य (65) बलरामपुर, इकबाल अहमद (62) बलरामपुर ,विनोद कुमार यादव (38) बलरामपुर, सुरेश मौर्य (37) बहराइच, अतुल सिंह (28) परसपुर गोंडा, नारायण दास मिश्रा (32) परसपुर गोंडा, मधु (40) गोलागंज लखनऊ ,अमर सिंह(35) तिवारी पुरवा गोंडा ,मिस्बा (6) बलरामपुर ,रईसा (50) बलरामपुर, फरजाना (16) बलरामपुर, प्रेमचंद शर्मा (59) बलरामपुर, नईम मोहम्मद (55) बलरामपुर, पुष्पा देवी (45) चूड़ी मार्केट बलरामपुर, विक्की (18),सकील अहमद (40) जरवल बहराइच, छेदाना (60) जरवल बहराइच समेत दो दर्जन घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया गया है।इलाज के बाद डॉक्टरों ने अतुल सिंह, नारायण दास मिश्रा, नईम अहमद की हालत गंभीर देख डाक्टरों ने मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया है। सीएचसी अधीक्षक निखिल सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज किया गया है। तीन की हालत गम्भीर थी,जिन्हें मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है।हादसे का कारण चालकों को झपकी आना बताया जा रहा है।

# सेवानिवृत्त उप निरीक्षक को दबंगों ने जमकर पीटा, गंभीर

- तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज
- एक अस्पताल में मैनेजर का काम कर रहे हैं रिटायर दरोगा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए उप निरीक्षक को रात में कुछ दबंगों ने शहर में जमकर पीटा। जिससे उनका सिर फट गया। सेवानिवृत्त उप निरीक्षक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गाजीपुर जिला निवासी मेराज अहमद (65) पुत्र अली हसन सेवा निवृत्त उप निरीक्षक हैं। जिले के सिंघा परासी गांव में संचालित ग्लोबल अस्पताल से वह मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। अस्पताल में भर्ती उप निरीक्षक ने बताया कि कुछ दिन उसका लोगों से इलाज के मामले को लेकर विवाद हुआ था। जिसे सभी काफी नाराज थे। देख लेने की धमकी दी थी। सोमवार रात में रिटायर दरोगा दरगाह थाना क्षेत्र के कैलाश होटल के निकट मौजूद थे। तभी तीन लोग पहुंचे। दबंगों ने लाठी डंडे और रॉड से जमकर पिटाई की। दबंगों के हमले में घायल सेवानिवृत्त उप निरीक्षक जमीन पर गिर गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक राम दवन मौर्य ने बताया कि तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट करने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# घण्टाघर की तरफ नहीं जा सकेंगे भारी वाहन

- नगर क्षेत्र में लागू की गई नई व्यवस्था

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

आमजनमानस की सुविधा के दृष्टिगत नगर क्षेत्र को जाम की समस्या से निजात देने तथा सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अग्रिम आदेशों तक घण्टाघर की तरफ जाने वाले सभी प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी आदेश के अनुसार जनपद लखनऊ से चलकर तिकोनी बाग होते हुए छावनी को जाने वाले भारी वाहन तिकोनी बाग चौराहे से मुड़कर झिंगहा



घाट होते हुए जाएंगे, डीएम तिराहा से घंटाघर, गुरुनानक चौक से घंटाघर, छावनी से घंटाघर तथा चांदपुरा से घंटाघर को जाने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहनो का प्रवेश वर्जित रहेगा। प्रशासन द्वारा दी गई व्यवस्था के अनुसार छावनी व चांदपुरा से घंटाघर होकर तिकोनी बाग को जाने वाले भारी वाहन झिंगहाघाट होते हुए तिकोनी बाग को जाएंगे।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक का फोटो वायरल, तलाश में पुलिस



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली नानपारा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की जिले में इंटरनेट पर फोटो वायरल हो रहा है। युवक फोटो में तमंचे में कारतूस लगा रहा है। पुलिस ने फोटो के आधार पर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत धनौली खुर्द डिहवा गांव निवासी एक युवक हाथ में अवैध तमंचा और कारतूस लिया। इसके बाद वह तमंचे में कारतूस लगा रहा है। किसी दूसरे साथी से युवक ने फेसबुक पर डाली। इसके बाद उसे शेयर कर दिया। जिले में सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हो रही है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है। हलका दरोगा और पुलिस टीम को युवक के घर भेजा गया है।


# भाजपा नेता के घर से चोरों ने पार किए 25 हजार की नकदी, सोने के जेवरात व बर्तन

- चौकी से महज 50 मीटर की दूरी पर चोरो ने किया हाथ साफ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के मोहल्ला कानूनगो पुरा निवासी भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष के मकान में देर रात को चोर घुस गए।

चोरों ने बाहर से दरवाजा बंद कर हजारों रुपए की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। सुबह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोरी की जांच की है। कोतवाली नगर के मोहल्ला कानूनगो पुरा



दक्षिणी निवासी संतोष पांडेय भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष हैं। उनका मकान चौकी से महज 50 मीटर की दूरी पर है।

सोमवार रात को चोर मौके पर पहुंचे। चोरों ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष के मकान में रह रहे परिवार का कमरा बाहर से बंद कर दिया। इसके बस चोरों ने 25 हजार रूपये नकदी, सोने के जेवरात, कपड़ा, बर्तन, मोबाइल और लेकर चले गए।

सुबह चोरी की जानकारी हुई तो डायल 112 पुलिस को जानकारी दी गई। कोतवाल शैलेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने जांच की है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जायेगा।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

- पीआरडी जवान सहित 3 घायल
- दो की हालत गंभीर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

तिलक समारोह से देर रात घर लौट रहे बाइक सवार युवकों को पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक उछलकर ड्यूटी पर खड़े पीआरडी जवान से जा टकराई। दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ड्यूटी पर तैनात पीआरडी जवानों को भी गंभीर चोटें आई है, दोनों घायलों को पुलिस की मदद से स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद पहुंचाया गया। हालत गंभीर देख डाक्टरों ने दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया है। बाराबंकी जिले के रामनगर ग्राम माधवपुर निवासी 25 वर्षीय विकास पुत्र शिवराम अपने दो अन्य मित्रों के साथ बाइक से सोमवार रात करीब 12 बजे तिलक समारोह कार्यक्रम को निपटा कर घर लौट रहे थे। जरवलरोड थाना अंतर्गत बस स्टॉप तिराहे के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी।वहीं जोरदार टक्कर से बाइक उछलकर करीब 30 फुट दूर मौर्य बाइक एजेंसी के सामने बस स्टॉप तिराहे पर ड्यूटी पर खड़े पीआरडी जवान ग्राम पंचायत तपेसिपाह मथुरा पुरवा निवासी 45 वर्षीय राम सागर पुत्र मिश्रीलाल और रामफेर (48) पुत्र रामविलास निवासी ग्राम पंचायत तपेसिपाह बाबा पुरवा से टकरा गयी। जबकि बाइक सवार बाराबंकी के रामनगर ग्राम माधवपुर निवासी 32 वर्षीय सूर्य प्रकाश अवस्थी पुत्र घनश्याम अवस्थी और 28 वर्षीय विमलेश पुत्र परसुराम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विकास गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर अवस्था में सभी घायलों को मुस्तफाबाद स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर सुनील सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद विकास व पीआरडी जवान रामसागर की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया है। जबकि पीआरडी जवान रामफेर का इलाज सीएचसी में चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक जरवल रोड राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक समेत फरार हो गया।

## पति से विवाद के बाद पत्नी ने फंदा लगाकर दी जान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** महोली गांव निवासी विवाहिता ने पति से पारिवारिक मामलों को लेकर हुए विवाद के बाद फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महोली निवासी सरिता (20) पुत्री राम मनोहर का विवाह छह माह पूर्व राम कुमार के साथ हुआ था। सोमवार शाम को महिला का अपने पति से पारिवारिक मामलों को लेकर विवाद हो गया। इससे नाराज महिला ने क्षुब्ध होकर फंदा लगाकर जान दे दी। परिवार के लोगों ने पुलिस को घटना से अवगत कराया। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभी मायके की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर जांच के बाद कार्यवाई होगी।

# मानक के अनुरुप संचालित हो सभी आंगनबाड़ी केन्द्र : डीएम

- वीएचएसएनडी सत्रों का नोडल अधिकारी नियमित रूप से करें निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति/कन्वर्जेन्स समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ओ.पी. चौधरी, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी तथा राजस्व गॉव गोद लेने वाले सम्बन्धित अधिकारी, प्रभारी



चिकित्साधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे। बैठक के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रो पर बच्चों की उपस्थिति की समीक्षा के दौरान समस्त सीडीपीओ को निर्देश दिये गये कि आंगनबाड़ी केन्द्रो पर 50 प्रतिशत से अधिक बच्चो की उपस्थिति दर्ज कराई जाए। टी.एच.आर. यूनिट में आपूर्तित गेहूं/खाद्य सामग्री वितरण कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि शत-प्रतिशत केन्द्रों पर मानक के अनुसार वितरण सुनिश्चित कराया जाय। पोषण ट्रैकर एप पर फीडिंग कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि समस्त बिन्दुओं की फीडिंग का कार्य समयबद्धता के साथ कराया जाय। विकास खण्ड तेजवापुर, शिवपुर व नवाबगंज में फीडिंग कार्य 20 प्रतिशत से कम पाए जाने पर डीएम ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि 03 दिवस में सुधार लाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित को प्रतिकूल प्रविष्टि से दण्डित किया जाएगा। समस्त सीडीपीओ को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो की परियोजना कार्यालय पर तत्काल बैठक आयोजित कर पोषण ट्रैकर एप पर फीडिंग के बारे मे प्रशिक्षण देकर प्रगति शत प्रतिशत बढ़ाये जाने के साथ अपने अधीनस्थ कर्मचारियो पर नियन्त्रण रखने निर्देश दिये गये।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

## जनपद में अवैध वाहन स्टैंड किसी भी हाल में नहीं होने चाहिए : जिलाधिकारी

रायबरेली, समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कहा कि सड़क जाम की समस्या के समाधान के लिए एक कार्य योजना प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि कार्य योजना में समुचित सुझाव एवं उपायों का समावेश करते हुए उपलब्ध संसाधनों द्वारा ट्रैफिक समस्या के समाधान निकालने के प्रयास किये जाए। उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अभी से वे स्थान चिन्हित कर लिए जाएं कहां पर दुकाने आदि लगेंगी तथा पार्किंग की व्यवस्था कहां पर रहेगी।




जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव बचत भवन सभगार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि परिवहन विभाग अपने परिवर्तन कार्य को तेज करे तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध चालान किया जाए तथा नियमानुसार अन्य कार्यवाही भी की जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि जनवरी माह में यातायात नियमों के उल्लंघन के विभिन्न मामलों में 12163 चालान किये गये।

### सड़क जाम की समस्या के समाधान के लिए कार्य योजना प्रस्तुत करें

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अवैध वाहन स्टैंड किसी भी हाल में नहीं होने चाहिए, केवल वैध टैक्सी स्टैंड आदि को ही बनाये रखा जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि पिछले दिनों अवैध टैक्सी स्टैंड हटाए जा चुके है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में आने जाने वाली सड़कों तथा राज एवं राज्य मार्गो पर करीबी अस्पतालों की सूचना पट लगाये जाने के निर्देश दिये गये थे। उन्हें अवगत कराया गया कि वर्तमान में रायबरेली से प्रयागराज के बीच मार्ग पर इस प्रकार के सूचना पट लगा दिये गये है। शेष मार्गो पर शीघ्र ही लगा दिये जायेंगे। एनएचआई के प्रतिनिधि ने यह भी अवगत कराया कि राजमार्ग पर पैट्रोलिंग की समुचित व्यवस्था है एवं सभी टोल पर एम्बुलेंस तथा क्रेन की व्यवस्था भी रहती है।
जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने निर्देश दिये कि परिवहन के परिवर्तन के कार्य, सड़कों के ब्लैक स्पॉट के कार्य नियमानुसार तेज किये जाएं तथा अतिक्रमण की समस्या के समाधान के लिए भी त्वरित प्रयास किये जाएं। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण भी ट्रैफिक समस्या का एक कारण है, इसके समाधान के लिए उक्त कार्य योजना में समुचित प्राविधान किये जाएं।

# लालगंज पुलिस को चुनौती दे रहा चोरों का गिरोह

- कोतवाली से सौ मीटर दूर चोरो ने लाखो का माल किया साफ
- चोरी की वारदातों से पुलिस पेट्रोलिंग और रात्रि गश्त पर खड़े हो रहे सवाल
- क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को लगाम लगाने मे नाकाम दिख रही स्थानीय पुलिस
- बीती कई चोरियों का खुलासा करने मे असफल रही है लालगंज पुलिस



लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार हो रही चोरी की घटना से लोग काफी परेशान है. हालात यह है कि क्षेत्र में चोरों के गिरोह काफी सक्रिय हैं और चोरों ने लोगों की नींद उड़ाकर रख दी है। वहीं पुलिस की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा है। चोरी की घटनाएं होती चली जा रही है और पुलिस चोरों का सुराग तक नहीं लगा पा रही है।

ताजा मामला कोतवाली क्षेत्र के महज सौ मीटर दूरी स्थित पूरे देवी कोरिहरा गांव का है। जहां बीती रात चोरों ने गांव निवासी सुमन देवी पत्नी संतोष कुमार के घर में छत के दरवाजे से नीचे आ गए और घर मे रखें लाखों के जेवरात सहित पैंतालीस सौ रुपये पार कर दिया। घर मालिक ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। आपको बता दें कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में भी आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों का कहना है चोर लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं लेकिन लालगंज पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है जैसे तैसे मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं लेकिन चोर है कि उस पर हाथ साफ कर रहे हैं.।लगातार क्षेत्र में हो रही ताबड़तोड़ चोरियों की वारदात से पुलिस पेट्रोलिंग और रात्रि गश्त पर सवाल खड़े हो रहें हैं। अब देखने वाली बात यह होगी की कोतवाल शिव शंकर सिंह के लिए चुनौती बन रही क्षेत्र मे चोरी की घटनाओं पर विराम लगा चोरी की घटनाओं का खुलासा कर पाएंगे ये तो आने वाला समय बताएगा।

## खबरें एक नजर में

### श्री दोसर वैश्य परिवार के तीन युगलों ने अग्नि को साक्षी मानकर लिए सात फेरे

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** दोसर वैश्य परिवार के तीन युगलों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए वही वर–वधू ने नगर के प्रसिद्ध मंदिरों में माथा टेक कर मंगल जीवन की कामना की। कस्बे के श्री दोसर वैश्य परिवार के तत्वाधान में बाईपास रोड स्थित उमा गेस्ट हाउस में आयोजित श्री दोसर वैश्य आदर्श सामूहिक विवाह उत्सव में रघुनाथगंज की अनन्या गुप्ता का मुंबई के अमित कुमार के साथ रामपुर की ललिता गुप्ता का खीरों के रोहित गुप्ता के साथ मिर्जापुर की सोनालि का सेमरी के सत्यम गुप्ता के साथ विधि विधान के साथ धूमधाम से विवाह संपन्न हुआ। इससे पूर्व कस्बे के गल्ला मंडी स्थित सेठ शिव दुलारेशाह मंदिर से बारात गाजे–बाजे के साथ निकली जो सराफा मंडी स्थित शीतला मंदिर भैरवनाथ मंदिर महात्मा गांधी मार्ग स्थित विष्णु मंदिर सब्जी मंडी स्थित बालाजी मंदिर में पूजन अर्चन करते हुए समारोह स्थल पहुंची जहां पर भक्तिमय संगीत के बीच वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया गया। तत्पश्चात संपूर्ण गृहस्थी के साथ 3 जोड़ों की मार्मिक विदाई की गई वही इस सामूहिक विवाह उत्सव में वर कन्या पक्ष सहित बारातियों के लिए उच्च कोटि की स्वागत की व्यवस्था की गई ।

### रेस्क्यू कर जानवर को कुए से सुरक्षित बाहर निकाला

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** खेत के बीच बने कुएं में रात के समय गोवंश के गिर जाने पर जब सुबह ग्रामीण अपने खेतों की तरफ गए तो देखा तो कुएं में बैल तड़प रहा था तड़प रहे बैल को देख 112 व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। विभाग ने मौके पर पहुंचकर बैल को कुएं से बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद बैल को सुरक्षित बाहर निकाला गया डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के जोहवा नटकी गांव में खेत के बीच स्थित बिना चबूतरे का चौड़ा व गहरे कुएं में मंगलवार की बीती रात बैल गिर गया था। गांव निवासी शोभनाथ ने बताया कि मंगलवार की सुबह खेत पर आया तो कुएं से किसी जानवर की तड़पने की आवाज आ रही थी और कौन है झांककर देखा तो बैल नजर आया बैल को देख खबर मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और सम्बंधित विभाग को सूचना दी गई फायर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां बैल कुएं से बाहर निकलने के लिए छटपटा रहा था। पुलिस विभाग नेग्रामीणों की मदद से रस्सियों व बल्लियों की सहायता से बैल को बाहर निकालने का रेस्क्यू शुरू किया। कड़ी मशक्कत करने के बाद गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### घर में कूदे चोर ने महिला का दबाया था गला, इलाज के दौरान हुई मौत

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** चोरी की नियत से घर में घुसे एक व्यक्ति के द्वारा वृद्ध महिला का गला दबाने के बाद इलाज के लिए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया था लेकिन महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई बीते 11 फरवरी की रात को कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर में रामनरेश के घर में चोरी की नीयत से घुसे एक व्यक्ति के द्वारा जानकारी होने पर वृद्ध महिला शिव प्यारी का गला दबा दिया गया था जिस पर वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी इलाज के लिए उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर भर्ती कराया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा था लेकिन हालत सुधारना होने पर वृद्ध महिला की सोमवार को मौत हो गई है कोतवाली प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि सलेमपुर में चोरी के इरादे से घर में घुसे एक व्यक्ति के द्वारा 62 वर्षीय वृद्ध महिला का गला दबा दिया गया था पति की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध पूर्व में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेजा जा चुका है महिला की मौत के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर दर्ज किए गए मुकदमे में धारा बढ़ाकर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### जेई के फर्जी हस्ताक्षर बना विद्युत उपकरण निकालने वाला लाइनमैन निष्कासित

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जेई के फर्जी हस्ताक्षर कर पीटीडब्लू की सामग्री जनपद के विद्युत भंडार गृह से निकालने में दोषी पाए जाने पर संविदा पर कार्यरत लाइनमैन को बेसिल कंपनी ने निष्कासित दिया है। यह कार्रवाई बेसिल के प्रोजेक्ट मैनेजर व नोडल प्रभारी अभय दुबे ने जेई आशीष भदौरिया व एसडीओ अभिषेक कपासिया के पत्र पर जांच के बाद की है। जेई व एसडीओ ने बेसिल कार्यालय में पत्र भेजकर धानीखेड़ा उपकेंद्र में संविदा पर तैनात लाइनमैन शरद सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम अलीपुर थाना बारासगवर पर जेई आशीष भदौरिया के फर्जी हस्ताक्षर कर 30 जनवरी को पीटीडब्लू की सामग्री जनपद के विद्युत भंडार गृह से निकालने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई हेतु विभागीय आदेश दिया गया था। जांच में दोषी पाए जाने पर बेसिल कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर व नोडल प्रभारी अभय दुबे ने संविदा पर कार्यरत लाइनमैन शरद सिंह को संविदा भर्ती नियमों व शर्तों के अनुरूप न पाए जाने पर 27 फरवरी से उसकी सेवा समाप्त कर दी। जेई आशीष भदौरिया ने बताया कि विद्युत भंडार गृह के इंचार्ज ने जब सामान लेने उन्हें फोन किया तब मामले का खुलासा हुआ। एसडीओ अभिषेक कपासिया ने बताया कि उक्त लाइनमैन को निष्कासित कर दिया गया है।

### वामा सारथी ने कराया फ्लावर मेकिंग कार्यक्रम

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी के बैनर तले फ्लावर मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन स्थित रीडिंग क्लब में किया गया। वामा सारथी जनपदीय अध्यक्षा श्रीमती इन्दिरा के कुशल निर्देशन में पुलिस लाइन परिसर में रहने वाले परिवारों के बच्चों ने रंग–बिरंगे कागजों से बड़े ही आकर्षक फूल और गुलदस्ते बनाकर अपनी कलात्मकता का परिचय दिया। आर आई राजकुमार मिश्रा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि यूपी पुलिस के निर्देश और वार्षिक कैलेंडर में जारी कार्यक्रम के तहत यह आयोजन किया गया। समन्वयक डॉ आशीष श्रीवास्तव और डॉ मनीष सिंह सेंगर ने प्रतिभागियों की क्राफ्ट कला का प्रदर्शन कराते हुए बताया पूरे वर्ष वामा सारथी द्वारा लाइन परिसर में बच्चों और बड़ों सभी के लिए अन्योन्य हितकारी आयोजन किए जाते हैं। पुलिस परिवार कल्याण प्रकोष्ठ से मुख्य महिला आरक्षी सुरेखा शर्मा और संगीता वर्मा ने बच्चों को सामग्री उपलब्ध कराकर सभी की सहायता करते हुए आयोजन को सफल बनाया। जनपदीय अध्यक्षा श्रीमती इंदिरा ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते हुए सभी के प्रति आभार जताया।



### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक दूजे का थामा हाथ

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया।जिसमे 43 जोडें विवाह के बंधन में बंध गये।सलोन ब्लॉक परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के अंतर्गत समस्त विधानसभा क्षेत्र से 43 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थाम कर अपने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुशवाहा रहे। सामूहिक विवाह की तैयारियां कई दिनों से लगातार चल रही थी। सामूहिक विवाह के लिए पंडाल की व्यवस्था के साथ अलग–अलग हवन कुंड भी बनाए गए थे। विवाह उत्सव में आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर वैवाहिक रस्मों को पूर्ण कराया गया।इस दौरान सलोन ब्लॉक से 29 रोहनियां ब्लॉक की 6 डीह 8 जोडों ने एक दूसरे को वरमाला पहना कर सात फेरे की रस्में पूरी की गई।मौजूद लोगों ने वर–वधू को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।इस मौके पर उप जिलाधिकारी शालिकराम,खंड विकास अधिकारी शशि तिवारी,एडीओ अमित कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# अवैध शराब के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी

रायबरेली, समृद्धि न्यूज

- शराब की दुकान के संचालकों और ठेकेदारों को निर्धारित मानक के अनुसार शराब बिक्री के दिए निर्देश



रायबरेली पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के दिशा निर्देश पर रायबरेली पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसते हुए पूरे जनपद में ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी है जो लगातार होली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए जारी रहेगा इस छापेमारी से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने सख्त लहजे में रायबरेली जनपद के सभी क्षेत्र अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अवैध शराब का कारोबार करने वाले अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जाए और जनपद के सभी क्षेत्रों में 83 मॉडल शाप, 285अंग्रेजी शराब, 112 बियर शॉप ,जहां पर भी दुकानें हैं उनकी जांच की जा रही है और उन सभी प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने से बचाया जाए। तथा शराब की दुकान के संचालकों और ठेकेदारों को निर्धारित मानक के अनुसार शराब बिक्री हेतु निर्देशित किया गया है। अनुज्ञप्ति शर्तों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध प्रभावी एवं विधि अनुरूप कार्यवाही हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

> पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि 386अभियोग पंजीकृत हुए हैं लगभग 402 के करीब लोगों को जेल भेजा गया है साथ ही लगभग 6371 लीटर शराब की बरामदगी और लगभग 318 कुंतल लहन नष्ट किया गया है।
> आलोक प्रियदर्शी (पुलिस अधीक्षक रायबरेली)

### पेड से लटकता मिला युवक का शव

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के लोधी पुर उतरवां मे संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ से लटकता शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी स्थानीय पुलिस को दी सूचना मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड से उतरवाकर आगे की कार्रवाई शुरू की। जानकारी के अनुसार मृतक सूर्यभान पुत्र स्वर्गीय राम आसरे तीन दिनों से लापता था परिजनों द्वारा उसकी खोज की जा रही थी। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने लापता युवक का शव नीम के पेड़ से लटकता देखा तो इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फरेंसिक टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### नगर में फालिस का कहर, नपं कर्मी की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत औरास के मोहल्ला पसियाना निवासी 35 वर्षीय राकेश वर्तमान में नगर पंचायत कार्यालय में आउट सोर्सिंग कर्मी था जिसे करीब 15 दिन पहले खेत में फसल रखवाली के दौरान फालिस अटैक पड़ा था और वह औंधे मुह खेत में ही गिर पड़ा था। स्वजनों ने उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान सोमवार रात राकेश की मौत हो गई।

कस्बा औरास के विभिन्न मोहल्लों में पिछले कुछ महीने में करीब एक दर्जन से अधिक महिलाओं व पुरुषों को फालिस अटैक पड चुके हैं अधिकांश मरीजों का इलाज लखनऊ व अन्य जगहों पर चल रहा है। विचित्र बीमारी से नागरिकों में दहशत बनी हुई है।

# कैटल शेड़ बनवाने को लेकर हुई मारपीट

सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत दबंगों के हौंसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं !एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां पारिवारिक विवाद के चलते देवर,देवरानी व पति ने महिला को मारपीट कर मरणासन्न कर दिया वहीं महिला के बेटे को भी मामूली चोटें आई हैं !

प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे पठकन मजरे काल्हीगांव में कैटल शेड़ बनवा रही महिला रजनी पत्नी लक्ष्मीशंकर को देवर सच्चिदानंद पुत्र स्व0 श्याम सुंदर, देवरानी सोनी पत्नी सच्चिदानंद व पति लक्ष्मीशंकर पुत्र स्व0 श्याम सुंदर को धारदार हथियार से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया ! इस बाबत घायल महिला रजनी के बेटे गोलू को भी मामूली चोटें आई हैं ! परिजनों द्वारा तत्काल गंभीर रूप से घायल महिला रजनी को इलाज हेतु सरकारी अस्पताल लालगंज ले जाया गया,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल महिला को जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया है,जहां महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है ! फिलहाल खबर लिखे जाने तक पुलिस को शिकायती पत्र नहीं दिया गया था !

गंभीर रुप से घायल महिला रजनी के बेटे गोलू ने बताया कि हम कैटल शेड़ बनवा रहे थे तभी चाचा,चाची व पिता ने आकर धारदार हथियार से मारकर मां रजनी को लहूलुहान कर दिया !

# घटिया ईटों से हो रही प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



नौनिहालों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़ ग्राम प्रधान एवं जिम्मेदारों की खाऊ कमाऊ नीति के चक्कर में घटिया ईटों से कराया जा रहा है प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री का निर्माण कार्य। मामला अमावां विकासखंड क्षेत्र के खैहरना ग्राम सभा का है जहां पर इस समय बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन घटिया ईटों से जहां बाउंड्री बनाई जा रही है वही अन्य सामग्री में भी जमकर खेल खेला जा रहा है। एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार भ्रष्टाचार खत्म करने पर तुली हुई है। वही भ्रष्टाचार रूपी दानव इस तरह व्याप्त है कि प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री को भी नहीं छोड़ा जा रहा है। और घटिया ईटों से निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जहां सरकार शिक्षा के ऊपर पानी की तरह पैसा बहा दी है वही ग्राम प्रधान एवं जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री में जमकर घटिया ईटों का प्रयोग किया जा रहा है। अब देखना यह है कि इस पर कोई कार्यवाही होती भी है या नहीं या फिर इसी तरह या बाउंड्री बनाकर तैयार कर दी जाएगी और कुछ दिनों खस्ताहाल ही नजर आएगी ।

# त्यौहारों को लेकर डीएम ने धर्मगुरूओं के साथ की बैठक

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।




होली एवं शब-ए-बरात पर्व के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना की उपस्थिति में जिले के संभ्रान्त नागरिकों, धर्मगुरूओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा अधिकारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न धर्म गुरूओं व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा होली एवं शब-ए-बरात पर्व को लेकर विभिन्न प्रकार की समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि दिये गए सुझावों/समस्याओं का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करायी जाएगी। इस मौके पर डीएम ने समस्त नगर निकाय के अधिशासी अधिकारियों तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि होली पर्व के दौरान नगरीय/ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर साफ-सफाई करायी जाये। उन्होंने समस्त एसडीएम, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिये कि होली पर्व की संवेदनशीलता को लेकर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के पर्याप्त इंतेजाम सुनिश्चित कराए जाएं। उन्होंने कहा कि मिलावटखोरी व अवैध शराब को लेकर जनपद में सघन अभियान चलाये जाएं और संलिप्तता पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाये। होली के दृष्टिगत महिला सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबन्ध किये जाये। उन्होने विद्युत विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि होली त्योहार के दौरान पूरी क्षमता के साथ विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाये। उन्होंने सभी जनपद वासियों को होली व शब-ए-बरात की अग्रिम शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के लिए उन्नाव का इतिहास हमेशा से अच्छा रहा है और इस परम्परा तथा यहां की संस्कृति एवं गंगा-जमुनी तहजीब को अक्षुण्य बनाए रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। सभी लोग संयम, मानवता, संवेदनशीलता, शालीनता, प्रेम, भाई-चारा, सौहार्द एवं परम्पराओं का पालन करते हुए तथा किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावना को आहत किये बगैर त्यौहार को पूरे उत्साह के साथ मनाएं। उन्होने संभ्रान्त लोगो से अपील की कि अपने आस-पास के युवाओं के साथ बैठक कर उन्हे नैतिक एवं मानवीय मूल्यों से परिचित कराएं। इस दौरान एसपी ने कहा कि होली पर्व एवं शब-ए-बरात के दृष्टिगत आयोजित होने वाले बाइक जुलूस व शोभायात्राओं के दौरान किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का प्रयोग करने से बचा जाये। उन्होने सभी क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देश दिये कि होलिका दहन के सभी स्थलों तथा कब्रिस्तानों को चौक कर लिया जाए तथा किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर तुरन्त आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दृष्टिगत सतर्क रहें और अराजक तत्वों पर पैनी नजर बनाए रखें।

# राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थी करें आवेदन

- आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम 15 मार्च

रायबरेली, समृद्धि न्यूज

समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय शेषपुर समोधा बछरावां मोहम्मदाबाद सलोन एवं बालिका विद्यालय रैन बछरावां में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 में रिक्त स्थानों पर नियमानुसार आरक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत जनपद स्तरीय प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश लिया जायेगा। समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया है कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सलोन (बालक) कक्षा 6 में 70, कक्षा 7 में 21, कक्षा-8 में 14 एवं कक्षा 9 में 15 पद रिक्त है। इसी प्रकार राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय शेषपुर समोधा बछरावां (बालक) कक्षा-6 में 70, कक्षा 7 में 29, कक्षा 8 में 43 एवं कक्षा 9 में 32 पद रिक्त है तथा राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय रैन, बछरावां में (बालिका) कक्षा 6 में 70, कक्षा 7 में 18, कक्षा-8 में 36 एवं कक्षा-9 में 09 पद रिक्त है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं/अभिभावक या संरक्षक आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 15 मार्च 2023 तक आवेदन-पत्र सम्बंधित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों अथवा जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में निःशुल्क प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा से संबंधित अन्य जानकारी विद्यालय एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# शोक संवेदना व्यक्त करने गांव पहुंचे हृदयनारायण

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।



बीघापुर तहसील क्षेत्र के गांव मेहरबानखेड़ा मजरा अमरपुर आंव के पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिव सिंह तथा सरांय मनिहार में अधिवक्ता प्रभात सिंह की माता मनोरमा सिंह के आकस्मिक निधन पर आवास पहुंचकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदयनारायण दीक्षित ने परिवारीजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह प्रकृति का नियम है कि मृत्यु पर न तो कोई भविष्यवाणी हो सकती है और न ही उसपर कोई नियंत्रण। ऐसे संकट के समय धैर्य संयम और ज्ञान व्यक्ति को निर्बल से सबल बनाता है। भगवान श्रीकृष्ण के गीता में दिए गए उपदेशों का उल्लेख करते हुए उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद अवस्थी, भाजपा किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता कल्लू तिवारी, कृष्ण मोहन सिंह, प्रकाश सिंह, अतुल पटेल वीरभान यादव, अरुण द्विवेदी, फतेह बहादुर सिंह, जितेंद्र सैनी, दुर्गेश दिक्षित, भानु पटेल, जितेंद्र बीडीसी, अमित पटेल मौजूद रहे।

### एसआई का नियुक्ति पत्र मिलने पर स्वजनों में खुशी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** औरास थाना क्षेत्र के आदमपुर फैजुल्लानगर गांव निवासी पंकज वर्मा पुत्र स्व0 बैजनाथ जम्मू कश्मीर के एनआईटी से बीटेक किया था। वर्ष 2021 में आवेदन किया था पहले ही प्रयास में सब इस्पेक्टर की परीक्षा उत्तीर्ण की और 26 फरवरी 2023 को लखनऊ में नियुक्त पत्र मिला। पंकज की ट्रेनिंग गोरखपुर के पीटीसी सेंटर में होनी है। जैसे ही नियुक्त पत्र मिला तो स्वजनों मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी। सब इस्पेक्टर का नियुक्त पत्र मिलने के बाद घर पहुंचने पर मंगलवार को गांव में मां शिवदेवी भाई शिक्षक विकास वर्मा बहनों में शिक्षिका आराधना वर्मा व आरती वर्मा सहित अन्य स्वजनों ने पंकज वर्मा को मिठाई खिला फूल माला पहना स्वागत किया।

# दो पक्षों में जमकर मारपीट, वीडियो वायरल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

- पुलिस ने दोनों पक्षो की तहरीर पर जांच शुरू की

काशीराम चौकी के अंतर्गत कॉलोनी में पहले पानी भरने के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान आसपास के लोगों ने भी हाँथ साफ किया, घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की है और मारपीट करने वाले दोनों पक्षों से तहरीर लेकर जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली के काशीराम कॉलोनी में रहने वाले प्रथमपक्ष के गुड्डू पुत्र स्व. खुदाबख्श और द्वितीयपक्ष से अहमद पुत्र आसिम, नेहा पत्नी अहमद, नगमा पत्नी बबलू, अतीक पुत्र बखाती समेत अन्य लोग मोहल्ले में वाटर सप्लाई से आने वाले पानी को डिब्बों में भर रहे थे इसी दौरान बच्चों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मौजूद परिजनों में गाली-गलौज शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट का वीडियो कॉलोनी में रहने वाले किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद सदर कोतवाली पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। इंस्पेक्टर कोतवाली राजेश पाठक के निर्देश पर काशीराम चौकी इंचार्ज उमा अग्रवाल ने दोनों पक्षों के लोगों से पूंछताछ की है और तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### फांसी लगा अधेड़ ने दी जान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** औरास थाना क्षेत्र के आदमपुर फैजुल्लानगर गांव निवासी मोहन 52 पुत्र स्व छोटा गांव के बाहर खेत में मचान झोपड़ी बनाकर रहता था। मंगलवार शाम को उसी झोपड़ी में गमछे से फांसी लगा जान दे दी। मृतक के भाई शिवराज की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार पति-पत्नी में अनबन के चलते पत्नी व बच्चे गैर प्रांत में रहते थे। वह गांव के बाहर खेत में झोपड़ी बनाकर रहता था। थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# आशावाद की कसौटी

रायपुर में संपन्न कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन पर पूरे देश की नजरें टिकी थीं। उम्मीद थी कि नैराश्य व हताशा के माहौल को ऊर्जावान बनाने की रचनात्मक ऊर्जा इस सम्मेलन से निकलेगी। लेकिन बयानबाजी से लगा कि परिणाम वही ढाक के तीन पात हैं। वही अडानी पर सवाल और भाजपा-संघ पर तीखे हमले। वही 24 के महासमर के लिये अवसर अनुकूल गठबंधन की तलाश। वैसे अभी भी यह यक्ष प्रश्न ही है कि महत्वाकांक्षाओं में आकंठ डूबे विपक्षी क्षत्रप क्या कांग्रेस नेतृत्व स्वीकार करेंगे? कहने को तो कांग्रेस में गांधी परिवार से बाहर का अध्यक्ष चुना गया है, लेकिन महाधिवेशन के कुछ फैसलों और घोषणाओं से फिर लगा कि पार्टी अभी भी गांधी परिवार के सम्मोहन से मुक्त नहीं हो पायी है। विडंबना ही है कि आजादी का अमृतकाल मना रहे देश में लोग आज भी राजनीतिक रूप से इतने परिपक्व नजर नहीं आते कि वे परिवारवाद की राजनीति के मोह से मुक्त हो सकें। सियासी विसंगतियों के बावजूद देश के तमाम प्रदेशों में राजनीतिक परिवारों का वर्चस्व बना है। इन परिवारों के नेता पीढ़ी -दर-पीढ़ी सत्ता सुख भोग रहे हैं। अब चाहे कदाचार के गंभीर आरोप लगें या नेता जेल भी जाएं, लेकिन फिर जनता उन्हें सत्ता सौंप देती है। तभी कहा जाता है कि जनता की याददाश्त कमजोर नजर आती है। बहरहाल, राहुल गांधी के नेतृत्व में दक्षिण से लेकर उत्तर तक की पदयात्रा सकारात्मक प्रतिसाद दे गई। इसको लेकर सम्मेलन में खूब विमर्श भी हुआ। भले ही राहुल इस यात्रा को तपस्या की संज्ञा दें,लेकिन यात्रा के राजनीतिक निहितार्थों से परहेज नहीं किया जा सकता है। सवाल यह भी है कि यात्रा कितनी वोटों में बदलती है। यह भी कि संगठन को इस यात्रा से कितनी ऊर्जा मिलती है। इस यात्रा की सफलता से उत्साहित पार्टी अब राहुल गांधी की पूर्व से पश्चिमी तक की यात्रा की तैयारी में नजर आती है। निःसंदेह देश के सभी कोनों को छूने से ही भारत जोड़ो यात्रा की सार्थकता साबित होगी। रायपुर महाधिवेशन का एक निष्कर्ष यह भी है कि राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोपों की नकारात्मक राजनीति से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं। देश की जनता इस नकारात्मक राजनीति से तंग आ चुकी है। जनता हताशा-निराशा के दौर से गुजर रही है। महंगाई की मार है और घर-घर बेरोजगार हैं। राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े मुद्दों को संबोधित नहीं करते। कमोबेश यही हालिया अधिवेशन में हुआ। यह ठीक है कि राजाश्रय में उद्योगपति अडानी के प्रति बाजार में उपजे अविश्वास के चलते देश को लाखों करोड़ का नुकसान हुआ है। लेकिन यह वक्त ऐसी रचनात्मक पहल का है जो जनता में नये उत्साह का संचार करे। बेहतर भविष्य की संभावना के अनुकूल माहौल तैयार करे। सत्ता सुख की बजाय जनता सुख को प्राथमिकता मिले। ताकि देश में स्वस्थ लोकतांत्रिक मूल्यों व व्यवस्थाओं का मार्ग प्रशस्त हो सके। अब वक्त आ गया है कि दूसरों की कमियों को उजागर कर कीचड़ उछालने की राजनीति बंद हो। विकास की नई व व्यावहारिक योजनाएं जनता के लोकतंत्र के प्रति विश्वास को बढ़ाएंगी। रायपुर महाधिवेशन में एक बार मोदी व संघ-भाजपा को निशाने पर लिया गया। पार्टी यह भूल गई कि ऐसी नकारात्मक राजनीति का दांव विगत में उलटा ही पड़ा है। चौकीदार चोर है और सूट-बूट की सरकार जैसे राजनीतिक जुमलों को सत्ता पक्ष ने सहानुभूति का अस्त्र बना लिया था और उसकी कीमत कांग्रेस को चुनावों में चुकानी पड़ी। विपक्ष को चाहिए कि वे सत्ता पक्ष से मुकाबले के लिये बड़ी लकीर खींचें। निस्संदेह, इससे उन्हें जनता का सकारात्मक प्रतिसाद मिलेगा। बजाय सत्तारूढ़ दल के खिलाफ नकारात्मक प्रचार के विपक्ष को सकारात्मक व रचनात्मक मुहिम से जनता का विश्वास हासिल करना चाहिए। उन्हें याद रखना चाहिए कि आजादी के करीब साढ़े सात दशक बाद भी जनता का भावनात्मक मुद्दों को तरजीह का देने का क्रम जारी है। ऐसे में देश को एकता के सूत्र में पिरोने व तमाम तरह की भेद की राजनीति को नकारने के लिये विपक्ष सकारात्मक मुद्दों के साथ सामने आये। तभी अगले साल के आम चुनाव में विपक्ष बदलाव की मुहिम की आस कर सकता है।

# राष्ट्रीय एकता देश के गौरव की सूत्रधार

संजीव ठाकुर

**आज जब भारत देश आक्रांता चीन पाकिस्तान और जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से अपने हाथ दो,चार कर रहा है, देश के अंदर किसान आंदोलन, लखीमपुर खीरी आंदोलन, और जगह-जगह वैचारिक मतभेद देश के विकास एवं शांति के लिए लिए एक बड़ा व्यवधान बने थे, ऐसे में देशवासियों को एकजुट होकर देश की मुख्यधारा का शांति और अमन के लिए साथ देना चाहिए। भारत में कई धर्मों जातियों के लोग रहते हैं, जिनके रहन-सहन एवं आस्था में अंतर तो है ही, साथ ही उनकी भाषाएं भी अलग-अलग हैं। अलग अलग होने के बावजूद पूरे भारतवर्ष के लोग भारतीयता की जिस भावना से ओतप्रोत होकर एक साथ रहते हैं ऐसी एकता को विश्व भर में सर्वोत्तम राष्ट्रीय एकता का उदाहरण कहा जा सकता है। हमारी राष्ट्रीय एकता के फ्ल स्वरुप ही जब भी हमारी एकता को खंडित करने का प्रयास किया गया, भारत का एक-एक नागरिक सजग और सचेत होकर एशिया सामाजिक शक्तियों के विरुद्ध सदैव खड़ा दिखाई दिया है।**

**गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर कहते हैं कि भारत की एकता तथा चेतना समय की कसौटी पर सही सिद्ध हुई है। आज देश की राष्ट्रीय एकता को सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद से है। आतंकवाद में सिर्फ हमारे देश की बल्कि पूरे विश्व की शांति को बड़ा खतरा है।**

भारतवर्ष स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के अमृत महोत्सव भारत की एकता अखंडता को मजबूत किया है। हमें इसकी ऊर्जा, शक्ति और राष्ट्रीयता की भावना को बलवती बनाए रखकर इसके जज्बे को अनंत काल तक अक्षुण रखना होगा। राष्ट्रीय एकता अथवा राष्ट्रीयता किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र की संश्लिष्ट आत्मा होती है। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने बहुत ही महत्वपूर्ण शब्द राष्ट्रीय एकता के संदर्भ में कहे थे कि हम जब-जब असंगठित हुए हैं, हमें आर्थिक व राजनीतिक रूप से की कीमत चुकानी पड़ी है, हमारे विचारों में जब जब संकीर्णता आई आपस में झगड़े हुए हमने जब भी नए विचारों से अपना मुख मोड़ा, हमें सदैव हानि ही हुई, हम विदेशी शासन के अधीन हो गए स यह एक विराट सत्य है कि राष्ट्रीय एकता सशक्त और समुद्र समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला होती है और राष्ट्रीय एकता छिन्न-भिन्न होने से किसी भी राष्ट्र की स्वतंत्रता स्वतंत्र नहीं रह पातीस राष्ट्र के विभिन्न घटकों में वैचारिक और आस्था का समानता होने के बावजूद राष्ट्र में एकता प्रेम तथा भाईचारे का कायम रहना अत्यंत समीचीन है।

आज जब भारत देश आक्रांता चीन पाकिस्तान और जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से अपने हाथ दो,चार कर रहा है, देश के अंदर किसान आंदोलन, लखीमपुर खीरी आंदोलन, और जगह-जगह वैचारिक मतभेद देश के विकास एवं शांति के लिए लिए एक बड़ा व्यवधान बने थे, ऐसे में देशवासियों को एकजुट होकर देश की मुख्यधारा का शांति और अमन के लिए साथ देना चाहिए। भारत में कई धर्मों जातियों के लोग रहते हैं, जिनके रहन-सहन एवं आस्था में अंतर तो है ही, साथ ही उनकी भाषाएं भी अलग-अलग हैं। अलग अलग होने के बावजूद पूरे भारतवर्ष के लोग भारतीयता की जिस भावना से ओतप्रोत होकर एक साथ रहते हैं ऐसी एकता को विश्व भर में सर्वोत्तम राष्ट्रीय एकता का उदाहरण कहा जा सकता है। हमारी राष्ट्रीय एकता के फ्ल स्वरुप ही जब भी हमारी एकता को खंडित करने का प्रयास किया गया, भारत का एक-एक नागरिक सजग और सचेत होकर एशिया सामाजिक शक्तियों के विरुद्ध सदैव खड़ा दिखाई दिया है।

गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर कहते हैं कि भारत की एकता तथा चेतना समय की कसौटी पर सही सिद्ध हुई है। आज देश की राष्ट्रीय एकता को सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद से है। आतंकवाद में सिर्फ हमारे देश की बल्कि पूरे विश्व की शांति को बड़ा खतरा है। विगत दशकों में



आतंकवादी कभी मुंबई, कभी दिल्ली, कभी जम्मू कश्मीर को अपना निशाना बनाकर अशांति फैलाने का प्रयास करते हैं और देश के कई राज्यों में अपार आर्थिक तथा जनहानि पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त देश में अलगाववादी तत्वों ने भी देश की एकता को बहुत नुकसान पहुंचाया है, राष्ट्रीय एकता में बाधक अनेक शक्तियों में अल गाव की राजनीति भी एक है, जहां के राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीज बोते हैं कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों के देश की मुख्यधारा से अलग करते हैं तो कभी विशेष जाति प्रांतीय भाषा के हिमायती बन कर देश की राष्ट्रीय एकता को खंडित करने की कोशिश करते हैं। आज जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा फिर से स्थापित करने की मांग हो, खालिस्तानी समर्थकों की मांग हो या वोट बैंक की राजनीति इन सब के पीछे दिखाई देती है। इस देश के हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी परस्पर प्रेम से रहना चाहते हैं लेकिन अलगाववादी राजनेता इनमें विवाद पैदा कर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। इन समस्याओं के समाधान का जिम्मा या उत्तरदायित्व मात्र शासन पर बैठे राजनेताओं अथवा प्रशासनिक अधिकारियों का ही नहीं है, इन सब के लिए आम जनता को भी मिलजुल कर खुलकर प्रयास करना होगा। आज कभी देशवासी मंदिर, मस्जिद को लेकर झगड़ पडते हैं तो कभी हिंदी और अंग्रेजी को लेकर, तो कभी असम, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में राज्य के निवासियों को भगाया जाता है,तो कभी एक ही धर्म के लोग जात-पात की बातों पर उलझ पड़ते हैं। देश में फिर बाबरी मस्जिद गिराए जाने गोधरा कांड, मुजफ्फरनगर दंगे जैसी स्थिति या फिर से न आए इसके लिए सांप्रदायिक विद्वेष, श्रद्धा, ईर्ष्या आदि राष्ट्र विरोधी भावनाओं को अपने मन से दूर रख सद्भावना का वातावरण कायम रखना होगा। पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा है कि भारत ही अकेला ऐसा देश है, जहां मंदिरों, गिरजाघरों मस्जिदों, गुरुद्वारों और मठों में शांतिपूर्ण सह अस्तित्व है। स्वतंत्रता के बाद हमारी एकता तो मजबूत हुई है।आज सांप्रदायिकता, क्षेत्रीय जातीयता, और भाषागत अनेकता ने पूरे देश को आक्रांत करके रखा है। और इस माहौल को हम सबको अपने प्रयासों से दूर कर ऐसी भावनाओं को जनमानस से परे रखना है। यदि विघटनकारी प्रवृत्तियों पर पूरी तरह से नियंत्रण नहीं किया गया तो भारत की एकता और अखंडता को खतरा बना ही रहेगा। जब भी देश में कोई दो घटक आपस में संघर्ष करते हैं तो उसका दुष्परिणाम पूरे देश को भुगतना पड़ता है। मामला चाहे आरक्षण का हो या अयोध्या राम मंदिर का सब की गूंज पूरे देश के जनजीवन को प्रभावित करती है। ऐसे में देश के सभी नागरिकों का कर्तव्य बनता है कि वह राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने हेतु तन मन धन से समर्पित रहे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा है कि जब तक हम एक एकता के सूत्र में बने हैं तब तक मजबूत हैं और जब खंडित हैं, तब तब तब कमजोर हुए हैं। देश की राष्ट्रीय एकता, भाईचारा, अखंडता, की प्रासंगिकता हर राष्ट्र के लिए इतिहास में थी, वर्तमान में है, और भविष्य में रहेगी।

विचार

# आप और भाजपा का हिसाब-किताब

दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार में दूसरे सबसे महत्वपूर्ण मंत्री मनीष सिसोदिया को रविवार को शराब घोटाले में आरोपी बनाकर सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी आठ घंटे की लंबी पूछताछ के बाद हुई। सीबीआई का दावा है कि मनीष सिसोदिया के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं और वे सीबीआई के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। गौरतलब है कि आप सरकार नवंबर 2021 में नई आबकारी नीति लाई थी, जिसका मकसद अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाना, शराब माफिया पर अंकुश लगाना और शराब बिक्री बढ़ाकर राजस्व में वृद्धि करना था। लेकिन इस फैसले पर शुरु से सवाल उठने लगे। नई आबकारी नीति के लागू होते ही शराब दुकानों के बाहर लंबी लाइनें दिखने लगीं।

शराब को कम कीमत पर अधिक बेचने की होड़ से समाज पर इसके गलत असर के बारे में चिंता जतलाई जाने लगी। भाजपा ने इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। ये आरोप ईमानदार राजनीति का दावा करने वाले अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर लगे। जुलाई 2022 में आप सरकार ने नई आबकारी नीति को वापस लेकर फिर से पुरानी नीति को लागू कर दिया। लेकिन इससे उठे विवाद से आप पीछा नहीं छुड़ा पाई। हाल ही में दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने इस घोटाले में सीबीआई जांच की सिफारिश की थी और अब मनीष सिसोदिया गिरफ्तार हो गए हैं। दिल्ली सरकार में वित्त, गृह, स्वास्थ्य, शिक्षा और आबकारी जैसे 18 मंत्रालय संभालने वाले मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

अन्ना आंदोलन के वक्त से अरविंद केजरीवाल के साथ मनीष सिसोदिया को परछाई की तरह देखा गया। जब श्री केजरीवाल मुख्यमंत्री बने तो मनीष सिसोदिया कई मंत्रालयों को संभालने के साथ-साथ उपमुख्यमंत्री भी बने। खास बात ये है कि अरविंद केजरीवाल ने अपनी सरकार में एक भी मंत्रालय नहीं संभाला। गौर करने की बात ये भी है कि खुद को सबसे ईमानदार पार्टी बताने वाली आम आदमी पार्टी के दो महत्वपूर्ण नेता मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन जेल में हैं और वह भी भ्रष्टाचार के आरोपों में। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इसे डर्टी पॉलिटिक्स यानी निकृष्ट राजनीति बता रहे हैं। हालांकि मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है, या शराब नीति में वाकई कोई भ्रष्टाचार हुआ और श्री सिसोदिया बलि का बकरा बना दिए गए, ये सब जांच एजेंसी की ईमानदार पड़ताल से ही तय होगा। लेकिन जिस तरह सीबीआई की जांच-पड़ताल अक्सर गैर-भाजपाई या भाजपा-विरोधी पार्टियों और नेताओं में तेजी पकड़ती है, उसमें राजनैतिक दबाव की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। अब सवाल ये है कि अरविंद केजरीवाल इस गिरफ्तारी के बाद अपनी रणनीतियों को किस तरह अंजाम देंगे। ये सर्वविदित है कि दिल्ली और पंजाब में सरकार बनाने के बाद आम आदमी पार्टी अपना विस्तार देश के बाकी राज्यों में भी करना चाहती है। गोवा, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में चुनाव लड़ने के बाद पार्टी की नजर छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों के चुनाव पर थी। लेकिन अब श्री सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल दिल्ली सरकार में कामों का बंटवारा कैसे करेंगे और किस तरह बाकी राज्यों में चुनावों के लिए तैयार होंगे। ये सवाल आप के सामने हैं। इस घटनाक्रम के साथ देश के राजनैतिक परिदृश्य पर भी कुछ सवाल उठे हैं। जैसे क्या आम आदमी पार्टी के खिलाफ सीबीआई की इस जांच से अरविंद केजरीवाल को जनता की सहानुभूति हासिल होगी। क्या भाजपा के लिए यह प्रकरण नुकसानदायक साबित होगा। क्या अरविंद केजरीवाल पर भी कोई कानूनी आंच आएगी। क्या आप और भाजपा में आने वाले वक्त में कोई अघोषित समझौता संभव है, क्योंकि दोनों ही दल कांग्रेस-विरोधी हैं और इस वक्त कांग्रेस का पलड़ा लगातार भारी हो रहा है। पंजाब में कांग्रेस की सरकार को हटाकर ही आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है और भाजपा अब भी वहां अपने लिए जमीन तलाश कर रही है। क्या यह भी कोई संयोग है कि पंजाब में भगवंत मान सरकार अजनाला प्रकरण के कारण आलोचना का पात्र बनी और इस मामले पर राष्ट्रव्यापी चर्चा तूल पकड़े, इससे पहले मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी की खबरों ने सुर्खियां बटोर लीं। अजनाला मामले से चिंता की जो लहरें उठी हैं, वो आने वाले वक्त में क्या दबा दी जाएंगी या कोई बड़ा तूफान बन सकती हैं, इस बारे में कोई कयास लगाना जल्दबाजी होगी। लेकिन इतना तय है कि इसने पंजाब की शांति को लेकर बड़ा तनाव पैदा कर दिया है। पिछले हफ्ते गुरुवार को जिस तरह वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने अजनाला थाने पर बंदूक-तलवारों से हमला कर दिया था और पुलिस वाले हमलावरों के सामने लाचार नजर आए, वह उस चिंगारी की झलक है, जिसने 80 के दशक में बरसों-बरस पंजाब को झुलसाया है। इस आग ने इंदिरा गांधी समेत कई बड़ी हस्तियों को लील लिया। बड़ी मुश्किल से पंजाब में शांति बहाली हुई थी। हालांकि सीमांत प्रदेश होने के कारण यहां हमेशा चुनौतियां रही हैं। सीमा पार से घुसपैठ के अलावा नशे के बढ़ते कारोबार तक कई गंभीर चिंताएं इस राज्य में रही हैं, फिर भी आम जनजीवन पटरी पर आ चुका है। लेकिन पिछले साल जब से आप की सरकार यहां बनी हैं, फिर से अस्थिरता के लक्षण उभरने लगे हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पंजाब के लोगों को ऐसे प्रयोग से सावधान होने की सलाह दी थी, लेकिन कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई और आम आदमी पार्टी के लोकलुभावन वादों ने सत्ता आप की झोली में डाल दी। और अब ये नजर आ रहा है कि भगवंत मान राज्य को ठीक से नहीं संभाल पा रहे हैं।

अजनाला प्रकरण को वे पाक प्रायोजित बता रहे हैं। मुमकिन है पाकिस्तान इस तरह की साजिशों में लिप्त हो, लेकिन राज्य की पुलिस और खुफिया एजेंसियां इनकी खबर क्यों नहीं रख पाई। यही सवाल केंद्र सरकार से भी है कि किस तरह अचानक पंजाब आकर कोई ये दावा कर सकता है कि अगर हिंदू राष्ट्र की बात उठाई जा सकती है तो खालिस्तान की भी उठाई जा सकती है। यह सीधे-सीधे भारत की एकजुटता और शांति को भंग करने की धमकी है। जिससे तत्काल निपटने की जरूरत है। मगर ऐसा लग रहा है कि अगले चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के लिए अभी दिल्ली में राजनैतिक हिसाब-किताब निपटाया जा रहा है।

साहित्य

नयापन



## यारा, प्यारा तेरा गलियारा...

अशोक चक्रधर

यारा, प्यारा तेरा गलियारा।
गलियारे में अम्बर उतरा
ऐसा सबद उचारा।

गलियारे में हल्ला है
पट शायद खुले तुम्हारा,
यारा, प्यारा तेरा गलियारा।

गलियारे में उतरे तारे
झिलमिल झिलमिल सारा,
यारा, प्यारा तेरा गलियारा।

गलियारे में खुशबू तेरी
उस खुशबू ने मारा,
यारा, प्यारा तेरा गलियारा।

गलियारे में चूड़ी खनकी
समझा उसे इशारा,
यारा, प्यारा तेरा गलियारा।

गलियारे में फूल खिला है
मैं भंवरा मतवारा,
यारा, प्यारा तेरा गलियारा।


गलियारे में रंग भर गए
नैन चला पिचकारा,
यारा, प्यारा तेरा गलियारा।

गलियारे में सब दुखियारे
मैं इकला सुखियारा,
यारा, प्यारा तेरा गलियारा।

गलियारे में झलक दिखाई
भाग गया अंधियारा,
यारा, प्यारा तेरा गलियारा।

गलियारे में धूप न आवै
रूप करै उजियारा,
यारा, प्यारा तेरा गलियारा।

झरोखा





# राशिफल

**मेष:-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओ को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। घर में खुशहाली रहेगी।

**बृषभ:-** सामाजिक संबंधों में व्यस्तता बढ़ेगी। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

**मिथुन:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतरू इसमें सुधार लायें। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कर्क:-** महत्वपूर्ण कार्यो की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओ पर भरोसा रख महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अवसर प्रदान करेगी।

**सिंह:-** अपने पद एवं मर्यादा ख्याल रखते हुए उच्छृंखल मन को नियंत्रित करें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**कन्या:-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुला:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य एवं नये कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरते।

**वृश्चिक:-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में मन उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में लाभकारी स्थिति खुश रखेगी।

**धनु:-** वाक्यपटुता एवं व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**मकर:-** नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयास करें।

**कुंभ:-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। घर-परिवार में वातावरण उत्साहित होगा।

**मीन:-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावकों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

# सिएटल का संदेश

*आदित्य नारायण चोपड़ा*

अमेरिका का सिएटल जाति के आधार पर भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला शहर बन गया है। सिएटल सिटी काउंसिल ने एक ऐसे अध्यादेश को मंजूरी दी है जिससे अब नस्ल, धर्म, और लैंगिक पहचान के साथ-साथ जाति के आधार पर भी किसी तरह के भेदभाव को प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह प्रस्ताव काउंसिल की एक सदस्य क्षमा सावंत ने पेश किया था जिस पर बहस भी हुई और मतदान के बाद इस प्रस्ताव को स्वीकार भी कर लिया गया। इसके साथ ही जातिगत श्रेणियों के आधार पर वंचित जाति समूहों को एक संरक्षित वर्ग के रूप में रेखांकित भी किया गया है।

सिएटल एक टेक हब है जहां बहुत सारी नामी-गिरामी टेक कंपनियां हैं और दक्षिण एशियाई जनसंख्या भी काफी है। दक्षिण एशियाई मूल के लगभग 2 लाख लोग वहां रहते हैं। इनमें से अनेक लोगों ने अपने व्यवसाय भी स्थापित कर लिए। आम भारतीय के लिए यह खबर बहुत अनोखी है कि क्या अमेरिका में भी जातीय आधारित व्यवस्था और भेदभाव होता है। अमेरिका में नस्लभेद और रंगभेद के आधार पर भेदभाव होता आया है।

लम्बे समय तक अश्वेत गोरों के गुलाम रहे। अमेरिका में अश्वेतों से भेदभाव, उनकी हत्याएं मारपीट की घटनाएं आज भी होती हैं और नस्लभेद के चलते अमेरिका के कई शहर बार-बार सुलग उठते हैं। यद्यपि अमेरिका में नस्लीय भेदभाव को लेकर काफी सख्त कानून हैं लेकिन अपवाद स्वरूप दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं होती रहती हैं। अब सवाल यह है कि भारत में जातिवाद सदियों से गहरी जड़ें जमाए हुए हैं। लाख कोशिशें करने के बावजूद भारत में जातिवाद समाप्त नहीं हुआ। हर कोई इस बात को जानना चाहता है कि अमेरिका के सिएटल में जातिवाद के नाम पर भेदभाव कैसे पहुंच गया। जाति आधारित उत्पीड़न और भेदभाव की ऐसी अनेक कहानियां अमेरिकी समाज में मौजूद हैं जिसमें उत्पीड़न करने वाले कोई और नहीं बल्कि भारतीय मूल के उच्च जाति के लोग हैं। जैसे-जैसे अमेरिका में भारतीयों की आबादी बढ़ती गई उनमें आपसी स्पर्धा और ईर्ष्या भी बढ़ती गई। बड़े-बड़े पदों पर भारतीय विराजमान हैं। धीरे-धीरे जातिवाद का जहर वहां भी फैलने लगा। कैलिफोर्निया, फ्लोरिडा और सिएटल जैसी जगहें जहां दक्षिण एशियाई लोग बहुतायत में हैं, यह सवाल विशेष रूप से प्रासंगिक है।

कुछ वक्त पहले कैलिफोर्निया की ही एक कंपनी सिस्को सिस्टम्स में काम करने वाले एक दलित ने आरोप लगाया था कि उसकी जाति के कारण कंपनी में उसके साथ भेदभाव किया जा रहा है। कैलिफोर्निया स्टेट कोर्ट में अब इस मामले की सुनवाई होने वाली है। सिएटल के नए नियम के बारे में बात करते हुए अमेरिकी मीडिया लिखता है कि आज भारतीय अमेरिका के सबसे तेजी से बढ़ते हुए अप्रवासी समूह है। उनकी संख्या बढ़ने के साथ अमेरिकी समाज में भी इस तरह का भेदभाव, उत्पीड़न, हिंसा और पूर्वाग्रह बढ़ सकता है जो आने वाले समय में अमेरिकी समाज के लिए खतरा हो सकता है। जहां अप्रवासी भारतीय और दक्षिण एशियाई लोग पहले से ही अल्पसंख्यक हैं वहां दलित लोग अल्पसंख्यकों के बीच भी अल्पसंख्यक हैं।




सिएटल में अध्यादेश कोई रातों-रात नहीं आया। इसकी मांग लम्बे समय से की जा रही थी। इकवेलिटी लेन नामक संस्था ने सोशल सर्वे किए। सोशल सर्वे में बड़ी संख्या में जातिगत भेदभाव का शिकार लोगों की शिकायतें दर्ज की गई। यह पाया गया कि नौकरियों और शिक्षा में जातिगत भेदभाव हो रहा है। होटलों, अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों पर भी ऐसा हो रहा है। इसके बाद सिएटल सिटी काउंसिल इस नतीजे पर पहुंची कि यह एक गंभीर समस्या है जो समाज के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। इसमें कोई संदेह नहीं कि जाति व्यवस्था की शुरुआत प्राचीन भारत में हुई है। आज भी भारत में सभी धर्मों में जातीय विभाजन मौजूद है। अमेरिकी मीडिया इन दिनों भारत के हिन्दू समाज जातिगत आधारित भेदभाव की कहानियां प्रकाशित कर रहा है। इसे लेकर भारतीयों को भी मंथन करने की जरूरत है। बाबा साहब बी.आर. अम्बेडकर ने भारतीय संविधान की रचना की थी जिसमें जाति आधारित भेदभाव और उत्पीड़न को समाप्त करने के लिए अनेक कदम उठाए गए थे लेकिन भारतीय अभी तक जातिवादी मानसिकता से अलग नहीं हो पाए। सिएटल सिटी काउंसिल में जातिवाद भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने वाली क्षमा सावंत भी भारतीय मूल की हैं और स्वयं उच्च जाति की हैं। वह एक शिक्षक और अर्थशास्त्री के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता है।

जातिगत भेदभाव के खिलाफ उन्होंने श्रमिकों, दबे-कुचले और बेजुबानों की आवाज बनने का संकल्प लिया। क्षमा सावंत का भारत में बचपन हमेशा अपने आसपास अत्याधिक गरीबी और असमानता देखने में बीता। अर्थशास्त्र का अध्ययन करने के लिए जब वह अमेरिका आई तो यहां मौजूद असमानता और गरीबी देखकर वह हैरान रह गई। उन्होंने कई आंदोलनों में भाग लिया और वह लगभग 16 सालों से डेमोक्रेट को हराकर सिएटल में चुनी जाने वाली पहली समाजवादी बनीं। सिएटल में जातिगत भेदभाव विरोधी अधिनियम के पारित हो जाने से क्या भारतीयों को कोई सबक या संदेश मिलेगा? प्रख्यात समाजवादी चिन्तक राममनोहर लोहिया ने हमेशा जाति तोड़ो का नारा दिया। हैरानी की बात तो यह है कि भारतीय सात समुंदर पार जाकर भी जातिवादी मानसिकता से अपना पिंड नहीं छुड़ा पाए। अगर सिएटल शहर जातिवाद की जड़ें काटने के लिए कानून बना सकता है तो भारतीयों के सामने दीवारें क्यों हैं। इसके लिए भारतीय राजनीतिक दल भी काफी हद तक जिम्मेदार हैं जो आज तक जातिगत राजनीति से अलग नहीं हो पाये।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# डीएम ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिए निर्देश

▸ बेहतर रोड इंजीनियरिंग, ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्यवाही पर रहा फोकस

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा की मौजूदगी में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड तृतीय के ईई अनिल कुमार यादव ने किया।

डीएम ने निर्देश दिए कि जिले के विभिन्न मार्गों पर गति निबंधन संबंधी अधिसूचना के क्रम में संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी आईआरसी कोड के मानक संबंधी साइन बोर्ड नियमानुसार लगवाया जाना सुनिश्चित करें। डीएम ने सार्वजनिक सेवायान से हुई दुर्घटना में घायल, मृतकों को सहायता राशि प्रदान किए जाने के लिए लंबित प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए।

डीएम ने एआरटीओ को निर्देश दिया कि हिट एण्ड रन से दुर्घटना में मृतक व्यक्तियों को सोलेशियम स्कीम 1989 के अन्तर्गत आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जाय।



उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पम्पलेट, बैनर लगाकर सोलेशियम स्कीम 1989 का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय। साथ ही स्कीम के सम्बन्ध में समस्त उप जिलाधिकारियों को भी जानकारी उपलब्ध करा दी जाय जिससे आवश्यकता पड़ने पर उचित कार्यवाही की जा सके।

एसपी गणेश कुमार साहा ने निर्देश दिया कि स्कूल वाहनों का मानक के अनुसार संचालन सुनिश्चित कराये जाने के लिए ठोस कार्यवाही की जाय तथा ऐसे स्कूल जो नियमों की अनदेखी करें उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही भी की जाय। डीएम-एसपी ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं के विश्लेषण करते हुए ब्लैक स्पॉट पर कृत सुधारात्मक कार्यवाही के संबंध में कृत सुधारात्मक कार्यवाही की प्रगति जानी, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

बैठक की शुरुआत में एआरटीओ (प्रशासन) आलोक कुमार सिंह ने गत बैठक के अनुक्रम में हुई कृत कार्यवाही से अवगत कराया। उन्होंने शासन के निर्देश पर पांच जनवरी से चार फरवरी के मध्य आयोजित सड़क सुरक्षा माह के सफल क्रियान्वयन एवं गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, पीडब्ल्यूडी ईई तरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी, अनिल कुमार जाटव, अनिल कुमार यादव, शुभ नारायन, एनएचआई बरेली के इंजीनियर अंजीत सिंह, एआरटीओ आलोक कुमार सिंह, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, एआरएम रोडवेज, चीनी मिल के जीएम केन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# चीनी मिल प्रबंधन और संगठन के नेताओं के बीच 4 मार्च तक 20 करोड़ देने की हुई वार्ता, आंदोलन जारी

**गोला खीरी समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के आंदोलन को आज 2 माह पूरे हो गए जिला गन्ना अधिकारी ने आंदोलन स्थल पर आकर वादा किया था फरवरी भर में पिछले सत्र का संपूर्ण भुगतान करा दिया जाएगा वादा ना पूरा होने पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने वादा न पूरा होने पर 1 मार्च को कठोर कदम उठाने की चेतावनी दी थी चेतावनी को ध्यान में रखते हुए आज आंदोलन स्थल पर यूनिट हेड जेएस जादौन और गन्ना महाप्रबंधक पीएस चतुर्वेदी धरना स्थल पर पहुंचे और किसान नेताओं से वार्ता कर होली के पहले4 मार्च तक रु. 20 करोड़ रुपए भुगतान करने का वादा किया और 1 मार्च के कार्यक्रम को वापस लेने की मांग की जिस पर जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कहा आपका हर वादा झूठा साबित हो रहा है विश्वास कैसे किया जाए हम आपको समय देते हैं 1 मार्च को कोई भी उग्र कदम नहीं उठाया जाएगा हमारा आंदोलन शांति पूर्वक इसी प्रकार जारी रहेगा अब हम जान चुके हैं होली के पावन पर्व पर धरना स्थल पर ही हम लोग मोटी रोटी और नमक समिति में बैठकर खाएंगे जब हमारे किसान परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं तब हम हर्षोल्लास के साथ होली कैसे मना सकते हैं हमारा शांतिपूर्वक प्रदर्शन इसी प्रकार जारी रहेगा। आज क्रमिक अनशन पर पुत्तू लाल, तेज वर्मा, मोहनलाल, जमुना प्रसाद, सरदार हरी सिंह, सुरेश चंद्र वर्मा, परसादी लाल, बाल गोविंद, दुलीचंद, श्रवण, दाताराम, रवि, कुलदीप, नेतराम, धर्मेंद, लल्ला, राम नरेश, धीरेंद्र, अमरजीत, पंडित श्रवण, सुरेश, बलविंदर, रघुवीर, डॉ राजेश, रामनिवास, अवनीश, कृष्ण यादव, देवीदयाल, सत्य शरण, सुनील, राजेश, महेंद्र, राजेंद्र सहित कई के साथी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अब थाना फीडर से जुड़े 33 गांवों को रऊ फीडर से होगी विद्युत आपूर्ति

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** विद्युत उपकेंद्र मांखी से रऊ फीडर के 33 गांवो में दी गयी विद्युत सप्लाई विद्युत उपकेंद्र ऐरा भदियार में चल रहे लंबे समय से ज्यादा लोड की समस्या से उपभोक्ताओं को विद्युत सप्लाई नहीं प्राप्त हो पा रही थी जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पडता था। उपभोक्ता लगातार प्रशासन से मांग करते थे कि निर्बाध रुप से बिधुत सप्लाई प्राप्त हो सके। ऐरा भदियार के थाना फीडर से चल रही सप्लाई को काटकर मांखी पावर हाउस के रऊकरना फीडर से लाइन जोडकर उपभोक्ताओं को सप्लाई देने का काम शुरु कर दिया गया है जिससे वरवट, लोहारखेड़ा, अब्बासपुर, दोस्तीनगर, रामसिंह खेड़ा, हिंदूखेड़ा, ऐधाखेड़ा, भतावां, बाबूखेड़ा, कालीचरणखेड़ा, महावीरखेड़ा, पटियारा, पूरा निस्फपंसारी, गढी, थाना, चंधौर, मऊ, दबौली, लालताखेड़ा, बौनामऊ, रऊकरना, डीहा, जवाहिरखेड़ा, तालिब नगर, नगवागड़ी, रामसिंहखेड़ा, अफ्जल नगर, कलंदरखेड़ा, किन्ना, नयाखेड़ा, खटौली, नूरुद्दीननगर के उपभोक्ताओं को विद्युत उपकेंद्र मांखी पावर हाउस से सप्लाई प्राप्त होगी। माखी पावर हाउस जेई निशांत यादव व ऐरा भदियार पावर हाउस जेई आशीष चौधरी सुपरवाइजर आकाश सिंह सेंगर आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### मिट्टी की पटाई कर कर लिया कब्जा पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खालेपुरवा गांव में दो पक्षों के जमीनी विवाद चल रहा है। आरोप है कि एक पक्ष ने दबंगई दिखाते हुए मिट्टी पटान करवा दी। इसके बाद जास्ती से छप्पर भी चढ़ा दिया है। कैसरगंज तहसील क्षेत्र के खालेपुरवा गोड़हिया नंबर एक में दो पक्षों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। आये दिन मारपीट की स्तिथि बनी रहती है। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीरथ राम पुत्र रामप्यारे तथा दूसरे पक्ष के बीच में जमीन को लेकर विवाद है । पीड़ित का कहना है वह तथा विपक्षी भूमि के आधे भाग के बराबर हिस्सेदार हैं।पूर्व में किए गए समझौते के अंतर्गत बुजुर्गों ने एक कुआं बनाया था । जो आधा पीड़ित तथा दूसरे पक्ष के बीच में आधा-आधा बना था। वहीं से दोनों पक्षों का रास्ता था, पीड़ित का आरोप है कि दूसरे पक्ष ने जबर्दस्ती मिट्टी पटाई करके कब्जा कर लिया, और रास्ता बंद कर दिया है तथा कि छप्पर चढ़ा लिया है। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। इस मामले में कोतवाल दद्दन सिंह का कहना है कि राजस्व का मामला तहसील कर्मियों के द्वारा निपटाया जायेगा। जरूरत पड़ी तो पुलिस को भेज दिया जाएगा।

### डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को सुबह 11 बजे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश कुमार साहा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। डीएम-एसपी ने सभी बैरकों में प्रवेश करके गहनता के साथ जांच-पड़ताल किया। निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिला। डीएम ने मुकम्मल साफ-सफाई के साथ ही सभी बैरकों में सतत निगरानी का भी निर्देश दिया। डीएम-एसपी ने बंदियों का हालचाल जाना, खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की, जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने स्वयं भोजन की गुणवत्ता देखी। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। डीएम एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जेलर पंकज सिंह, डिप्टी जेलर सुनील कुमार, अजय कुमार सिंह, राजेंद्र कुमारी, चिकित्सक डॉ. सुनील मौजूद रहे।

# सैनिक सम्मलेन व मासिक अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

28 फरवरी 2023 को पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा की अध्यक्षता में पुलिस लाईन सभागार में सैनिक सम्मलेन व मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं पुलिस कार्यालय सहित समस्त शाखाओं के प्रभारी आदि अधिकारीगण सम्मिलित हुए। सैनिक सम्मलेन के दौरान विभिन्न थानों व कार्यालयों से आए पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत व विभागीय समस्याओं की जानकारी की गई तथा उनके समयबद्ध विधिक निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया।

मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं से संबंधित पंजीकृत अभियोगों एवं लंबित विवेचनाओं की थानावार पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से समीक्षा करते हुए समयबद्ध रुप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

हत्या,दुष्कर्म,लूट आदि जघन्य अपराधों के अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने, बरामदगी हेतु शेष अपहृताओं की सकुशल बरामदगी, पुरुष्कार घोषित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने एवं शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर की कार्यवाही करने व गैंगस्टर एक्ट की धारा के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। गम्भीर अपराधों, पॉक्सों एक्ट, बलात्कार आदि के अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु भी निर्देश दिये गये। चोरी, नकबजनी व वाहन चोरी की घटनाओं पर अकुश लागने हेतु कार्य योजना तैयार करके प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

अवैध मादक पदार्थो के निर्माण, ब्रिकी व परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर इनकी रोकथाम एवं ऐसे कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, जमीनी विवादों के संबंध में सतर्कता रखने व इसकी रिपोर्ट राजस्व अधिकारियों को प्रेषित करने, अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के शस्त्र निरस्तीकरण की रिपोर्ट देने, आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए गए। थानों पर दाखिल विभिन्न अभियोगों से संबंधित माल मुकदमाती के विधिक निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये। आगामी त्यौहारों होली व शब-ए-बारात के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित करके त्यौहारों को आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ मनाने की अपील करने हेतु निर्देशित किया गया।

# अवैध खनन, परिवहन पर प्रशासन ने की प्रभावी कार्यवाही, हड़कंप

▸ अवैध खनन, परिवहन में लिप्त 253 वाहनों पर कार्यवाही, प्रशासन ने वसूला 69.08,877 लाख का राजस्व

**लखीमपुर खीरी समृद्धि।**

जनपद खीरी में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन, निर्देशन में अवैध खनन/परिवहन पर अंकुश लगाये जाने, प्रभावी रोकथाम लगाये जाने के लिए सतत निगरानी रखी जा रही है।

जनपद खीरी में अवैध खनन, परिवहन पर अंकुश लगाये जाने, प्रभावी रोकथाम लगाये जाने, सतत निगरानी रखते हुए माह फरवरी, 2023 में अवैध खनन/परिवहन में सम्मिलित कुल 34 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए मु0 6,27,187 रू0 राजस्व की वसूली की गई तथा 04 वाहनों को सबन्धित थानों में सीज करते हुए उनकी अभिरक्षा में रखा गया है। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2022-2023 में अब तक कुल 253 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल मु.

69.08,877 लाख की राजस्व वसूली की गई, जो कि विगत वर्षो से अधिक राजस्व की प्राप्ति की गई।

डीएम ने बताया कि किसी भी दशा में साधारण बालू/ मिट्टी का अवैध खनन न किया जाय, अन्यथा की स्थिति में संबंधित वाहनों को सीज कर वाहन व वाहन स्वामी तथा भू-स्वामी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# सहारा निवेशकों के पक्ष में आंदोलन के तिरपनवें दिन मिली सफलता

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद सीतापुर संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में सहारा निवेशकों की जमा धनराशि वापसी हेतु शुरू किए गए आंदोलन के परिणाम स्वरूप भ्रष्टाचार में लिप्त सुब्रत राय सहित आठ लोगों पर सीतापुर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

आंदोलन में मिली इस सफलता में संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू, किसान मंच राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह,सिख संगठन जिला अध्यक्ष गुरुपाल सिंह, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह के साथ किसान मंच जिला प्रभारी व सहारा निवेशक संगठन अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा की अगुवाई में हुई आंदोलन की शुरुआत के बाद दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर दोषी सिद्ध करने में मिली इस सफलता से यह प्रमाणित हो गया है कि किसी भी क्षेत्र में निष्ठा और लगन के साथ शुरू किया गए आंदोलन में समय की तो कोई गारंटी नहीं होती परंतु सफलता निश्चित ही मिलती है। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आंदोलन में भागीदारी करने वाले सहारा निवेशक साथियों के साथ अन्य सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने आंदोलन में तिरपन दिनों तक एकजुटता के साथ संघर्ष में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित की।

# मोहम्मदी में रंग महोत्सव होली त्यौहार का अपना अलग ही महत्व है

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदी में रंग महोत्सव होली त्योहार का अपना अलग ही महत्व है। जिसमें कई दिन पहले से ही तैयारियां शुरू हो जाती हैं। दो दिन रंग महोत्सव की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों में भ्रमण करती है। जिसमें आगे झंडा, डीजे, लिली घोड़ी, बैंड, ब्रास बैंड, भांगड़ा बैंड रंगों की ट्रालियां, प्रेशर मशीन, रंग के टैंकर, गुलाल मशीन आदि चलते हैं। उसके पीछे मनोरम झांकियां, ट्रैक्टर ट्रालियों पर चलती हैं। इन्हीं में लोक गायकों की टोली भी होती है। अपनी भव्यता के कारण दोनों दिनों की शोभायात्रा नगर में ही नहीं अपितु देश-विदेश में ख्याति प्राप्त कर चुकी है। इन शोभा यात्राओं में जो व्यक्ति एक बार सम्मिलित होता है। वह बार-बार मोहम्मदी में ही होली मनाना चाहता है।

लोकभारती के जिला संयोजक व युवा समाज सेवा समिति मोहम्मदी के अध्यक्ष अतुल रस्तोगी ने बताया कि शोभायात्रा की शुरूआत उनके पिता स्व. लाला कामेश्वर दयाल रस्तोगी ने सन 1950 में की थी तथा उन्होने पौराणिक देवीस्थान मंदिर मोहम्मदी में होली मिलन का मेला सन 1964 में शुरू करवाया था जो आज भी चल रहा है। शुरू में शोभायात्रा में लोकगायकों की एक टोली चला करती थी, जिसे धमार बोलते थे। उस टोली के माध्यम से होली के गीत गाए जाते थे। साथ में मृदंग, चिमटा, मजीरा, ढोलक, थाली आदि के वादक साथ में चलते थे। उस समय बिना माइक के ही यह टोली रंग जमा देती थी। साथ में चलने वाले सभी लोग मस्ती में झूमने लगते थे। इस टोली में मुख्य रूप से स्वर्गीय ननकाई कनौजिया, स्वर्गीय छुटकाई कनौजिया, ख्यालीराम, पूरन, रामलाल, जैराखन, निरंजन आदि कलाकार हुआ करते थे।



**सन 1964 से होली के तीसरे दिन लगने वाला मेला आज भी है आकर्षण का केंद्र**

सन 1964 से होली के तीसरे दिन लगने वाला होली मिलन का मेला पौराणिक देवीस्थान मंदिर पर आज भी लग रहा है। स्व. लाला कामेश्वर दयाल रस्तोगी के समय होली मिलन का मेला काफी भव्य हुआ करता था। जिसमें लोक गायकों की धमारें कहरौला, मगरेना, शंकरपुर छावनी, गरबापुर, तुरकहटा, हथेला आदि गांव से आती थी और फाग गाते हुए व नृत्य करते हुए देवीस्थान मंदिर के परिसर का चक्कर लगाती थी। उसके बाद पुनः वापस जाती थी। मेले में बड़ी संख्या में कई प्रकार के झूला, भालू वाले मदारी, बंदर वाला मदारी, जादू दिखाने वाले जादूगर, व नाच दिखाने वाले लोग एवं दुकाने आया करती थी। होली में प्रथम दिन रंग के बाद बाजार गंज व शुक्लापुर के लोग, दूसरे दिन रंग के बाद भीतर मोहम्मदी के लोग झुंड के झुंड लोग होली मिलन के लिए नगर में निकलते हैं। सभी अपने परिचितों, इष्ट मित्रों के यहां होली मिलन के लिए अवश्य जाते हैं। होली मिलन में हिंदू, मुस्लिम, सिख सभी एक दूसरे को बधाइयां देते हैं व आपस में गले मिलते हैं तथा परंपरागत रूप से बनाई गई गुझियों का आनंद लेते हैं।

शोभायात्रा में यह धमार आगे चलती थी। इसके पीछे रंग के ड्रमो से भरी एक बैलगाड़ी चला करती थी। जिसमें बड़ी बड़ी पिचकारी हुआ करती थी। इन पिचकारियों के माध्यम से मकानों के ऊपर बैठे हुए लोगों पर रंग डालते थे। प्रतिउत्तर में बड़ी मात्रा में मकान की छतों से शोभायात्रा पर भी रंग डाला जाता था। पुराने समय में रंग के लिए पानी की व्यवस्था शोभायात्रा मार्ग में पड़ने वाले कुंओ से की जाती थी। इसके लिए पहले से ही कार्यकर्ता नियुक्त होते थे। रंग के पश्चात यह लोकगायकों की टोली नगर मे एक साल के अंदर जिन घरों में किसी परिजन की मृत्यु हो जाया करती, उनके घरों के सामने जाकर गाकर शोक प्रकट करते थे। आम बोलचाल में इसे होलिका का दुआरा कहते थे। पहले दिन की शोभायात्रा में स्वर्गीय रामेश्वर दयाल रस्तोगी, स्व. रामेश्वर दयाल रस्तोगी, स्व. आदित्य मिश्रा, स्व. विश्वेश्वर दयाल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुआ करते थे। 15 अगस्त 1990 में युवा समाज सेवा समिति का गठन हुआ। जिसके संस्थापक अध्यक्ष अतुल रस्तोगी व उनके सहयोगी अनुराग शुक्ला राजेंद्र मिश्रा एड. अंजुल श्रीवास्तव के माध्यम से सन 1991 से शोभायात्रा का संचालन शुरू हुआ जो अनवरत आज तक चल रहा है। 32 वर्षों से उन्होंने शुरू में जो टीम बनाई थी वह टीम आज भी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। युवा समाज सेवा समिति द्वारा निकाली जाने वाली शोभायात्रा की चर्चा व ख्याति इस बात को लेकर भी है कि यह हर बार शोभायात्रा में नए-नए प्रयोग करती है। परंपरागत झांकियां भगवान गणेश जी, राधाकृष्ण, सीता राम, पार्वती शंकर, दुर्गा काली, बरसाना, वृंदावन, लठमार होली के अतिरिक्त प्रतिवर्ष सामाजिक जागरूकता व सामाजिक संदेश देने वाली झांकियां समिति की विशेषता है। जिनमें मुख्य रूप से रूस यूक्रेन युद्ध विभीषिका, बुलडोजर बाबा, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, भारत माता, गायत्री माता, गौतम बुद्ध, कारगिल के जवान, सियाचिन के जवान, गौरक्षा संरक्षण व संवर्धन, जंगल की होली, सर्व शिक्षा अभियान, गांधी जी का संदेश, कोविड से कैसे करें बचाव आदि झांकियां पूर्व में बहुत सराही गई हैं। निशुल्क ट्रैक्टर ट्राली व्यवस्था रतीश गर्ग, जितेंद्र सिंह झांकियों में प्रमुख सहयोग मोहनलाल कश्यप, अनुराग श्याम रस्तोगी, धीरेंद्र सिंह, शाहजहांपुर व गोला के कलाकारों आदि का सहयोग रहा है। दूसरे दिन की शोभायात्रा का शुभारंभ फ्रेंड्स यूनियन द्वारा राधा-कृष्ण रंगारंग महोत्सव द्वारा शुरू हुई। शुरू में स्व. प्रेमचंद रस्तोगी, देवेंद्र कुमार भारद्वाज, विक्रम चंद्र रस्तोगी, सुंदरलाल शर्मा आदि का मुख्य सहयोग रहा। फ्रेंड्स यूनियन द्वारा सन 1977 से 1991 तक शोभायात्रा निकाली गई। सन 1992 से 1994 तक स्व. राजीव शुक्ला, गोविंद गुप्ता, आसाराम राठौर, संजय गुप्ता व उनके सहयोगियों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद से शोभायात्रा गल्ला मंडी, बाजार गंज से फ्रेंडस क्लब के नाम से निकाली जाने लगी। जिसमें मुख्य रुप से आलोक राठौर, हरिशंकर राठौर, अर्जुन राठौर, उमाशंकर गुप्ता आदि प्रमुख है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

▸ प्रश्नोत्तरी में लक्ष्मी रमण त्रिपाठी, चित्रकला में पूनम भारती व निबंध लेखन में अंजनी को प्रथम स्थान

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




मंगलवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर चित्रकला, निबंध लेखन व विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन बीरबल साहनी विज्ञान क्लब सोनबरसा (VP-UP®199) द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। निबंध लेखन में अंजनी प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय व दिनेश तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में पूनम भारती प्रथम, मुनिया तिवारी द्वितीय व सुषमा तृतीय स्थान पर रहीं।इसी प्रकार विज्ञान प्रश्नोत्तरी में लक्ष्मी रमण त्रिपाठी प्रथम,अमन कुमार द्वितीय व दिनेश कुमार तृतीय स्थान पर रहे।इन बच्चों को यथोचित पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक व क्लब समन्वयक बलजीत सिंह कनौजिया ने बच्चों को विज्ञान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। शिक्षक द्वारा बताया गया कि रमन प्रभाव की खोज के लिए सर सी0वी0रमन को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।अन्य बच्चों साबिर अली, शिवम, अंशिका, खुशनाज, महिमा, केशमी, लक्ष्मी, मनीषा, दीपक, अमन, नन्दनी कनौजिया, विकास,सूरज, आंचल, शिवानी, हिमांशी, अंकित,किरन, संगीता अंशिका मौर्या, उन्नति, सुन्दरी,रेशमा, अनामिका आदि बच्चों के कार्य भी सराहनीय रहे। इन बच्चों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर स्कूल स्टाफ सुरेश कुमार, अमर ज्योति शर्मा, पूनम यादव, अनुराधा मिश्रा, रवीन्द्र कुमार, राम लखन आदि उपस्थित रहे।

# बड़े बकायेदार को चिहिन्त करने के निर्देश

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी डेटा बनाया जाये वह सभी जे0ई0 स्वयं भी चेक जरूर करें और जो भी मीटर रीडिंग लेने जाते है वह घर घर जाकर मीटर रीडिंग लें ताकि जो भी डेटा है वह ठीक ढंग से बन सकें। साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्युत से संबंधित कमियां हैं उनकी समीक्षा अपने स्तर से भी करें। उन्होनें अभी तक जनपद में की गयी बीलिंग की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि जो भी बीलिंग की जाये वह घर घर जाकर की जाये, ऐसे ही किसी उपभोक्ता की बीलिंग न की जाये। उन्होनें संबंधित अधिकारी से विद्युत चोरी और उस पर किये जाने वाली कार्यवाही के बारे में भी जानकारी ली। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी बड़े बकायेदार है उनको चिहिन्त करते हुये उनकी सूची बना लें ताकि उन पर कार्यवाही की जा सके। उन्होनें संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि कैम्प लगाकर वसूली की जाये। कैम्प जब भी लगाये जायें उनका प्रचार-प्रसार अवश्य ही किया जाये। वसूली निरन्तर होती रहे यह सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हफ्ते भर में टीबी के 59 मरीजों की पहचान, 5 मार्च तक जारी रहेगा अभियान

▸ राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में चल रहा टीबी रोगी खोज अभियान

▸ अभियान में जिले की कुल आबादी 38 लाख 899 की 20 प्रतिशत जनसंख्या यानि 7 लाख 60 हजार 180 को आच्छादित करने लक्ष्य

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

टीबी बीमारी की शीघ्र पहचान कर उसका इलाज शुरु करने से जहां एक ओर रोगी को जल्द इससे छुटकारा मिल जाता है, वहीं बीमारी के प्रसार पर भी रोक लगती है। इसके लिए जिले में 20 फ़रवरी से 05 मार्च तक दो चरणों में सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान (एसीएफ) चलाया जा रहा है। इसमें लगी तीन सौ टीमों ने 26 फ़रवरी तक 59 क्षय रोगियों की खोज की है। क्षय रोग विभाग ने इन सभी नए क्षय रोगियों का इलाज भी शुरु कर दिया है।

उक्त जानकारी सोमवार को जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ जय गोविन्द ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाये जाने का संकल्प लिया है। इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। विभिन्न अभियानों के माध्यम से संभावित टीबी मरीजों की जाँच कर टीबी की पुष्टि होने



पर मरीजों को तत्काल औषधि उपलब्ध करायी जा रही है। प्रयासों के इसी कड़ी में जनपद के समस्त 16 ब्लॉकों तथा 03 अन्य स्वास्थ्य इकाईयों क्रमशः खरगूपुर, मसकनवॉ एवं जिले पर दो चरणों में एसीएफ चलाया जा रहा है।

इसके पहले चरण में 20 से 23 फ़रवरी तक अनाथालय, वृद्धाश्रम, नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह, मदरसा व नवोदय विद्यालय आदि में अभियान चलाया गया। प्रथम दो दिवसों में जिला जेल में निरूद्ध कैदियों में से 915 कैदियों की एचआईवी जॉच तथा 33 टीबी के संभावित लक्षणों वाले कैदियों के बलगम की जाँच करायी गयी, जिसमें अभी तक कोई भी धनात्मक मरीज नही मिला है। इसके बाद अन्य चिन्हित जगहों पर अभियान चलाने के साथ कुल 42 मदरसों में 366 व्यक्तियों की टीबी की स्क्रीनिंग करायी गयी। वहीं दूसरे चरण में जनपद की कुल आबादी 38 लाख 899 की 20 त्न जनसँख्या यानि 07 लाख 60 हजार 180 की आबादी में (शहरी एवं ग्रामीण मलिन बस्ती एवं हाई रिस्क ग्रुप) अभियान आगामी 05 मार्च तक जारी रहेगा। इसमें 900 स्वास्थ्य कर्मियों की कुल कुल 300 टीमें कार्य कर रही हैं। 60 पर्यवेक्षक के साथ-साथ अपर मुख्य चिकित्साधिकारी तथा एनटीईपी के अधिकारी अलग से सहयोगात्मक पर्यवेक्षण कर रहे हैं। कुल 29 जॉच केन्द्रों पर समस्त बलगमों की जॉच हो रही है। धनात्मक क्षय रोगियों की ब्लड शुगर, यूडीएसटी तथा एचआईवी की जॉच भी की जा रही है। जिला कार्यक्रम समन्वयक विवेक सरन ने बताया कि टीमों द्वारा 26 फ़रवरी तक 02 लाख 02 हजार 130 लोगों की स्क्रीनिंग की गयी है। इसमें टीबी के संभावित 869 लोगों के बलगम के नमूने जाँच के लिए एकत्रित किये गए। जाँच में कुल 59 क्षय रोगी पाए गए, जिनका उपचार शुरु कर दिया गया है। इन सभी मरीजों का ब्यौरा भारत सरकार के निःक्षय पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। इलाज के दौरान पौष्टिक आहार के लिए निक्षय पोषण योजना के तहत शीघ्र ही उन्हें 500 रुपये प्रतिमाह बैंक खाते में भेजी जाएगी।

दो दिवसीय कृषि मेला का हुआ समापन

# सांसद ने बताया सरकार की कल्याणकारी योजनाएं

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

नगर क्षेत्र में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर आयोजित दो दिवसीय किसान मेला मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा सांसद उपेन्द्र रावत ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला।

उन्होने कहा कि वर्तमान में प्रदेश व देश में चल रही डबल इंजन की सरकार ने किसानों के लिए विशेष योजनाएं चला रखी है।इसी के चलते किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हुई है।

उन्होने किसानों को उन्नत खेती की सलाह दी।कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के कुलपति डॉ विजेन्द्र सिंह ने किसानों को सब्जी व फल के उत्पादन पर जोर दिया।कहा इससे किसानों की आय में भारी बढ़ोत्तरी होगी।प्रसार निदेशक एपी राव ने किसानों के बच्चों को कृषि विश्वविद्यालय में एडमीशन कराने की सलाह दी।साथ ही एडमिशन की प्रक्रिया बताई।



## दो पुस्तकों का विमोचन

किसान मेले में मुख्य अतिथि सांसद,कुलपति एवं प्रसार निदेशक ने हरा चारा उत्पादन एवं तकनीक व फसल अवशेष प्रबंधन नामक पुस्तकों का विमोचन किया।प्रदर्शनी में लगाए गए स्टाल में नेशनल फर्टिलाइजर्स कंपनी को प्रथम पुरस्कार दिया गया।केन्द्र प्रभारी शैलेश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों एवं किसानों के प्रति आभार प्रकट किया।

## दूसरे दिन भी पहुंचे भाजपा नेता पंकज दीक्षित

सोमवार को भाजपा नेता पंकज दीक्षित एवं केवीके कर्मचारी के बीच हुई मारपीट के कारण मंगलवार को किसान मेले में कई सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए थे।दोपहर में अचानक भाजपा नेता पंकज दीक्षित किसान मेले में आ पहुंचे। उनके आते ही पुलिस कर्मियों ने उन्हें घेर लिया। भाजपा नेता ने कहा कि वह किसान के रूप में आए हैं।लेकिन पुलिस कर्मी उन्हें किसान मेले से बाहर ले आए।पुलिस के समझाने के बाद भाजपा नेता वापस लौट गए।

## अविवि में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**अयोध्या (समृद्धि न्यूज़)।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 27 वें दीक्षान्त समारोह के उपलक्ष्य में दीक्षान्त पखवाड़ा के अन्तर्गत मंगलवार को कल्पना चावला सभागार में छात्रों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसमें 25 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह व समिति के सदस्यों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया।इसमें छात्रों ने अपने परिचय के साथ प्रतियोगिता शुरू की। इसके उपरांत छात्रों ने उपाधि एवं ज्ञान तथा फेमिनिज्म विषय पर अपने विचार दमदार तरीके से रखे।इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ0 वंदिता पांडेय,डॉ0 अलका माथुर,डॉ0 निमिष मिश्रा रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता से छात्रों का आत्मबल बढ़ता है।

## कोर्ट की समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं ने जिला जज को सम्बोधित सौंपा ज्ञापन

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** सिविल कोर्ट परिसर से सम्बंधित समस्याओं के संदर्भ में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशकरन तिवारी व महामंत्री सुनील कुमार त्रिवेदी की अगुवाई में जनपद न्यायाधीश को संबोधित एक ज्ञापन दिया गया ।ज्ञापन में सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं को बैठने हेतु भूमि का चिन्हांकन अविलंब सुनिश्चित कराए जाने, सिविल कोर्ट हैदरगढ़ कोर्ट नंबर 24 का न्यायिक क्षेत्राधिकार बढ़ाकर 5 लाख किए जाने तथा अधिवक्ताओं के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था कराए जाने, फौजदारी मामलों में कोतवाली हैदरगढ़, थाना लोनी कटरा, थाना असंद्रा, थाना जैदपुर, के फौजदारी वादों की सुनवाई का क्षेत्राधिकार कोर्ट नंबर 24 हैदर गढ़ को दिए जाने की मांग शामिल है। ज्ञापन देने वाले अधिवक्ताओं में रज्जन लाल, राजेश, आलोक सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल थे।

## अनुपस्थित अध्यापक के विरुद्ध नहीं हुई कार्रवाई

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** एक सप्ताह पूर्व डायट प्राचार्य के आकस्मिक निरीक्षण में विद्यालय से अनुपस्थित पाए गए सहायक अध्यापक के विरुद्ध अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को इस मामले में अभी आख्या का इंतजार है। उल्लेखनीय है कि गत 20 फरवरी को डायट प्राचार्य द्वारा हैदर गढ़ शिक्षा क्षेत्र के 2 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया था जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय पूरे भवानी सिंह के सहायक अध्यापक राणा यशवंत सिंह एक माह से अनुपस्थित पाए गए थे। उल्लेखनीय है कि यह विद्यालय पूर्व से भी चर्चा में था क्योंकि सहायक अध्यापक राणा यशवंत सिंह महीने में एक बार विद्यालय आने के लिए जाने जाते हैं। डायट प्राचार्य ने अपने निरीक्षण में 1 महीने अनुपस्थित पाए जाने वाले शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए थे फिर भी आज तक उक्त शिक्षक के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो सकी जब इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बाराबंकी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में अभी तक डायट प्राचार्य से कोई आख्या नहीं प्राप्त हुई है इतना कहकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा फोन काट दिया गया। वही जब इस संबंध में जानकारी के लिए खंड शिक्षा अधिकारी हैदरगढ़ से बात की गई तो उन्होंने ट्रेनिंग में होने की बात बताई और बाद में बात करने के लिए कहा।

# अस्पताल प्रशासन की लापरवाही से दो घंटे तड़पता रहा युवक

### प्रत्यक्षदर्शियों की आपत्ति पर दो घंटे बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ हो सका रवाना

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

थाना सुबेहा अंतर्गत बलिया एक्सप्रेस वे के 53 वे किलोमीटर पर गेरावा गांव के पास हुए सड़क हादसे में ट्रेलर द्वारा पिकअप में टक्कर मार देने से पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिसके चलते पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाई जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल चालक को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया, परंतु जिम्मेदार लोगों की लापरवाही के चलते जिंदगी और मौत से जूझ रहा चालक 2 घंटे बाद ट्रामा सेंटर के लिए रवाना हो सका। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह लगभग 6~30 लखनऊ से गाजीपुर की ओर जा रही पिकअप मे पीछे से आ रहे ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई इस दुर्घटना में पिकअप चालक जिला कानपुर देहात के अमरोधा पिपरी गांव निवासी 45 वर्षीय दीनू पुत्र प्रभु गंभीर रूप से घायल हो गया। बताते हैं कि 108 एंबुलेंस द्वारा सुबह 7~15 बजे हैदरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंभीर अवस्था में पहुंचाए गए पिकअप चालक को प्राथमिक उपचार के बाद इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ द्वारा बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया था।



# शिक्षा के नये तकनीकी परिवर्तनों पर ध्यान देना होगा

### अवध विवि में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

अयोध्या, समृद्धि न्यूज़

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में एक्टिविटी क्लब द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सीएसटी उत्तर प्रदेश की संयुक्त निदेशक डॉ0 हूमा मुस्तफा रही।उन्होंने इमरजिंग ट्रेंड्स इन साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी विषय पर बोलते हुए कहा कि वर्तमान की नई तकनीकें हमारे जीवन की अभिन्न अंग बन गई है।इनमें विद्यार्थी अपने कौशल में सुधार करते हुए रोजगार के अच्छे अवसर विकसित कर सकते है। उन्होंने कहा कि छात्रों का नवाचार समाज के लिए उपयोगी होगा। शिक्षा के नये तकनीकी परिवर्तनों पर ध्यान देना होगा।कार्यक्रम में कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा ने विज्ञान के तकनीकी पक्षों पर अपने विचार रखे।अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि विज्ञान ने तकनीकी को जन्म दिया है। इसके पीछे वैज्ञानिकों के वृहद अनुसंधान रहे है।




## डीसी मनरेगा ने अमृत सरोवर का किया निरीक्षण

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत जरौली में स्थित सीडीएस जनरल बिपिन रावत अमृत सरोवर का डीसी मनरेगा बृजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा मंगलवार को खंड विकास अधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव पंचायत सचिव संयम मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि भानु बाजपेई एवं मनरेगा मजदूरों की मौजूदगी में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव को इस अमृत सरोवर के चारों दिशाओं में इंटरलॉकिंग कार्य व सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान डीसी मनरेगा यहां पर कराए जा रहे कार्यों से संतुष्ट देखे गए ।इस दौरान उन्हें बताया गया कि यह अमृत सरोवर त्रिवेदीगंज विकास क्षेत्र के टॉप फाइव अमृत सरोवरों में चयनित किया गया है और 66 पंचायतों में से यह पंचायत अमृत सरोवर के निर्माण में सराहनीय कार्य कर रही हैं।

## पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम का किया आयोजन



बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

समर्पणम संस्था द्वारा जिले के तीन ब्लाकों के पर्यावरण संरक्षण प्रतियोगिता में शामिल व स्थान लाने वाले छात्र छात्राओं के पल्हरी स्थित शिव मंदिर योगाश्रम में फेयर कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमे प्रतियोगिता में स्थान लाने वालों छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। स्टेम कंपीटेशंस में निबंध लेखन, आर्ट क्राफ्ट, क्विज और डिबेट जैसे कार्यक्रमों के स्कूल स्टूडेंट्स ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया साथ में साइंटिफिक टेम्परामेंट से सबको अचंभित भी किया। गौरतलब है कि ब्लॉक मसौली, हरक ,बंकी फतेहपुर, देवा में डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के ÷साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यक्रम चलाया गया है। संस्थान की प्रमुख नीलिमा दीपक ने पांचो ब्लॉक्स में स्कूलों में बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट कंपीटेशंस का आयोजन किया जहां स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अलग अलग छेत्र के एक्सपर्ट्स श्रीमती शिखा शुक्ला, डॉ रिया,डाएस के अवस्थी ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही शुशांत दीक्षित, शिव कुमार व्यास , कौशल किशोर, मानु पटेल, राघवेंद्र, रामसेवक यादव आदि इन सभी शिक्षकों,का सहयोग प्रंशशनीय रहा। संस्था प्रमुख नीलिमा दीपक ने बताया कि संस्था आगे भी पर्यावरण बचाओ अभियान को इसी प्रकार जारी रखेगी।

# एयरटेल के 5-जी नेटवर्क पर यूनिक कस्टमर्स की संख्या एक करोड़ के पार

**लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)।** भारत की अग्रणी टेलीकम्यूनिकेशन कम्पनी भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज अपने नेटवर्क पर एक करोड़ यूनिक 5जी ग्राहकों का आंकड़ा पार करने की घोषणा की है।

देश में एयरटेल अक्टूबर 2022 में 5जी सेवाओं को रोल-आउट करने वाला पहला सर्विस प्रोवाइडर था। आज एयरटेल 5 जी प्लस सर्विस देश के सभी राज्यों में उपलब्ध है। कंपनी मार्च 2024 के अंत तक एयरटेल 5जी सेवाओं के साथ हर कस्बे और प्रमुख ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने के लिए तैयार है। नवंबर 2022 में, एयरटेल अपने व्यावसायिक लॉन्च के 30 दिनों के भीतर अपने नेटवर्क पर 10 लाख यूनिक कस्टमर्स वाला पहला और एकमात्र ऑपरेटर बन गया था। भारती एयरटेल के सीटीओ रणदीप सेखों ने कहा, ÷अभी यह प्रारंभिक चरण है, लेकिन हम अपने ग्राहकों से मिली प्रतिक्रिया से रोमांचित हैं।

# त्योहारों में के मद्देनजर एसडीएम ने प्रधानों से मांगे सुझाव

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

आगामी त्योहारों को लेकर उपजिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों के साथ बैठक किया। जिसमें होली एवं शब ए बारात जैसे त्योहारों को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सुझाव मांगे गए। तहसील सभागार में हुई इस बैठक में उपजिलाधिकारी विश्वमित्र सिंह ने सभी प्रधानों से कहा की शासन के विकास एजेंडे पर गांवों में कराए जा रहे विकास कार्यों में किसी के साथ भेदभाव न करें। साथ ही उन्होंने कहा कि त्यौहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में आप लोग सहयोग करें। एक बार पूरे गांव का मनन कर विचार करें कि कहां पर विवाद हो सकता है। यदि आप से समस्या का समाधान ना हो पाए तो प्रशासन का सहयोग लें। हम आपकी समस्या को दूर करने के लिए हमेशा तैयार हैं। बैठक में प्रधानों ने भी अपने सुझाव दिए और गांव में कराए जा रहे विकास कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में मौजूद कोतवाली प्रभारी बदोसराय अमर चौरसिया ने प्रधानों से गांवों में त्यौहार के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी ली और आश्वस्त किया कि त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगा । कहीं कोई समस्या है तो उसका समाधान किया जाएगा। प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश वर्मा की अगुवाई में आयोजित इस बैठक में निसार मेहंदी रविंद्र कुमार अवस्थी राम सिंह वर्मा ओम प्रकाश वर्मा नियाज अहमद राम सिंह यादव राम प्रताप वर्मा अनिल वर्मा बेनी प्रसाद सतीश चंद्र चंद्रभान रावत अमरेश वर्मा दिनेश कुमार पंकज यादव स्वतंत्र सिंह मुकाम हुसैन अकरम अंसारी दयाशंकर शुक्ला औन मियां पवन वर्मा रियाज मसूद रामहेत जय राम मौर्य जय प्रकाश वर्मा कुशमेश मखनचु शुक्ला सहित दर्जनों प्रधान मौजूद रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य उपचार जागरूकता शिविर का हुआ आयोजित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर में मानसिक स्वास्थ्य उपचार एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को मानसिक रोग के बारे में जागरूक करने के लिए करीब डेढ़ दर्जन लक्षणों से अवगत कराया गया। जिससे व्यक्ति समय से मानसिक लोगो को बिना हिचके पहचान कर चिकित्सक को दिखा सके। इस शिविर में मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ फरहाद अली व डॉ अब्बास के साथ ही सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष कुमार सिंह ने मरीजों को मानसिक रोगों के संबंध में जागरूक किया। इसमें मानसिक रोगों के अलावा अन्य मरीजों को भी देख कर दवाएं दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डॉ संतोष कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर समस्त आशा बहू एवं ऐनम के साथ ही अन्य पैरामेडिकल स्टाफ भी मौजूद रहा।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न प्रमुख ने की अध्यक्षता

मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

## जेई आरएस ने किया संचालन

मंगलवार को ब्लॉक सभागार में ब्लाक प्रमुख रईस आलम की अध्यक्षता एव अवर अभियंता प्रमोद गौतम के संचालन में क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। क्षेत्र पंचायत की बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों एव क्षेत्र पंचायत सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए ब्लाक प्रमुख रईस आलम ने क्षेत्र पंचायत द्वारा कराये गये कार्यों को पढ़कर सुनाया गया तथा खर्च धनराशि की जानकारी दी गई।

ब्लाक प्रमुख रईस अहमद ने कहा कि क्षेत्र के विकास में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधानो की अहम भूमिका होती है।जिस तरह आप लोगों का सहयोग मिले रहा है उससे विकास बहुत अच्छा हो रहा है ब्लाक प्रमुख ने क्षेत्र के विकास के लिए तमाम योजनाओं के क्रियान्वित करने की जानकारी देते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्यों से जल्द से जल्द कार्यो के प्रस्ताव देने की बात कही। रईस आलम ने जनप्रतिनिधियों से विकास कार्यो में सहयोग की अपील की। खण्ड विकास अधिकारी डॉ0 सँस्कृता मिश्रा ने मनरेगा, सांसद निधि, विधायक निधि, सहकारिता विभाग, ग्राम विकास, लघु सिचाई, प्रधानमंत्री आवास योजना, मत्स्य पालन, आजीविका मिशन, आदि योजनाओं की जानकारी बीडीसी सदस्यों एव ग्राम प्रधानों को दी। वही एडीओ पँचायत जानकीराम ने स्वच्छ भारत मिशन पर चर्चा के अलावा सर्वशिक्षा अभियान, जल संरक्षण एव वर्षा संचयन, दस्तक अभियान, धान बीज, इण्डिया मार्का 2 हैण्डपम्प, प्रधानमंत्री आवास, ग्रामीण आजीविका मिशन, पेंशन,ग्रामीण स्वच्छता मिशन, मनरेगा योजना आदि पर चर्चा की गयी।

# अविवि में खाद्य सुरक्षा एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अयोध्या, समृद्धि न्यूज़

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त खाद्य माणिक चंद्र व विश्वविद्यालय की ओर से कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा,अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक,प्रौढ शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र,डॉ0 वंदना रंजन एवं डॉ0 नीलम यादव मौजूद रही। कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हिमांशु जयंत ने बताया कि खाद्य सुरक्षा के प्रति नागरिकों को सशक्त बनाना होगा। उन्होंने आम नागरिकों को सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने की बात कही और भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकारण के बारे में लोगों को जागरूक किया।कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकार अरविंद प्रजापति ने खाद्य पदार्थो जैसे की दूध, घी, सब्जी, फल, काफी,चाय आदि में मिलावट को पहचानने के आसान तरीकों के बारे में बताया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा छात्रों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया एवं उन्हें जागरूक नागरिक बनकर स्वंय एवं समाज की खाद्य सुरक्षा के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में डॉ0 सुरेंद्र मिश्रा ने खाद्य मिलावट के क्षेत्र में उभरती प्रवृत्तियां और चुनौतियां विषय पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।




## जन सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया

**गोरखपुर।** नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा ने सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव मैकेनिज्म ब्रिगिंग, हॅपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव ) के अन्तर्गत जन सुनवाई दिवस में आए हुए फरियादी की फरियाद सुनी।जिसमे नगर क्षेत्र के जन सामान्य द्वारा जन सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दू नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया।जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं शिकायतों को सुना गया व जन समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें।

## एक से चार मार्च तक आयोजित होंगी सांसद खेल प्रतिस्पर्धा

**बाराबंकी।** सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के लिए ÷सांसद खेल स्पर्धा के तहत विधानसभा एवं जनपद स्तर पर खेलों का आयोजन दिनांक 01 मार्च 2023 से 04 मार्च, 2023 तक किया जाना है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत हरसिंहपुर कायस्थ वि0ख0 राजेपुर, फरु0**

पत्रांकः ग्रा0पं0/पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2022-2023 दिनांक 28/02/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरसिंहपुर कायस्थ द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 01/03/2023 से 06/03/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 06/03/2023 को अपरान्ह 3 बजे गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | रामदेव के घर से विनोद के घर तक साइड वाल व इंटरलाकिंग कार्य | 2, 62498 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | मैन रोड देवी मंदिर से मनीराम के घर तक साइड वाल व इंटरलाकिंग कार्य | 3,14898 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | बादशाह के घर से राममूर्ति के घर तक साइड वाल व इंटरलाकिंग कार्य | 2, 73344 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(सुधीर कुमार) प्रधान, ग्रा0पं0 हरसिंहपुर कायस्थ, राजेपुर
(अशोक कुमार) सचिव,ग्रा0पं0 हरसिंहपुर कायस्थ, राजेपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत आसमपुर वि0ख0 राजेपुर, फरु0**

पत्रांकः ग्रा0पं0/पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2022-2023 दिनांक 28/02/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत आसमपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 01/03/2023 से 06/03/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 06/03/2023 को अपरान्ह 3 बजे गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | कोतवाल के घर से हरीराम के घर तक साइड वाल व इंटरलाकिंग कार्य | 3,92485 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | राजपाल के घर से सन्तराम के घर तक साइड वाल व इंटरलाकिंग कार्य | 3,99518 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | कोतवाल के घर से हरीराम के घर तक नाली निर्माण कार्य | 1,49039 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(रमाकान्त राजपूत) प्रधान, ग्रा0पं0 आसमपुर, राजेपुर
(आशतोष दुबे) सचिव,ग्रा0पं0 आसमपुर, राजेपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत वरखिरिया वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फरु0**

पत्रांकः ग्रा0पं0/पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2022-2023 दिनांक 28/02/2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत वरखिरिया द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 01/03/2023 से 06/03/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 06/03/2023 को अपरान्ह 3 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | उ0प्रा0वि0 से मेघसिंह के घर तक नाला निर्माण कार्य | 3 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(शिवराज सिंह) प्रधान
(कुवर यश पाल सिंह) सचिव
ग्राम पंचायत वरखिरिया विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद।


# विश्व नागरिक बनने की शिक्षा प्रदान करता है एनएसएस शिविर

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम व्यवहारिक ज्ञान के माध्यम से लोगों में शिक्षा पर्यावरण स्वास्थ्य एवं अनेकानेक सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता उत्पन्न कर समाज को प्रेरित करते हुए देश और राष्ट्र प्रेम के साथ ही साथ विश्व नागरिक बनने की शिक्षा प्रदान करता है।

उक्त विचार मुख्य अतिथि साहित्य समीक्षक महान कथाकार डॉ विनयदास ने वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय मसौली की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन बौद्धिक सत्र में व्यक्त किये। विशिष्ट अतिथि के रूप में गायत्री परिवार के प्रमुख कार्यकर्ता विष्णु कुमार कुमार ने अपनी प्रेरक कविताओं द्वारा छात्र-छात्राओं में जागरूकता उत्पन्न करतें हुए काव्य पाठ किया। इसी श्रृंखला में दूसरे विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश कुमार ने अपने जीवन के माध्यम से विपरीत परिस्थितियों में विचलित न होकर सामना करते हुए लक्ष्य प्राप्त करने की बात कही। रत्नेश कुमार ने कहा कि एनएसएस शिविर समाजसेवी तैयार करने की नर्सरी है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वंदना ने ग्राम ज्योरी में छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए कार्यों की आख्या प्रस्तुत करते हुए छात्र छात्राओं को बातचीत करने के तरीके पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में हिमांशु पाठक गुलाम नवी, डॉज़ राम सुरेश वर्मा ,जितेन्द्र कुमार ,विष्णु नारायण मिश्र सुष्मिता शुक्ला सहित कालेज के प्रवक्ता एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

प्रातःकाल स्वयंसेवकों ने चयनित ग्राम ज्योरी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति जागरूकता हेतु हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर उदघोष लगाते हुए गांव में लोगों से? बातचीत करते हुए समस्याओं को सुना समझा और उसे दूर करने के लिए प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर निधि वर्मा तनू वर्मा आशीष, मानसी पाठक आकांक्षा , रीतिमा, अंश अनुज, दीपक आदि स्वयं सेवक कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। अंत में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बलराम वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



# मैटिरियल रिकवरी फैसिलिटी का सांसद ने किया लोकार्पण

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़


लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत सिद्धौर में मैटिरियल रिकवरी फैसिलिटी (एम.आर.एफ़) का लोकार्पण सांसद बाराबंकी उपेन्द्र सिंह रावत ने फीता काटकर किया। मैटिरियल रिकवरी फैसिलिटी (एम.आर.?फ़0) का निर्माण स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) योजनान्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अंतर्गत किया गया है । मैटिरियल रिकवरी फैसिलिटी (एम.आर.?फ़0) सेंटर से नगर पंचायत सिद्धौर के ठोस अपशिष्ट / कूड़ा आदि का निस्तारण किया जायेगा । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत मैटिरियल रिकवरी फैसिलिटी (एम.आर.?फ़0) बनाया गया है नगर में कूड़ा निस्तारण एक बड़ी समस्या है उक्त सेंटर से कूड़ा निस्तारण की समस्या से निजात मिलेगी। स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए, देश भर में कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के लिए ÷स्वच्छ भारत अभियान को भी शुरु किया गया है।

मैटिरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ़) सेंटर स्वच्छ भारत अभियान का ही एक अंग है।



# एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने की मार्गों को स्टेट हाइवे में परिवर्तित करने की मांग





नियम–110 के अन्तर्गत सूचना

प्रमुख सचिव,
विधान परिषद,
उत्तर प्रदेश।

मैं सदन का ध्यान जनपद– महोबा विधान सभा चरखारी में जैतपुर से धुरठ, पचारा, भरवाड़ा, पिपरी, घुटई, गाड़ों से सोरा मार्ग जो झाँसी मिर्जापुर नेशनल हाईवे को जोड़ता है। उक्त मार्ग की दूरी कुल 30 किलोमीटर है। उक्त मार्ग को स्टेट हाईवे में परिवर्तित किया जाय तो स्थानीय जनता के समय की बचत के साथ– साथ दूरी भी कम होने से जिला के आस– पास की जनता को झाँसी आने जाने के लिए रास्त सुगम हो जायेगा।

अतः जनहित के महत्वपूर्ण अविलम्बनीय विषय पर सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुये उक्त मार्ग को स्टेट हाईवे में परिवर्तित कराये जाने की कार्यवाही हेतु **सदन में वक्तव्य एंव चर्चा कराये जाने की माँग करता हूँ।**

दिनांकः 28 फरवरी, ,2023

(अविनाश सिंह चौहान) स०वि०प० (जितेन्द्र सिंह सेंगर) स०वि०प०

टिप्पणी

विषय जनहित एंव क्षेत्रवासिया के हितों से जुडा हुआ है जिसके कारण उक्त मार्ग को स्टेट हाईवे में परिवर्तित किया जाना अति– आश्यक है। इस पर सदन में चर्चा कराया जाना आवश्यक है।

(अविनाश सिंह चौहान) स०वि०प० (जितेन्द्र सिंह सेंगर) स०वि०प०

**महोबा, समृद्धि न्यूज**

विधान परिषद सत्र में एम एल सी जितेन्द्र सिंह सेंगर ने नियम 110 के अंतर्गत सूचना पर जिला महोबा के जैतपुर से थुरट पचारा भरवाड़ा पिपरी घुटई गाड़ो से सोरा मार्ग जो झांसी मिर्जापुर हाईवे को जोड़ता है उक्त मार्ग की दूरी मात्र 30 किलोमीटर है उक्त मार्ग को स्टेट हाईवे में परिवर्तित करना जनहित में नितान्त आवश्यक है स स्थानीय एवम जिले के लोगों को झांसी

**▶ उच्च सदन में उठाई मांग**

जाने हेतु कम दूरी एवम समय की बचत के साथ राहगीरों को आवागमन में सुगमता होगी स सदन का ध्यान आकृष्ट कर जनहित में महत्वपूर्ण विषय पर उक्त मार्ग को स्टेट हाईवे में परिवर्तित हेतु सदन में वक्तव्य एवम चर्चा कराएं जाने की मांग की स सभापति मानवेन्द्र सिंह जी द्वारा सरकार को आवश्यक कार्यवाही हेतु संदर्भित किया विधान परिषद सदस्य की इस मांग से लगभग दर्जन भर ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को लाभ होगा जिससे क्षेत्र के लोगों ने एम एल सी विधायक की इस मांग का स्वागत किया है एम एल सी जितेंद्र सिंह सेंगर द्वारा लगातार क्षेत्र की समस्यायों पर सदन का ध्यानाकर्षण किया जा रहा है।

# ग्राम पंचायत महिपालपुर में प्रधानी का उपचुनाव कल

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

महेवा विकास खंड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत महिपालपुर में दो मार्च को रिक्त प्रधान के पद के लिए ग्राम पंचायत महिपालपुर व उसके मजरा अड्डा ज्ञान सिंहए नगला खादर के 985 मतदाताओं अपने मत का प्रयोग करके नये प्रधान का चयन करेंगे। प्रधानी के इस चुनाव में ग्राम प्रधान की पत्नी व एक महिपालपुर से प्रत्याशी मैदान में है। यहां पर दिलचस्प चुनावी मुकाबला है। दोनों प्रत्याशी अपनी जीत का दाबा करते नजर आ रहे हैं।

वहीं इस चुनाव पर पुलिस भी अपनी पैनी नजर गढा कर 200 लोगों को शान्तिभंग में पाबन्द किया है। विकास खंड महेवा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत महिपालपुर के प्रधान अजब सिंह टिल्लू का ब्रेनहैमरेज होने के चलते पीजीआई सैफई में 2 अक्टूबर 2022 को उपचार के दौरान निधन हो गया था। इसके बाद एडीओ पंचायत महेवा श्यामवरन राजपूत ने खुली बैठक करके वहां के सदस्यों की उपस्थित में सदस्य श्रवण कुमार को 21 अक्टूबर को कार्यवाहक प्रधान बना दिया। इसके बाद शासन से उपचुनाव घोषित होने के बाद मृतक प्रधान अजब सिंह दोहरे की पत्नी शशि देवी व महिपालपुर से गौरव मिश्रा ने अपना नामांकन किया। इसके बाद दोनों प्रत्याशी अपनी जीत का दाबा करते हुए महिपालपुरए अड्डा ज्ञान सिंहएनगला खादर में मतदाताओं से बोट मांगते हुए नजर आ रहे हैं। यहां पर दो प्रत्याशी होने के चलते चुनाव रोचक होता नजर आ रहा है। वहीं पुलिस प्रशासन भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। इस उपचुनाव में प्रभारी निरीक्षक बकेवर विक्रम सिंह चौहान द्वारा शान्तिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के लिए अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह व सीओ भर्थना विवेक जावला व थानाध्यक्ष लवेदी विश्वनाथ मिश्रा व कार्यवाहक लखना चौकी इंचार्ज अजय कुमार के साथ मतदान केन्द्र का मंगलबार को निरीक्षण करके पैदल फ्लैगमार्च करते हुए शान्तिपूर्ण ढंग से मतदान करने की अपील की है।

# पुलिस अधीक्षक की सक्रियता से चंद घंटों में ही हुआ पूर्व मंत्री के भाई के घर हुई चोरी का खुलासा

- पुलिस की कार्यक्षमता और पुलिस अधीक्षक के अच्छे नेतृत्व की व्यापारी ने की प्रशंसा
- पूर्व मंत्री के भाई एवं शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी के घर हुई थी चोरी



**महोबा, समृद्धि न्यूज**

महोबा में सपा के पूर्व मंत्री सिद्ध गोपाल साहू के भाई साहू टी वी एस के मालिक के यहां हुई चोरी का पुलिस ने कुछ ही घंटो में खुलासा किया है पुलिस की चार टीमों और सर्विलांस को बड़ी कामयाबी मिली है गिरोह के चार शातिर चोरो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है चोरी की गई नगदी ब जेवरातों के बंटवारे के समय पुलिस ने चारो चोरों को धर दबोचा चोरी गई 92 लाख की नगदी, व 469.44 ग्राम सोने के जेवरात भी पुलिस ने बरामद कर लिए हैं खुलासा करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार का ईनाम देकर हौसला अफजाई की हैमामला शहर कोतवाली इलाके के गांधीनगर मोहल्ले में पूर्व मंत्री सिद्गोपाल साहू के भाई टीवीएस एजेंसी मालिक के आवास पर चोरी की बड़ी वारदात सामने आई थी। चोरी की वारदात से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। एजेंसी मालिक की शिकायत के आधार पर एसपी सहित तमाम पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना कर सीसीटीवी कैमरा के आधार पर अलग–अलग टीमें गठित कर हर पहलू की जांच कर घटना के खुलासे के निर्देश दिए थे। महोबा शहर के गांधीनगर इलाके में रहने वाले चर्चित व्यापारी और टीवीएस एजेंसी के मालिक संदीप साहू ने महोबा कोतवाली पुलिस को मोबाइल फोन के जरिए एक शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर फॉरेंसिक टीम के साथ भारी पुलिस बल ने मौके पर पहुंच अलमारी से निकलने वाले केस सोने चांदी के सामान के बेगो की जांच कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। साथ ही अलमारी पर लगे फिंगरप्रिंट को लेकर हर पहलू की जांच की गई सर्विलेंस और एसओजी टीम सभी सीसीटीवी कैमरे के फुटेज एकजुट करने में जुटी रही। व्यापारी का आरोप है। कि पेट्रोल पंप का करीब 2 दिन का केस था । इनके पास कुछ ज्वेलरी भी रखी हुई थी।

## खबरें एक नजर में

### सीजीएसटी एवं सेण्ट्रल एक्साईज टीम की छापेमारी से मचा हड़कंप



**इटावा।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की सीजीएसटी एवं सेण्ट्रल एक्साईज के अधिकारियों की टीम ने तम्बाकू व्यवसायी के आवास समेत अन्य प्रतिष्ठानों के अलावा गोदामों पर छापा मारकर संघन जांच पडताल की। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय की आगरा से आई सीजीएसटी एवं सेण्ट्रल एक्साईज की आधा दर्जन से अधिक लग्जरी कारों के नगर में प्रवेश करते ही व्यापारियों में हडकम्प मच गया। विभागीय अधिकारियों की उक्त टीम ने कस्बा के मुहल्ला मोतीगंज निवासी एक तम्बाकू व्यवसायी के आवास पर पहुँचकर जाँच पडताल की। साथ ही अधिकारियों ने तम्बाकू व्यवसायी को साथ लेकर उनके अन्य प्रतिष्ठानों व गोदामों आदि के ताले खुलवाकर छापामार कार्यवाही करते हुए संघन जाँच पडताल की। समाचार लिखे जाने तक उक्त विभागीय अधिकारियों की टीम तम्बाकू व्यापारी के घर के अन्दर पूछतांछ व जाँच पडताल में जुटी रही। बताते चलें कि इससे पूर्व भी करीब 5 वर्ष पहले उक्त विभाग के अधिकारियों की टीम ने छापामार कार्यवाही की थी। निरन्तर लगभग 30 घण्टे तक चली कार्यवाही के उपरान्त उक्त तम्बाकू व्यवसायी के यहाँ से भारी संख्या में नगदी बरामद हुई थी।

### आयुक्त के आदेश पर सीज हुआ वेस्ट निस्तारण में लगा अनाधिकृत वाहन

**बांदा।** इसे स्वास्थ्य विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मनमानी कहें या फिर लंबे समय से जिले में काम कर रही कंपनी के रसूख का दम, जनपद के करीब दर्जन भर से अधिक निजी नर्सिंग होमों में आज भी नियमों के विपरीत कानपुर की एक कंपनी का सिक्का चल रहा है। मामला यह है कि पर्यावरण निदेशालय की गाइडलाइन के अनुसार बगैर बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण के प्रमाण पत्र के किसी भी नर्सिंग होम का संचालन संभव नहीं है, साथ ही गाइडलाइन में यह भी स्पष्ट है कि निस्तारण का काम करने वाली कंपनी 75 किमी से अधिक दूर नहीं होनी चाहिए। लेकिन जिले के करीब दर्जनभर से अधिक निजी नर्सिंग होमों में गाइडलाइन के विपरीत कानपुर की कंपनी से मिलीभगत करके अनाधिकृत रूप से बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण कराया जा रहा है। जबकि मुख्यालय में एनजीटी के आदेश पर बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसेलिटी की स्थापना हो चुकी है। आयुक्त के आदेश पर अनाधिकृत तौर पर वेस्ट उठाने का काम कर रहे एक वाहन को सीज किया गया है।

### पति निमंत्रण में गया, पत्नी ने जहर खाया

बांदा। पति के निमंत्रण में जाने और मोबाइल स्विच आफ होने से परेशान पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हुई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।गिरवां थाना क्षेत्र के जरर गांव निवासी सुमन (33) पत्नी गिरजाशंकर ने सोमवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पति ने बताया कि वह गांव में ही निमंत्रण में चला गया था। रात को उसका मोबाइल भी स्विच आफ हो गया था। सुमन उसे मोबाइल पर फोन कर रही थी। फोन बंद होने पर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। रात को जब वह निमंत्रण से बाहर आया तो देखा कि दरवाजे बंद थे। आवाज लगाने पर दरवाजे नहीं खुले। पड़ोसी के घर से वह अपने घर पहुंचा। देखा तो सुमन अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### युवक ने फांसी लगाई, भर्ती

बांदा। पत्नी से विवाद होने के बाद युवक ने कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा ली। काफी देर के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो आनन–फनन फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।जसपुरा कस्बा निवासी राजेंद्र (30) पुत्र कालीचरण ने मंगलवार की दोपहर कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा ली। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो मौके पर पहुंची पत्नी ने देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था। पत्नी के शोर मचाने पर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। राजेंद्र के भांजे विमल ने बताया कि मामा का किसी बात को लेकर मामी से विवाद हो गया था। इसी से नाराज होकर मामा ने फांसी लगा ली।

### बाइक पुलिया से भिड़ी, एक युवक की मौत


बांदा। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। बाइक में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मटौंध थाना क्षेत्र के मोहन पुरवा गांव निवासी बबलू (32) पुत्र कलकू सोमवार की रात अपने साथी लल्लू (35) पुत्र रामभरोसे के साथ बाइक में बैठकर पड़ोसी युवक करन पुत्र किशनलाल की शादी में शामिल होने कोनी बिसंडा जा रहे थे, तभी बहोरवा पुरवा के पास बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई।

# महिला स्वास्थ्य कर्मी ने डॉक्टर पर लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप


**महोबा, समृद्धि न्यूज**

महिला स्वास्थ्य कर्मी ने डॉक्टर पर लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में आकांक्षा देवी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर तैनात हैं।

आकांक्षा देवी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एक डाक्टर पर नियमित रूप से ब्लैकमेल करने का आरोप व आये दिन अभद्र भाषा का प्रयोग करना तथा अपनी बात मनवाने का दबाव बनाना और न मानने पर नौकरी से निकाल देने की धमकी लगातार दी जा रही है इसके संबंध में पीड़ित महिला ने आइजीआरएस पोर्टल पर 16 फरवरी 2023 को तथा 18 फरवरी 2023 को 1076पर शिकायत की थी लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर की सत्ताधारी नेताओं से ऊंची पहुंच होने के कारण कोई कार्यवाही नहीं की गई इसके बाद पीड़ित महिला ने यह भी आरोप लगाया कि मुझे मानसिक रूप से परेशान करने के लिए डॉक्टर के द्वारा मेरा एक्सीडेंट भी करवाया गया जिससे मेरे पैर में फैक्चर भी हुआ और मुझे लगातार अनावश्यक रूप से परेशान किया गया इसी से आहत होकर



पीड़ित महिला ने 27 फरवरी 2023 को उप पुलिस अधीक्षक कुलपहाड़ पुलिस अधीक्षक महोबा जिलाधिकारी महोबा को लिखित प्रार्थना पत्र देकर डॉक्टर पर ब्लैकमेल व उत्पीड़न करने के आरोप लगाए पीड़ित महिला के द्वारा लगातार शिकायत करने के बावजूद भी डॉक्टर के ऊपर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह डॉक्टर कितनी पहुंच वाला है इस संबंध में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी पीके राजपूत से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि हां मामला संज्ञान में है स्वास्थ्य



Application details

sirmera name Akanksha devi h Do Ram Sharan vilege Sisolar tahsil maudaha district Hamirpur Uttar Pradesh k sir mai Mahoba district k jaitpur black me CHO k post pr posted hu sir vha k M.O dr Rajesh Kumar Varma k dwara aniyamit roop se Black mel abhdr sbdo ka use kiya ja rha h and naukri se htvane ka dhmki diya ja rha h mera accident b kraya gya jisme mere left pair me fracture aaya h sir please i request you mera transfer Mahoba district se bahr gaziabad mathura aagra aligadh ya kahi b kr dijiye yha mere jam mal ka khatra hain mai aapki sadev abhari rhungi thank you

Complaint Date 16-02-2023
Complaint Status निक्षेपित
Application Details
mai Akanksha devi Do ram sharan dist Mahoba Uttar Pradesh k block jaitpur me CHO post pr hu sir mughe vha k doctor k dwara aniyamit roop se Black mel and naukri se htvane ka dhmki diya ja rha h meri aapse request h sir plz mughe Mahoba district se agra, gaziabad, aligarh, Mathura ya kahi b kisi b

कर्मी ने अपनी समस्या बताई थी साथ ही उसके द्वारा शिकायत भी की गई है मेरे द्वारा लगातार दोनों पक्षों से बात करने का प्रयास किया गया है इसकी जांच कर जो भी उचित कार्रवाई होगी की जाएगी साथ ही उच्च अधिकारियों को सूचित भी किया जाएगा। मामले पर क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार का कहना है कि मामला संज्ञान में है एसडीएम के साथ मिलकर जांच की जा रही है जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।

# प्रदेश सरकार का बजट जनता के हित में : सांसद

**इटावा।** भाजपा कार्यालय पर सांसद डॉ राम शंकर कठेरिया ने प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए बजट को देश के हित में बताया और कहा कि वित्त मंत्री ने देश प्रदेश की उन्नति में बजट को पेश किया।



सांसद डॉ राम शंकर कठेरिया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा यह बजट आजादी के अमृत महोत्सव काल में प्रस्तुत प्रस्तुत अमृत बजट के रूप में सभी वर्गों के हित मे रखकर सबका साथ सबका विकास का चरितार्थ करते हुए सर्व स्पर्शी सर्व व्यापीए सर्व समावेशी बजट है जिसमे गांव गरीब किसान मजदूर युवा महिलाएं आदिवासी दलित पिछड़े वर्गो का ख्याल रखने वाला बजट है जो मूलभूत आवश्यकताओं के विकास के साथ साथ सड़क उद्योग शिक्षा हॉस्पिटल रेलवे किसानों व कृषि क्षेत्र के साथ ही मध्यम वर्गीय परिवार के हितों को ध्यान में रखते हुये बनाया गया है। सांसद डॉ राम शंकर कठेरिया ने कहा कि यूपी सरकार के बजट में महिला एवं बाल विकास वृद्धावस्था व दिव्यांग पेंशन युवा कल्याण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य किसान एक्सप्रेसवे एवं डिफेन्स कॉरिडोर आवास त्वरित आर्थिक विकास योजना का विशेष ध्यान रखा गया है। प्रेसवार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता शिवाकांत चौधरी मुकेश यादव जितेंद्र गौड अमित तिवारी मानू अनन्त अग्रवाल आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

# विशाल मानसिक स्वास्थ्य निशुल्क जागरूकता गोष्ठी उपचार शिविर का आयोजन

**समृद्धि न्यूज। महोबा**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डी के गर्ग एवं नोडल अधिकारी डॉ वी के चौहान के निर्देशन में विशाल मानसिक स्वास्थ्य निशुल्क जागरूकता गोष्ठी उपचार शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरेला महोबा मैं किया गया जिसमें मुख्य अतिथि शोभित सभासद एवं डॉ राजेश वर्मा अधीक्षक चरखारी द्वारा फीता काटकर तथा आदि द्वारा स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया इसमें जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई महोबा तथा डॉ सुनील कुमार एवं प्रेमदास मनोचिकित्कीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं अंकिता गुप्ता नैदानिक मनोवैज्ञानिक आदि विशेषज्ञों द्वारा मानसिक समस्याओं के विषय में जानकारी देते हुए जैसे नींद न आनाए बुद्धि का कम विकास होना उलझन ए घबराहट मिर्गी के दौरे चिड़चिड़ापन एकिसी कार्य को बार.बार करना साफ सफाई अधिक करना मन में उदासी पढ़ाई में मन न लगना परीक्षा के समय




डर लगना एनकारात्मक विचार आना आत्महत्या के विचार आना भूत प्रेत के साया का डर लगना मोबाइल का अधिक प्रयोग करना नशा करना आदि मानसिक उपचार तथा तनाव प्रबंधन तथा तेली मानस हेल्पलाइन नंबर 14 416 एवं 1800 8914416 आदि के विषय में जानकारी दी गई एवं हेल्पलाइन नंबर 730 972 4176 तथा वहां पर आए हुए समस्त मरीजों को निशुल्क उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया जिसमें लगभग 170 मरीजों को देखा गया जो 45 मरीज मानसिक स्वास्थ्य से ग्रसित पाए गए 3 मरीज का मानसिक दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाए गए स्वास्थ्य कर्मचारी फार्मेसिस्ट अरविंद और अन्य लोग भी उपस्थित रहे तथा वहां पर उपस्थित दिव्यांग बच्चों को तथा बिस्कुट का वितरण एवं पंपलेट पोस्टर भी बांटे गए।

# प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता का समापन

**समृद्धि न्यूज**

**इटावा ।** जिलाधिकारी अवनीश राय द्वारा स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय सब .जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय किया गया।कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि खेलो इंडिया के तहत केंद्र सरकार के खेल जगत को बढ़ावा दिया जाए इसमें आने वाले समय में हिंदुस्तान के खिलाड़ी विदेशों में अपना योगदान देंगे। जिलाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल भावना के साथ खेलें तथा अपने खेल के दौरान किसी भी प्रकार की हानि न होने दें इसका अवश्य ध्यान रखा जाए। खेल प्रतियोगिता में 15 बालक व 15 बालिकाएं को भारत सरकार द्वारा संचालित खेलो के तहत 30 खिलाड़ियों को किटए हॉकी जूता



ट्रैक सूट प्लेइंग किट टी शर्ट मोजा नेकर प्रदान किया गयाए जिससे बच्चे अपनी खेल गतिविधियां को अत्यधिक बड़ा सके । खिलाडयों ने इस खेल विभाग की कार्य की माननीय प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री माननीय खेल मंत्री का आभार व्यक्त किया और खुशी जाहिर की। जिसमें वाराणसी छात्रावास बनाम झांसी छात्रावास के मध्य हुआ जिसमें पूरे मैच में दोनों ही टीमें बड़े ही अच्छे खेलों का प्रदर्शन करते हुए दो.दो गोल की बराबरी पर रहे ।इस मैच का निष्कर्ष पेनाल्टी शूटआउट से किया गया जिसमें पेनल्टी शूटआउट में झांसी ने 3 गोल मारे वाराणसी ने दो गोल मारे इस प्रकार झांसी छात्रावास इस प्रतियोगिता की चैंपियन रही । खेलो इंडिया साकिब मेवाती रुखसार बानो देवेंद्र पाल नूर हासन राजेश सोनकर श्री मनोज बाबू आदि की सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी सदर विक्रम राघव निर्णायक मंडल के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# शर्मनाक: बेटी ने प्रेमी से करवाई थी पिता की हत्या

**समृद्धि न्यूज बांदा।**

प्रेम–प्रसंग के चलते बेटी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पिता पूर्व बीडीसी सदस्य की हत्या कराई थी। इस मामले का खुलास करते हुए पुलिस ने मृतक की बेटी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना था कि मृतक अपनी बेटी को प्रेम–प्रसंग का विरोध करते हुए अक्सर प्रताड़ित करता था। यह बात बेटी को नागवार गुजरती थी।

बिसंडा थाना क्षेत्र के चंद्रायल गांव निवासी पूर्व बीडीसी सदस्य मोतीलाल यादव (45) रविवार को खेत की रखवाली कर रहा था। साथ में उसकी बेटी भी गई थी। शाम को उसकी बेटी खेत से वापस घर आ गई। लेकिन मोतीलाल घर नहीं लौटा। रास्ते में ही उसकी डंडा और कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। अगले दिन सुबह खोजबीन

- पुलिस ने बेटी समेत तीन को किया गिरफ्तार
- प्रेम–प्रसंग को लेकर मृतक अपनी बेटी को करता था प्रताड़ित

करते हुए खेत पहुंचे परिजनों ने देखा तो उसका शव रक्त रंजित हालत में खेत में पड़ा हुआ था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। घटनास्थल पर छानबीन के दौरान पुलिस ने मृतक के मोबाइल पर घंटी बजी थी। कुछ देर बाद मोबाइल स्विच आफ हो गया था। पुलिस ने मोबाइल को सर्विलांस में लगाया था। सीडीआर की मदद से पुलिस ने मृतक की बेटी को



हिरासत में ले लिया था। उसकी बेटी मृतक के मोबाइल से प्रेमी से बातचीत करती थी। कड़ाई से पूछतांछ की गई तो मामला खुल गया। पुलिस लाइन सभागार में मीडिया से रूबरू होते हुए अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि मृतक की बेटी का गांव में ही रहने वाले कमल नामक युवक से प्रेम–प्रसंग चल रहा था। दोनो लोग शादी करना चाहते थे। यह रिश्ता मोतीलाल को मंजूर नहीं था। मोतीलाल अपनी बेटी को मारपीट कर प्रताड़ित करता था। पिता को रास्ते से हटाने के लिए मृतक की बेटी ने प्रेमी के साथ घटना से एक दिन पहले योजना बनाई थी। शनिवार को वह अपने पिता के साथ खेत गई थी, तभी मृतक की बेटी ने अपने प्रेमी कमल को सूचना दी थी। इस दौरान उसका प्रेमी अपने साथी सूरज के साथ आ धमका। मोतीलाल की डंडा व कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। आला कत्ल खेत में ही फेंककर फरार हो गए। मृतक का फोन उसकी बेटी ने अपने पास रख लिया था और उसका सिम निकालकर तोड़कर छत पर फेंक दिया था। जिसकी बरामदगी कर ली गई है। पुलिस ने मृतक की बेटी समेत प्रेमी कमल और उसके साथी सूरज को गिरफ्तार कर लिया गया। खेत से आला कत्ल और उसके कब्जे से मृतक का मोबाइल फोन, कपड़े आदि भी बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बिसंडा आनंद कुमार, उप निरीक्षक सुभाषचंद्र, हेड कांस्टेबल नीतेश समाधिया, अश्वनी प्रताप सिंह, अनिल कुमार यादव आदि शामिल रहे।

### पुलिस की मदद कराता रहा आरोपी

बांदा। हत्या करने के बाद प्रेमी कमल पुलिस के इर्द–गिर्द ही घूमता रहा। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि वह पुलिस की गतिविधियों पर निगाह रखता रहा। हत्या करने के बाद वह कहीं भागा नहीं। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई की। उसमें भी आरोपी कमल साथ रहा। जहां पर लाश पड़ी थी, वहां पर भी वह नजदीक में खड़ा रहा। संदेह होने पर मृतक की बेटी को हिरासत में लिया गया। तब पूरा राज खुल गया और आरोपी कमल को गिरफ्तार कर लिया गया।

# आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं त्यौहार: एसपी

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**

होली पर्व एवं शब ए बारात त्यौहार से पूर्व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने मौजूद लोगों से आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण ढंग से त्योहारों को मनाए जाने की अपील करते हुए सहयोग मांगा।मंगलवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में पहुंचे पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रंगो के पर्व होली एवं मुस्लिम धर्म के त्यौहार शबे रात को आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील करते हुए कहा कि इस कमेटी के जिम्मेदार सदस्य अपने अपने मोहल्लों में त्यौहार के दौरान होने वाली छुटपुट घटनाओं को आपसी समझौते से निपटाने एवं युवाओं को अवैध शराब का सेवन करने से रोकने का कार्य करें। कहा कि जिम्मेदार नागरिक असामाजिक तत्व व गैर कानूनी कार्य करने वाले लोगों की सूचना देकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान मौजूद प्राचीन श्री राम मंदिर के महंत पंडित राकेश चंद्र दुबे एवं शहर काजी हाफिज जुम्मन व सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद नफीस सहित मौजूद नागरिकों ने त्योहारों को आपसी भाईचारे व गंगा जमुनी तहजीब से मनाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी व बृजेश गुप्ता उर्फ रामू होली पर्व पर आपसी गिले-शिकवे मिटाने सहित गले लगाने का पर्व है। अमन हॉस्पिटल के सह संचालक शरद दुबे ने कहा कि होली त्यौहार पर लोगों की मदद के लिए हॉस्पिटल में नेत्र चिकित्सक सहित डॉक्टर की तैनाती की गई है। इस दौरान सदर क्षेत्र अधिकारी डॉ. प्रियंका बाजपेई, कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह, निरीक्षक आरपी त्रिपाठी, कस्बा चौकी प्रभारी शशीकांत कनौजिया, मझपुरवा चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र पाल, उपनिरीक्षक राम गिरीश यादव, अवनेश कुमार सहित युवा समाजसेवी आसिफ जमाल खान उर्फ पप्पी, प्रधान प्रतिनिधि हारुन अहमद सिद्दीकी, मुनीर कुरेशी, मकबूल अहमद, डॉक्टर शमशाद, व्यापारी नेता परवेज अहमद उर्फ चंदन, सलमान वारसी, ध्रुव गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद एसपी व सीओ सदर समृद्धि न्यूज

- पीस कमेटी की बैठक में की सहयोग की अपील

### समधन में जल्द होगी पुलिस चौकी की स्थापना

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** पीस कमेटी की बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक कुमार अनुपम सिंह ने कोतवाली क्षेत्र के कस्बा समधन की जनसंख्या के अनुसार एवं अपराध नियंत्रण हेतु पुलिस चौकी के स्थापना कराए जाने की बात कही। कहां की पुलिस बल की मौजूदगी में अराजक तत्वों व गैरकानूनी तक कार्य करने वाले लोगों में कानून का भय व्याप्त होगा। वही पीस कमेटी में मौजूद लोगों ने पुलिस अधीक्षक के इस निर्णय की तालियां बजाकर सराहना की।

# तीन युवा साइकिल से तय करेंगे 2000 किमी की दूरी


साइकिल यात्रा पर निकले युवा समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**

मंगलवार को लखनऊ निवासी अंशुल कुशवाहा ने बताया कि बीती 26 फरवरी को लखनऊ उसने साथी संजय पाल व अमित कुमार कुशवाहा के साथ साइकिल यात्रा शुरू की थी। लखनऊ से लददाख तक की यात्रा में उसे 45 दिन का समय लगेगा।

आने जाने की 4000 हजार किलोमीटर की यात्रा तान माह में पूरी होगी। प्रतिदिन 60 किलोमीटर की यात्रा साइकिल से कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर, अमृतसर, वैष्णो माता के दर्शन के बाद भारत की सीमा लद्दाख तक जाने का लक्ष्य है। यूपी में पहली बार इतनी लंबी यात्रा साइकिल से युवाओं के द्वारा की जा रही है। लोगों को भारत की अलग-अलग राज्यों की विधाओं को लाइव दिखाया जाएगा। साइकिल यात्रियों का नगर में फूल मालाओं से स्वागत कर उत्साहवर्धन किया गया।

# खबरें चलते-चलते

## रिटायर्ड शिक्षक के निधन से उमड़ी शोक की लहर


रिटायर्ड शिक्षक रामेश्वर दयाल सैनी की फइल फोटो

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** रिटायर्ड शिक्षक रामेश्वर दयाल सैनी का पड़ोसी जनपद कानपुर में इलाज दौरान निधन हो गया जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।मंगलवार की सुबह उनके पार्थिव शरीर को नगर के मोहल्ला सुभाष नगर स्थित आवास पर लाया गया। जहां समाजसेवियों व नागरिकों ने परिजनों से शोक संवेदना व्यक्त कर ढांढस बंधाया। रिटायर्ड शिक्षक के पुत्र पत्रकार कैलाश चंद्र सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 6 माह पूर्व उनके पिता की अचानक तबियत बिगड़ गई थी। जिनका इलाज कानपुर के अस्पताल में चल रहा था। मंगलवार की सुबह इलाज के दौरान उनके पिता की मृत्यु हो गई। वही पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार आर्य, सदर विधायक अनिल दोहरे, जीतू तिवारी, छोटे ठाकुर, विजय मिश्रा, आसिफ जमाल खान उर्फ पप्पी, मयंक गुप्ता सहित तमाम नागरिकों ने शोक संवेदना व्यक्त की। उनके पुत्र ने बताया कि बुधवार को कन्नौज स्थित मेहंदी घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## पुलिस ने सट्टा पर्ची सहित दो को दबोचा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराध नियंत्रण हेतु कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी कर 2 लोगों के पास से सट्टा पर्ची एवम नगदी बरामद करते हुए हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। सोमवार की शाम हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे मझपुरवा चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र पाल ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मिरगांव स्थित रेलवे क्रॉसिंग के निकट छापेमारी कर दो युवकों के पास से सट्टा पर्ची एवं 1300 रूपये बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवकों ने अपना नाम राकेश कुमार पुत्र राम कुमारख् नीरज पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम मिरगावां बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## दहेज न मिलने पर विवाहिता को पीटा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी ना होने पर ससुरालीजनों द्वारा विवाहिता के साथ अभद्रता व मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।क्षेत्र के ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी मुजना मुदसस्ब पुत्री मोहम्मद इकरार द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते महा उसकी शादी लखनऊ के थाना एवं मोहल्ला हुसैनगंज निवासी मोहम्मद बारिश उर्फबबलू पुत्र सलामत अली के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजनों पति मोहम्मद बारिश, जेठ निजाम उर्फ मुन्ना एवं समसुद्दीन, जेठानी शाहीन बेगम ने अतिरिक्त दहेज में एक मोटरसाइकिल व दो लाख रूपये की मांग की। असमर्थता जताने पर उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# दो अपराधियों को माफिया घोषित किया गया

## उच्चाधिकारियों के अनुमोदन पर हुई कार्रवाई

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर कोतवाली पुलिस ने उच्चाधिकारियों के अनुमोदन के उपरान्त दो शातिर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए माफिया घोषित किया है। उक्त दोनों अपराधियों के खिलाफ कन्नौज कोतवाली समेत अन्य जनपदों व प्रान्तों में विभिन्न मामले दर्ज हैं।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के अनुमोदन उपरान्त सदर कोतवाली पुलिस ने शातिर अपराधी सुजीत कुमार कुशवाहा उर्फ बउआ पुत्र मूलचन्द्र निवासी अलाउददीनपुर मकरन्दनगर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नकबजन माफिया के रूप में सूचीबद्ध किया है। उक्त अपराधी को जनपद स्तरीय अपराधिक माफिया घोषित किया गया है। बताया कि उक्त शातिर किस्म का अपराधी है और बड़े पैमाने पर अपराध कारित कर धन अर्जित करता है। इसके द्वारा किये गये अपराधों से आम जनमानस में भय व्याप्त है तथा कन्नौज कोतवाली तिर्वा कोतवाली समेत जनपद औरया कोतवाली में 10 संगीन अपराधिक मामले दर्ज है। वहीं शातिर अपराधी नदीम उर्फ पनडुब्बी पुत्र सलीम निवासी सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेखाना को अपराधिक माफिया के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। उक्त अपराधी को जनपद स्तरीय अपराधिक माफिया घोषित गया है।

कोतवाली पुलिस द्वारा बताया गया कि उक्त शातिर किस्म अपराधी है, जिसके खिलाफकन्नौज कोतवाली व तिर्वा कोतवाली समेत अन्य जनपदों व राजस्थान प्रदेश की कोतवाली में लगभग 34 अपराधिक मामले दर्ज हैं।

### होली पर्व पर शांति व्यवस्था के मद्देनजर हुई बैठक

**इटावा।** होली पर्व पर शांति व्यवस्था के मद्देनजर थाना जसवन्तनगर सभागार में बैठक संपन्न हुई। एसडीएम कौशल कुमार ने बातचीत में कहा कि होली का पर्व सभी समुदाय के लोग मिलजुल कर शान्तिपूर्ण तरीके से मनाएं। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनहोनी होने की आशंका हो तो तुरन्त थाना पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते घटना को रोका जा सके। उन्होंने होली में भाईचारा बनाकर सौहार्दपूर्ण माहौल में होली मनाने की अपील की।

# एसपी ने रिसेप्शन सेंटर का फीता काटकर किया उद्धघाटन

- रिसेप्शन पर चौबीस घन्टे तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी, शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना नही पड़ेगा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**


रिसेप्शन सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन करते एसपी व मौजूद अन्य अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने मंगलवार को सदर कोतवाली परिसर में नवनिर्मित रिसेप्शन सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर एएसपी व सीओ सदर व कोतवाली प्रभारी मौजूद रहे।

एसपी ने बताया कि रिसेप्शन व्यवस्था से थाने पर आने वाले आगंतुकों एवं शिकायतकर्ताओं के प्रार्थना पत्रों की त्वरित पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। 24 घंटे रिसेप्शन सेंटर पर प्रशिक्षणाधीन महिला पुलिस कर्मी ड्यूटीरत रहेंगी। इसके अलावा आगंतुकों एवं शिकायतकर्ताओ से 24 घंटे के अंदर उनकी समस्याओं के निस्तारण के संबंध में थाने के रिसेप्शन सेंटर द्वारा फोन द्वारा फीडबैक लिया जाएगा। रिसेप्शन पर ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को इस हेतु अलग से स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए हैं। रिसेप्शन का मुख्य उद्देश्य यह है कि थानों पर पहुंचने वाला कोई भी पीड़ित भटकाव स्थिति में ना रहे तथा रिसेप्शन थाने के सिंगल विंडो सिस्टम के आधार पर काम करेगा।

# पुलिस ने छापेमारी कर बरामद की भारी मात्रा में अवैध शराब

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध कच्ची शराब एवं अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए 5 लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है।

सोमवार की शाम हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे उपनिरीक्षक रज्जन लाल ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम डुंडवाबुजुर्ग रेलवे क्रॉसिंग मार्ग पर छापेमारी कर एक युवक के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम विनोद धोबी पुत्र शंकरलाल निवासी दीवान मुबारक थाना मऊ दरवाजा जनपद फर्रुखाबाद बताया है। वही कोतवाली के उपनिरीक्षक राम गिरीश यादव ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम बनियानी के निकट छापेमारी कर एक युवक के पास से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम सौरभ पुत्र स्वर्गीय किशन पाल निवासी ग्राम बनियानी बताया है। उधर कोतवाली के उपनिरीक्षक अवनेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम खाडेदेवर स्थित कब्रिस्तान के निकट छापेमारी कर एक युवक के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम टाइगर उर्फरोहित पुत्र किटी गिहार निवासी ग्राम खाड़ेदेवर बताया है। जबकि उप निरीक्षक राकेश कुमार पटेल ने विमला देवी बृजमोहन इंटर कॉलेज के निकट छापेमारी कर एक युवक के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए रास्ते में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम करण गिहार पुत्र नरेश गिहार निवासी ग्राम सराय प्रयाग बताया है।

उधर जसोदा चौकी प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने गश्त के दौरान जसोदा स्थित गंगा रोड ओवरब्रिज तिराहा के पास छापेमारी कर एक युवक के पास से 24 देसी शराब के क्वार्टर बरामद किए। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम सुशील पुत्र रविस चंद्र निवासी ग्राम सभापुर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### सड़क हादसों में महिला समेत चार घायल

बांदा। अलग-अलग हुए सड़क हादसों में एक युवती समेत चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।बिसंडा थाना क्षेत्र के बिलगांव निवासी रेनू (32) पत्नी भक्तिशरण सोमवार की रात खेतों की तरफ जा रही थी, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं देहात कोतवाली क्षेत्र के करबई गांव निवासी प्रकाश (26) पुत्र रामगोपाल अपने साथी अरुण (28) पुत्र जगराम के साथ ट्रामा सेंटर से मरीज को देखने के बाद बाइक से गांव जा रहे थे। तभी पल्हरी गांव के पास सामने से आ रहे चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अन्य घटना में फतेहपुर निवासी कलहा (31) पुत्र हैदर सोमवार की रात महोबा से बाइक में बैठकर वापस घर जा रहा था।

# फिर उठी हाइवे पर अंडरपास के निर्माण की मांग


हाइवे पर प्रदर्शन करते ग्रामीण समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** हाइवे पर अंडरपास के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की और पीएम व सीएम सहित अधिकारियों को मांग पत्र भेजकर अंडर पास का निर्माण कराए जाने की बात कही।

मंगलवार को श्रमिक कल्याण एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हाजी जर्रार खान के नेतृत्व में ग्राम डुड़वाबुजुर्ग के ग्रामीणों ने हाईवे पर पहुंचकर अंडरपास का निर्माण कराये जाने को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि नगर से डुड़वा बुजुर्ग को जोड़ने वाले मार्ग पर अंडरपास का निर्माण नहीं कराया गया है। इस मौके पर सानू, जान मोहम्मद, युसूफसिद्दीकी, अली दराज, राम सिंह, विनोद कुमार, हरिराम, शाहिद रजा खान, मोहम्मद दिलकश, शाहिदा रिहाना, रुखसाना बेगम सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मृतक के परिजनों से मिला सपा का प्रतिनिधिमण्डल

- प्रदेश सरकार से मृतक के परिजनों को 20 लाख की आर्थिक मद्द किए जाने की मांग की

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**


मृतक के परिजनों से मुलाकात करते सपा नेता समृद्धि न्यूज

मंगलवार को सौरिख थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर पहुंचे सपा नेताओं के प्रतिनिधि मण्डल ने मृतक रामपाल के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी की और सरकार से परिवार को आर्थिक मद्द दिए जाने की मांग की। सपा प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मृतक के परिवारीजनों को सांत्वना दी है वहीं हत्याकाण्ड के सम्बन्ध में पूरी जानकारी की है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मामले की जानकारी दी जाएगी।

गौरतलब है कि बीते माह 22 जनवरी को सौरिख थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी 60 वर्षीय रामपाल गांव के बाहर स्थित ईशन नदी से बैलगाड़ी से बालू लेने गया था, जिसकी धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मंगलवार को गांव पहुंचे सपा प्रतिनिधिमंडल ने मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी और घटना के सम्बन्ध में जानकारी की। इस दौरान सपा नेताओं ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। सपा के पूर्व विधायक अनिल दोहरे ने कहा भाजपा सरकार में अपराध चरम सीमा पर है। लगातार क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाएं हो रही हैं। गांव में घटित हुई घटना को लेकर उन्होंने कहा है कि परिवार जनों से जानकारी की गई है। मामले को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को इस घटना से अवगत कराया जाएगा। प्रतिनिधि मण्डल में सपा जिला अध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अनिल पाल, जिला अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड मुनेश राठौर, पूर्व चेयरमैन सुनील कुमार गुप्ता ने मृतक के परिजनों को सांत्वना दी और प्रदेश सरकार से मृतक के परिजनों को 20 लाख की आर्थिक मदद दिए जाने की मांग की।

# शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले 10 बच्चों को मिला सम्मान

- कार्यक्रम में दो आंगनबाड़ी कार्यकत्री समेत चार शिक्षक एवं 10 बच्चे हुए सम्मानित
- ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालाबाद के सभागार में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का हुआ आयोजन

**जलालाबाद(कन्नौज),समृद्धि न्यूज़**


शिक्षिका आरती कटियार को सम्मानित करते ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवनीश दोहरे समृद्धि न्यूज

मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालाबाद सभागार में खण्ड शिक्षा अधिकारी महेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में हमारा आंगन हमारे बच्चे के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्री प्राइमरी प्राइमरी एवं बाल वाटिका के बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के तहत उन्हें प्राइमरी स्कूल में दाखिला करा कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना मुख्य उद्देश रहा। कार्यक्रम में ब्लॉक के परिषदीय विद्यालय में कार्यरत शिक्षक व आंगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवनीश दोहरे व सीडीपीओ सतीश चंद्र ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर किया।

इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी महेश चंद्र शर्मा ने निपुण भारत एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा के उद्देश्यों का प्रस्तुतीकरण दिया। सीडीपीओ सतीश चंद्र द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध कराई गई सुविधाएं तथा आंगनबाड़ी केंद्रों एवं प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अंतर्गत बच्चों को दी जा रही सुविधाएं का प्रस्तुतीकरण दिया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ईसीसीई तथा बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान पर एआरपी सत्यपाल,जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का संचालन संभावी मिश्रा ने किया। बीईओ ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दो आंगनबाड़ी कार्यकत्री, दो नोडल शिक्षक संकुल, दो नोडल शिक्षक तथा स्कूल में नियमित उपस्थित रहने वाले 10 बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष सुशील यादव, आशीष मिश्रा, अवध नारायण, अनुराग कुमार, राजेश कुमार, शशिकांत, आकाक्षा अवस्थी, सुशीला चौहान, प्रिया सिंह बघेल, आरती कटियार, ज्योति कुशवाहा, पद्मावती, चुन्नी देवी समेत शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# ईओ की मनमानी से किसानों की फसलें हुई जलमग्न

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी की मनमानी से किसान की फसलें जलमग्न हो गयीं। जिससे उन्हें काफी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

कस्बा नवाबगंज के मेन चौराहे से कस्बे वासियों की तरफ बनाए गए नाले में मंझना रोड पर रामदास कश्यप, दुष्यंत कश्यप, प्रशांत कश्यप के खेत हैं। उनके खेतों के पास में उनका पैतृक तालाब भी बना हुआ है। जिसमें नवाबगंज नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने कस्बे से नाला बनवाकर उनके पैतृक तालाब में छोड़ दिया। तालाब के किनारे उनकी कई बीघा जमीन में आलू तथा गेहूं जलमग्न हो गए। किसानों ने कई बार अधिशासी अधिकारी कार्यालय के चक्कर काटे, लेकिन वहां कोई भी सुनने वाला नहीं है। पीड़ित किसानों के मुताबिक उसके बच्चे भूखे मरने की कगार पर पहुंच गये हैं, क्योंकि उनकी जो भी फसल थी उसमें हर समय पानी चलता रहता है। जिससे फसलें नष्ट हो गई है। ऐसे में उन्होंने कई बार नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर काटे, लेकिन कोई उनके सुनने वाला नहीं है।


खेतों में जा रहा तालाब का पानी

# फर्जी दस्तावेज से लोन लेने वाले आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर सर्विस स्लिप पर लोन बैंक से लेने वाले जालसाजों व उसकी महिला साथी के विरुद्ध पुलिस ने शाखा प्रबंधक की तहरीर पर दो महिलाओं सहित आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। कोतवाली फतेहगढ़ स्टेट बैंक की डिफेंस एरिया शाखा के प्रबंधक यश अनामी ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 7 फरवरी को कैंट स्थित स्टेट बैंक की शाखा में संदीप कुमार नामक व्यक्ति आया और बताया कि वह रेलवे में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है और सर्विस लोन चाहिए। उसने बताया कि बहन की शादी के लिए पैसे की आवश्यकता है। बैंक द्वारा मांगे गए सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने पर 15 लाख का लोन 7 फरवरी को स्वीकृत होने पर संदीप के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया। फोन करने पर जब फोन नहीं उठाया। 23 फरवरी को उसका फोन बंद हो गया। संदेह होने पर फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर जब पूछताछ की तो पता लगा कि इस नाम का कोई व्यक्ति विभाग में कार्यरत नहीं है तो समझ में आया कि धोखाधड़ी की गई है। इस दौरान एटीएम के माध्यम से कई जनपदों में जाकर धनराशि निकाली गई। 30 हजार रुपये की धनराशि गीता देवी के खाते में ट्रांसफर की गई। संदीप कुमार, राज चौधरी, अमन पाल ने षड्यंत्र रच कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर इस घटना को अंजाम दिया है। शाखा प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने संदीप कुमार, सुमित कुमार, सौरभ, अभिषेक सिंह, अविनाश कुमार, राज चौधरी, अगनपाल, राधा देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# महाविद्यालय में कैरियर कॉउन्सिल का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ के प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं के हित में नेहरू युवा केंद्र के बैनर तले कैरियर कॉउन्सिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। तदुपरांत अतिथियों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 शालिनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों के कैरियर को आगे बढ़ने के लिए सर्वप्रथम समय के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही अपने स्वभाव के अनुरूप अपने भविष्य का चयन करने की सलाह दी और कहा कि प्रत्येक स्थिति में अपने कर्म से प्रेम करो, यही समय है अपने भविष्य को संवारने का आदि। मार्गदर्शन के क्रम को आगे बढ़ाते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 अमित ने छात्र-छात्राओं को पुरानी किताबें और नई किताबों का महत्व समझाया। इसी क्रम में डा0 सुन्दरलाल ने जीवन के नये नये आयामों के विषय में जानकारी दी। अध्यापक अभिषेक शाक्य ने पढ़ाई के साथ साथ खेल के विषय में बच्चों को सलाह दी। अध्यापक वैभव सोमवंशी ने छात्र-छात्राओं को समय का उपयोग करने की सलाह दी। प्रधानाध्यापक शिवम दीक्षित ने धर्म से उठकर आगे बढ़ने की सलाह दी। रचना ब्लॉक वारंट ईयर ने छात्राओं को आगे की पढ़ाई करके आगे बढ़ने की राय दी लेखा अधिकारी राजेश पाल ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया इस मौके पर सुंदरलालए अनामिका सक्सेना एमहेशएराहुल वर्मा निशू कटियार मधु पाल आदि संचालन युवा साहित्यकार वैभव सोमवंशी ने किया।


गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं प्राचार्य

# कन्या भोज व भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव सम्पन्न


मंदिर में कन्या भोज करातीं सुरभ मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 14वां वार्षिकोत्सव द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम पुराना कोठापार्चा महा मंगलेश्वरनाथ मंदिर मे भंडारा व प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। पांच दिवसीय कार्यक्रम का मंगलवार को कन्या भोज के साथ भंडारा हुआ। बड़ी संख्या में भक्तों ने कार्यक्रम में पहुंचकर भाग लिया। व्यवस्थापक योगेश मिश्रा, तनमय, नन्हें मिश्रा, मृणाल मिश्रा, कृष्णा, काव्य, छोटे बाबा ने व्यवस्था देखी। आचार्य ओमकार मिश्रा, शिवनारायन तिवारी, प्रियांक दुबे ने कन्या भोज सम्पन्न कराया। कन्या भोज में दीपक मिश्रा अपनी पत्नी सुरभि मिश्रा के साथ पहुंचकर कन्या भोज आयोजित किया। इस मौके पर मनोज मिश्रा, योगेश मिश्रा, अर्पण मिश्रा, पवन अवस्थी, नीलू पाण्डेय, हेमंत शुक्ला, बच्चू मिश्रा, शानू अवस्थी, ओम शुक्ला मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा की प्रदेश कमेटी घोषित, परशुराम वर्मा बने प्रदेश महामंत्री


कार्यकारिणी के नव नियुक्त पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी कल लखनऊ में हुई घोषित हुई। जिसमें महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सदर विधायक एटा एवं सभापति पंचायती राज उ0प्र0 सरकार विपिन कुमार वर्मा, डेविड के द्वारा उत्तम चंद, राकेश लोधी को पुनः प्रदेश अध्यक्ष बनाने की घोषणा की व फर्रुखाबाद में जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा को प्रदेश महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकारिणी के अन्य 60 पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।

फर्रुखाबाद में महासभा के जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा को प्रदेश महामंत्री का दायित्व मिलने पर लोधी समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई है। आज उनके आवास पर बधाई देने वाले समाज के बहुत से लोग पहुंचे। उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री को शुभकामनायें दीं। प्रदेश महामंत्री ने बताया कि शीघ्र ही बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सुधीर वर्मा रिंकू, महेशचंद्र राजपूत, रामलड़ैते राजपूत, विक्रांत सिंह राना लोधी, धर्मेन्द्र राजपूत, नित्य प्रकाश वर्मा, अरविन्द राजपूत, प्रेमपाल सिंह एडवोकेट, रोशनी राजपूत, होशियारपुर सिंह राजपूत एडवोकेट, बेचेलाल राजपूत, रामगोपाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# शेखपुर चैलेंजर ने रोमांचक मुकाबले में ड्रेगन इलेविन को हराया

- अंतिम गेंद पर चाहिए थे दो रन, सनी ने चौका मारकर जिताया मैच

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** फतेहपुर राव साहब के मैदान पर चल रहे चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को ड्रेगन इलेविन व शेखपुर चैलेंजर के बीच रोमांचक मैच खेला गया। जिसमे शेखपुर की टीम एक विकेट से जीत गई।

शेखपुर चैलेंजर के कप्तान मयंक दुबे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कप्तान की घातक गेंदबाजी के चलते ड्रैगन इलेवन की टीम निर्धारित 12 ओवर में महज 110 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शेखपुर चैलेंजर की टीम को प्रशांत ने एक बेहतरीन शुरुआत दी एवं अपनी टीम के लिए 16 गेंदों पर 33 रनों की धुंआधार पारी खेली। अंतिम ओवर में शेखपुर की टीम को चार रनों की दरकार थी। अंतिम गेंद पर बल्लेबाज सनी ने चौका मारकर मैच को शेखपुर की झोली में डाल दिया। रोमांचक मैच के प्लेयर ऑफ द मैच रहे मयंक दुबे को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्कोरिंग गौरव गुप्ता, एम्पारिंग शुभम दुबे व गोपाल ने एकमेंट्री शिवम शुक्ला के द्वारा की गई। इस मौके पर गोविंद राजपूत, प्रियांशु पाठक, रजत शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।


मैंच के दौरान शॉट लगाता खिलाड़ी

## त्योहारों पर शाति व्यवस्था को लेकर पुलिस ने किया गश्त

**फर्रुखाबाद (सं.)।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशानुसार समस्त थानों की पुलिस त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से नगर में पैदल गश्त किया और नागरिकों से त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। पुलिस ने नागरिकों से कहा कि त्योहार पर कोई भी उपद्रवी दिखायी पड़े, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को 112 नंबर पर दें। जिससे उपद्रवी के खिलाफ समय रहते कार्यवाही की जा सके।

# देवी दयाल उमाशंकर जूनियर हाईस्कूल में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव


वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान मौजूद शिक्षक-शिक्षिकायें

- कक्षा 8 की छात्राओं को उपहार देकर दी गयी विदाई
- बच्चों प्रस्तुत किये रंगारंग कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देवी दयाल उमाशंकर जूनियर हाईस्कूल विद्यालय में मंगलवार को वार्षिकोत्सव व कक्षा 8 की छात्राओं का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की समस्त छात्र-छात्राओं ने फिल्मी गीतों पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए प्रदर्शन किया। नन्हें-मुन्ने बच्चे राज, अर्जुन, आदित्य, हर्षवर्धन, अनुष्का, पल्लवी, सोनाक्षी, मान्या, वर्षा, माधवी, जान्हवी, छवि, आरोही, नकुल आदि बच्चो ने नाटक, नृत्य व गायन प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। प्रबंधक सोमकांत दिलीप अग्निहोत्री ने कहा विद्यालय दिनोंदिन निरंतर प्रगति कर रहा है। इसमें सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। विदाई समारोह के दौरान कक्षा 8 की छात्राओं को पुरस्कार देकर विदाई दी गयी। बच्चों को भी प्रोत्साहन के रुप में उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अजय कुमार शुक्ला, प्रदीप सोमवंशी, लक्ष्मी, रजनी, संतोषी, नीतू, अनुष्का, अस्मिता, उन्नति आदि शिक्षक-शिक्षिकायें मौजूद हे।

# प्रोजेक्टर के माध्यम से कम्पोजिट स्कूल के बच्चों ने देखा शिक्षा प्रोग्राम


एलईडी पर कार्यक्रम देखते कम्पोजिट विद्यालय के बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शासन के निर्देशानुसार जनपद में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा एलईडी के माध्यम से शिक्षा पर जोर दिया गया। कम्पोजिट विद्यालय तलैया लेन फतेहगढ़ की शिक्षा मित्र प्रवेश कुमारी व कीर्ति तिवारी ने कक्षा 3 व 4 एवं 5 के 70 बच्चों के साथ फतेहगढ़ चौराहे पर पहुंचकर एलईडी के माध्यम उन्हें जागरुक किया गया। साथ ही राहगीरों को भी प्रेरित किया गया कि वह अपने बच्चों को बेसिक स्कूलों पढ़ायें, क्योंकि वहां भी शिक्षा अंग्रेजी माध्यम जैसी मिलती है।

# सी.वी. रमन के जीवन से प्रेरणा लें: सुमन त्रिपाठी

- छात्राओं ने लगायी मॉडलों की प्रदर्शनी
- पूनम शुक्ला, पारुल जैन ने सी.वी. रमन के प्रभाव पर छात्राओं को दी जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भारतीय वैज्ञानिक सी.वी. रमन से प्रेरणा लेने के लिए छात्राओं को संकल्प दिलाया। मदन मोहन कानोडिया बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सी.वी. रमन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जानकारी देते हुए कहा कि विज्ञान के बारे में जितना भी जानें वह कम है। आज विज्ञान हाईटेक होती जा रही है। बहुत सी चीजें कम्प्यूटर के माध्यम से ही प्राप्त हो जाती हैं। पूर्व में सी.वी. रमन के द्वारा खोज की गयी। जिससे आज भी लोग उन्हें विज्ञान दिवस पर याद करते हैं। भारतीय वैज्ञानिक सी.वी. रमन विज्ञान जगत में अपने आप में एक शख्शियत थे। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। पूनम शुक्ला व पारुल जैन ने महा वैज्ञानिक चंद्रशेखर बैंकेट रमन के प्रभाव के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। जिसके तहत विज्ञान मॉडल संबंधित प्रदर्शनी लगायी गयी। जिसे सभी ने सराहा। जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा व डी.पी. विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार कुशवाहा ने विचार रखे। इस मौके पर नीलम शुक्ला, मंजू, जया सिंह, राधा दीक्षित, अनीता सिंह, वरिष्ठ लिपिक अजंट सिंह, राघव मिश्रा, प्रदीप कुमार आदि लोगों ने छात्राओं का विज्ञान दिवस पर उत्साहवर्धन किया।



विज्ञान दिवस पर सी.वी. रमन को पुष्पांजलि अर्पित करतीं शिक्षिकायें

# बाल विवाह या हिंसा मानसिक अस्वस्थता का परिचायक

## बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न



जानकारी देते बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज ब्लॉक कार्यालय में प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरक्षण समिति की बैठक हुई। जिसमें बाल हिंसा, बाल यौन उत्पीड़न और बाल विवाह रोकने पर चर्चा हुई।

इस दौरान प्रभारी खंड विकास अधिकारी ने कहा कि बाल हिंसा रोकना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। आजकल लोग कम उम्र के बच्चों से होटलों, दुकानों में कम मजदूरी कर काम करा रहे हैं यह बाल अपराध है। उन्होंने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि कहीं भी कम उम्र के बच्चे काम करते हुए या भीख मांगते हुए दिख जाएं तो चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर शिकायत दर्ज कराएं जिससे उस बच्चे को उज्ज्वल भविष्य दिया जा सके। बाल सरंक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने कहा कि बाल विवाह, बाल हिंसा, बाल यौन उत्पीड़न मानसिक अस्वस्थता का परिचायक है। आज के सभ्य समाज में भी बाल विवाह और बाल यौन उत्पीड़न भी हो रहा है। घृणित मानसिकता के लोग इतना नीचे गिर गए हैं कि आठ दस महीने की बच्चियों को भी नहीं छोड़ते हैं। अधिकतर देखने में आता है कि बाल यौन उत्पीड़न अपने लोगों के द्वारा ही किया जाता है जिन पर हम लोगों को विश्वास होता है। सचिन ने बाल संरक्षण के लिए 1098, 112, 181, 1076 और 1090 हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी। सीडीपीओ मानवेंद्र सिंह ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गृह भ्रमण के दौरान देखा जाए कि कहीं बाल विवाह, हिंसा या यौन उत्पीड़न टू नहीं हो रहा है अगर ऐसा देखने को मिले तो उसकी फौरन शिकायत हेल्पलाइन नंबरों पर करें। इस दौरान बीडीओ अमर सिंह राणा, सीएचसी नवाबगंज से पीयूष पवन दीक्षित, उप निरीक्षक विवेक कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश कुमार, परामर्शदाता प्रवीन गुप्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक 4 मार्च को, करोड़ों के विकास कार्यों पर लगेगी मुहर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र पंचायत की बैठक 4 मार्च को होगी। इस दौरान ब्लाक प्रमुख द्वारा करोड़ों रुपए के विकास कार्यों के प्रस्ताव पर मोहर लगने की सम्भावना जतायी जा रही है।

नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों की तथा संभ्रांत व्यक्तियों की 4 मार्च को बुलाई गई है। जिसमें विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह तथा ब्लाक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन के द्वारा करोड़ों रुपए के विकास के लिए नए प्रस्तावों पर मुहर लगाई जाएगी। जिसकी जानकारी विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह तथा ब्लाक प्रमुख डॉ अनीता रंजन के पति मेजर एसडी सिंह डिग्री कॉलेज के चेयरमैन जितेंद्र यादव द्वारा दी गई। उन्होंने बताया क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास खंड क्षेत्र के सभी गांव को संतृप्त करने के लिए ब्लाक प्रमुख ने बीड़ा उठाया है तथा सभी गांव में विकास की गंगा बहेगी।

# 10 मार्च तक ऑनलाइन डाटा फिडिंग करायें पीआरडी के जवान

- 10 मार्च के बाद नहीं लिये जायेंगे प्रपत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीआरडी में फर्जी भर्ती मामले की खबर प्रकाशित होने के बाद पकड़े गये जवानों को परमानेंट करने की जुगाड़ में विभाग लग गया है। अगर ऐसा नहीं करते है तो जिला स्तर पर इस प्रकरण में सम्मलित अधिकारी की गर्दन फंस सकती है।

प्रांतीय रक्षक दल/युवा कल्याण विभाग द्वारा पीआरडी जवानों को निर्देशित किया है कि जिन जवानों का डाटा लॉक हो चुका है, उनको छोड़कर शेष पीआरडी जवानों का डाटा ऑनलाइन पंजीकृत किया जा रहा है। जनपद में जितने भी पीआरडी जवान हैं, वह अपने समस्त अभिलेख जैसे- प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, जन्मतिथि, निवास प्रमाण पत्र के मूल रूप से सभी कागजात कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराए हैं तो करा दें। पीआरडी जवानों को अंतिम अवसर दिया जाता है कि वह अपने अभिलेख 10 मार्च 2023 को विकास भवन स्थित कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर जमा कराना सुनिश्चित करें। इस तिथि के बाद किसी के अभिलेख नहीं लिए जाएंगे। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। यह जानकारी जिला युवा कल्याण अधिकारी देवेंद्र कुमार द्वारा दी गई। बताते चलें पीआरडी में बिना भर्ती के अनगिनत लोग ड्यूटी करते परेड के दौरान पकड़े गए थे। जिसका समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने पर विभाग के महानिदेशक ने जांच बिठा दी। जिसके बाद जिला कार्यालय को इस कार्रवाई की। जिन जवानों को बिना भर्ती के वर्दी पहनाकर परेड में खड़ा किया गया था। नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि जिला स्तर पर विभागीय लोगों की मिलीभगत से यह सब चल रहा है।

## एफएससी ने चार विकेट से मैच पर की विजय प्राप्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में क्रिकेट लीग के सीनियर ग्रुप का पहला सेमीफाइनल एफएससी व एफसीसी के बीच स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में खेला गया। एफएससी ने चार विकेट से मैच पर विजय हासिल की। एफएससी के कप्तान अमित वर्मा ने टॉस जीतकर पहले फिल्डिंग करने का फैसला किया। एफसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 122 रन का स्कोर खड़ा। जिसमें शोमित गुप्ता ने 41 रन, गौतम ने 22 रन, हिमांशु ने 19 रन बनाये। एफएससी से विजय आनन्द व विशाल ने दो-दो विकेट लिये। एफएससी ने 19.3 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच विजय आनन्द को स्टेडियम कोच अमिताब पान ने पुरुस्कार दिया। अम्पायरिंग रफीगुल अंसारी ने की। प्रमोद शुक्ला व जेपी सिंह ने स्कोरिंग की। मोहन लाल, सत्यम मिश्रा, गंगाराम शुक्ला मौजूद रहे।

## न्यायालय कर्मचारी देवेश नारायण को दी गयी विदाई

**फर्रुखाबाद (सं.)।** उ0प्र0 दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ शाखा की तरफ से जनपद न्यायाधीश अश्वनी कुमार त्रिपाठी की उपस्थिति में मुंसरिम जनपद न्यायालय देवेश नारायण दीक्षित के कार्य दिवस के अन्तिम दिवस पर दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ शाखा की तरफसे विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मके पर न्यायिक अधिकारीगण एंव दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारीगण एवं न्यायिक कर्मचारियों द्वारा उनको भविष्य के लिये शुभकामनाएँ दी गयी। इस मौके पर आलोक पराशर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, विष्णु चंद्र वैश्य अपर जिला जज प्रथम, महेन्द्र सिंह स्पेशल जज एस.सी.एस.टी एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण उ0प0 दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के प्रान्तीय उपाध्यक्ष विवेक दत्त उपाध्याय, कर्मचारी संघ शाखा अध्यक्ष ऋषि यादव एवं सचिव दिनेश गुप्ता, संगठन सचिव शिवम शाहू, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी शैलेन्द्र कुमार शुक्ल, मो0 आरिफ एवं केन्द्रीय नाजिर मो0 हाफिज सैफी आदि मौजूद रहे।

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़









# छात्र के एटीएम से 1 लाख 86 हजार रुपये किये पार

▸ स्कूल में खड़ी स्कूटी की डिग्गी से मोबाइल सिम व कार्ड किया था चोरी



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** एलएलबी के छात्र का एटीएम चोरी कर उसके खाते से साइबर क्राइम के मास्टर माइंड ने 1 लाख 86 हजार रुपये पार कर दिये। जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज थाना गुरसहायगंज के भैंसियापुर दहीरापुर निवासी उदय प्रताप सिंह पुत्र कश्मीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 25 तारीख को एलएलबी छठे सेमेस्टर का पेपर देने कमालगंज विद्यालय आया था। स्कूटी की डिग्गी में अपना फोन व एटीएम कार्ड रखकर परीक्षा देने चला गया।

इस दौरान अज्ञात शातिर ने डिग्गी खोलकर मोबाइल के अंदर से सिमकार्ड व एटीएम निकाल लिया और सारा सामान जैसा मैने रखा था वैसे रखकर डिग्गी बंद कर दी। जब इसकी जानकारी हुई तो थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बैंक से डिटेल निकालवाने पर पता चला कि पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से कई बार में 80 हजार व आगरा, दिल्ली लक्ष्मीनगर स्थित एटीएम से रुपये निकाले गये। कुल 1 लाख 86 हजार रुपये निकाल लिये गये। पीड़ित के अनुसार जिस एटीएम से रुपये निकाले गये उसकी सीसीटीवी फुटेज में दो व्यक्ति दिख रहे है एक बाहर व एक अंदर चेहरे पर मास्क लगाये है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# टीबी के दो मरीजों को थानाध्यक्ष ने लिया गोद, नकदी व फल दिये



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा चयनित किए गए टीवी के 2 मरीजों को थानाध्यक्ष ने गोद ले लिया और खान-पान की सामग्री देकर उनकी पूरी जिम्मेदारी उठाने की बात कही। कस्बा नवाबगंज स्थित सीएचसी के चिकित्साधीक्षक लोकेश शर्मा द्वारा किए गए चयनित 2 रोगियों को थानाध्यक्ष नवाबगंज जय प्रकाश शर्मा द्वारा गोद लिया गया और रोगियों को उनकी पूरी जिम्मेदारी उठाने का वादा कर 10 किलो फ्रूड तथा अन्य राहत सामग्री देकर दोनों मरीजों को एक एक-एक हजार रुपये देकर थानाध्यक्ष ने उनकी पूरी जिम्मेदारी उठाने का भरोसा दिया। थानाध्यक्ष द्वारा रोगियों को गोद लिये जाने की क्षेत्र में लोग चर्चा की इस कार्य की लोग सराहना कर रहे है। सीएचसी अधीक्षक डा0 लोकेश शर्मा तथा विभाग के कई फार्मासिस्ट, कस्बा इंजार्च नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# देशी मदिरा की 9, विदेशी की 8, बियर की चार दुकानें ई-लाटरी से हुई



लॉटरी प्रक्रिया के दौरान मौजूद अपर जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आबकारी नीति के अनुसार देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बियर शॉप की दुकान ई-लॉटरी के माध्यम से कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार, जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद के समक्ष आवंटन हुआ। जिसमें देशी मदिरा की दुकाने स्थान संगत गढ़ी कोहना (ए), रकाबगंज (ख), खुदागंज (स्टेट हाइवे 220 मी), अरार्हपहाड़पुर, तलैया लेन (ए,) उगरपुर सुल्तान पट्टी, भरखा चौराहा, अखमेलपुर, भिडौर व विदेशी मदिरा की आवास विकास, कमालगंज, रेलवे रोड, याकूतगंज, नींव करोरी, ढिलावल चौराहा (ख), मदनपुर नगला मान्धाता, चिलसरा और बियर की दुकान बढ़पुर, हथियापुर, रेलवे रोड, कादरी गेट (ख) की दुकानों का आवंटन पूर्ण, जिले में बीयर की दुकानों आवंटन पूर्ण हुआ। देशी मदिरा की 6 दुकानें अभी शेष हैं व विदेशी मदिरा की 8 दुकान शेष हैं तथा मॉडल शॉप की 1 दुकान शेष है, जबकि भांग की 3 दुकान भी शेष हैं।

# परमार्थ सेवा संस्थान ने जुर्माना भरकर चार और बंदी कराये रिहा

▸ परमार्थ सेवा संस्थान अब तक कई बंदियों को जुर्माना भरकर करा चुका है रिहा

▸ जेल अधीक्षक ने संस्था के योगेंद्र प्रकाश को प्रशंसा पत्र देकर किया गया सम्मानित




जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद तथा रिहा किये गये बंदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कारागार फतेहगढ़ में इसी माह आयोजित हुई लोक अदालत में शिवम कुमार एसीजेएम द्वारा चार बंदियों अरूण पुत्र रामचंद्र, सोबरन पुत्र गंगाबख्स, श्रीपाल पुत्र सियाराम एवं अतिराज पुत्र आदेश सिंह के केसों का निस्तारण किया था।

लोक अदालत में दी गई मूल सजा को बंदियों ने 28 फरवरी को पूर्ण कर ली। सभी बंदियों का 2100 रुपया का जुर्माना परमार्थ सेवा संस्थान के योगेन्द्र प्रकाश द्वारा जमा करवाया गया। जेल अधीक्षक भीमसैन ने योगेन्द्र प्रकाश को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। परमार्थ संस्था द्वारा अभी तक एक दर्जन बंदियों का जुर्माना जमा कर जेल से मुक्त कराया गया। परमार्थ संस्था के इस कार्य की सभी मुक्तकंठ से प्रशंसा कर रहे हैं। इस अवसर पर जेलर अखिलेश कुमार, उपजेलर शैलेश सोनकर उपस्थित रहे वहीं। बंदियों को अपराधिक कार्य छोड़ने की शपथ दिलाई गई।

# जमीन के कागजात न देने पर दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर

▸ दंपति घायल, चार लोगों के विरुद्ध दी तहरीर



**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** खरीदी गई जमीन के कागजात मांगने पर विवाद हो गया। देखते ही देखते मारपीट व ईंट पत्थर चलने लगे। जिसमें दंपत्ति घायल हो गये। पीड़ित ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ा पसियापुर निवासी हिम्मत सिंह पुत्र बलवंत सिंह ने परिवार के ही रामवीर, हरिश्चंद्र पुत्रगण महेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह पुत्र बलवंत सिंह, राम बेटी पत्नी महेंद्र सिंह के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें दर्शाया कि 27 फरवरी को आरोपियों ने जमीन से संबंधित कागजात मांगे। मना करने पर आरोपीगण गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। इस दौरान ईंट-पत्थर भी चलाये। बचाने आयी पत्नी को पीटा। जिससे दोनों लोग घायल हो गये। चीखपुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गये। जिन्होंने बचाया। इस दौरान दूसरे पक्ष के महेंद्र सिंह ने बताया कि जो जमीन खरीदी गई है उसमें मैने पत्नी के कुंडल बेंचकर पैसा दिया था। इसलिए कागज मुझे चाहिए। पीड़ित का कहना था कि कागजात उसके पास नहीं है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर मिल गयी है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

## फोन पर युवक को पांच मार्च को जान से मारने की मिली धमकी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** जान से मारने की तिथि घोषित कर देने के मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही कर जानमाल की रक्षा की गुहार लगायी है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम लतीफपुरा निवासी रामू शाक्य पुत्र श्रीकृष्ण शाक्य ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 27 फरवरी की शाम 5:14 पर कि अज्ञात व्यक्ति ने मुझे फोन कर जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि 5 मार्च को तेरी जिदंगी का आखिरी दिन होगा और उसने अपना नाम राम दयाल उर्फ टेंशन निवासी भरापूरा थाना अलीगंज जनपद एटा बताया। फोन पर मिली धमकी के बाद से मैं व मेरे परिजन काफी भयभीत हैं। पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगायी। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# खबरें चलते-चलते

## रोजगार मेले में 27 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद (सं.)।** आई.टी.आई. ठंडी सड़क में अप्रेन्टिस मेले का आयोजन हुआ। दो कंपनियों ने प्रतिभाग करते हुए प्रतिभागियों का चयन किया। 87 अभ्यर्थियों ने अपने आवेदन किये। विभागों द्वारा 50 अप्रेन्टिसशिप रिक्तियों के सापेक्ष में 27 अभ्यर्थियों को शिशक्षु प्रशिक्षण हेतु चयनित किया गया। मेले की व्यवस्था प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने देखी। प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार अप्रेन्टिस प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, अनुदेशक बृजेंद्र सिंह व राजकुमार महतो के अलावा विद्यालय के समस् कर्मचारियों ने सहयोग किया। 27 अभ्यर्थियों को चयनित कर प्रशिक्षण के लिए कंपनी द्वारा आमंत्रित किया गया है।

## शिवा गिहार हत्याकांड में शेष आरोपी कोर्ट में तलब

**फर्रुखाबाद (सं.)।** बीते वर्ष 2021 में शिवा गिहार के तहसील सदर के पास चिलसरा रोड पर दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक की मां शारदा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें विवेचक ने विवेचना में कुछ लोगों के विरुद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल नहीं किया था। जिस मामले में विशेष न्यायधीश एससी/एसटी महेन्द्र सिंह ने अजय, सुशील पुत्रगण सुरेश गिहार, सनी, प्रदीप पुत्रगण लालाराम, अनुज पुत्र अनिल, सोनू पुत्र रमेश, सुरेश गिहार उर्फ बच्चा गिहार पुत्र मक्का गिहार को धारा 302/34 के तहत तलब किया है। सुनवाई के लिए अगली तिथि 16 मार्च नियत की है।

## पुलिस ने आठ को बनाया गुंडा

**कमालगंज (सं.)।** थाना क्षेत्र के गांव पेरी नवादा निवासी बदन सिंह, शिवनाथ, हरिनंदन, उपदेश तथा नगरिया देवरापुर निवासी राम रहीस, अजमल निवासी नगला खेंम रैंगाई, प्रदीप, सचिन निवासीगण तलैया नगला के खिलाफ पुलिस ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

## आत्महत्या के उकसाने के मामले में सुनवाई 17 मार्च को



**फर्रुखाबाद (सं.)।** पूर्व विधायक सदर विजय सिंह के विरुद्ध विशेष न्यायधीश एमपीएमएलए न्यायालय में आत्महत्या के उकसाने के मामला विचाराधीन है। जिसमें फतेहगढ़ कोतवाली के ड्राइवर बिजेंद्र तोमर की हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने धारा 306 में विजय के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। जिसमें बचाव पक्ष व अभियोजन को सुनने के बाद विधि विज्ञान प्रयोगशाला की विधिक राय व रिपोर्ट के लिए तलब किया। जिसमें सुनवाई के लिए अगली तिथि 17 मार्च नियत की गई है।

## विधायक के निर्देश पर बदला गया फुंका ट्रांसफार्मर

**मेरापुर (सं.)।** सबस्टेशन साहबगंज के गनेशपुर मे ट्रान्सफार्मर फुंके ट्रान्सफार्मर को दो महीने बाद बदलने की सुधि ली। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की। जिसका बिजली विभाग के के कर्मचारियों ने बिल ना जमा होने का बहाना बना कर टालते रहे। कई ग्रामीणों नये कनेक्शन भी करवा लिए है। बिजली विभाग के आकड़ा के अनुसार गाव में लगभग 25 कनेक्शन धारक हैं। जेई हर्ष कुमार को फोन लगाया तो बंद था, जबकि सरकार ने फुंके ट्रान्सफार्मर को बदलने के लिए 24 घण्टे में बदलने की गाइडलाइन जारी कर दी है। जिसके बाद लापरवाह बिजली विभाग के कर्मचारियों ने भाजपा विधायक डा0 सुरभि के निर्देश पर फुंका ट्रांसफार्मर दो महीने बाद बदला। अचरा मण्डल महामंत्री आलोक यादव ने बताया ग्रामीण ने ट्रांसफार्मर फुंकने की शिकायत की। जिसे विधायक ने बदलवा दिया। ग्रामीणों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया गया। ट्रांसफार्मर बदलने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के बगैर उन्हें काफी परेशानी हो रही थी।

# तिब्बत से आये बौद्ध भिक्षु ने संकिसा में दो रात्रि किया विश्राम



दण्डवत पद यात्रा करते भिक्षु जेसफ तेजासन

▸ अपनी रिक्शा गाड़ी से मंगलवार को दिल्ली के लिए हुए रवाना

▸ सभी बौद्ध स्थलों पर दण्डवत भ्रमण के बाद अप्रैल में पहुंचेंगे धर्मशाला

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** रविवार तिब्बत निवासी भिक्षु जेसफ तेजासन ने संकिसा आकर पवित्र स्तूप के दर्शन पूजन कर परिक्रमा की।

गौरतलब है कि तिब्बत देश के निवासी भिक्षु जेसफ तेजासन ने संकल्प लिया था कि मैं दण्डवत पद यात्रा करके सभी बौद्ध स्थलों का दर्शन पूजन करूंगा। इसी क्रम में रविवार को बोधगया से आये उपरोक्त भिक्षु ने संकिसा में डेरा डाल दिया था। सोमवार पूरे दिन विश्राम कर अपने अगले गन्तव्य स्थल दिल्ली के लिये मंगलवार को प्रस्थान कर गये। भिक्षु जेसफ तेजासन ने बताया कि यह मेरी दण्डवत पैदल यात्रा विगत 2022 अप्रैल में धर्मशाला से बोधगया के लिये आरम्भ हुई थी। बोधगया में पूजा पाठ कर अन्य सभी बौद्ध स्थलों नालंदा, पटना, वैशाली, कुशीनगर, कोशांबी आदि बौद्ध स्थलों पर दर्शन पूजन के बाद लगभग एक वर्ष बाद संकिसा में आये है।

अब अपने अंतिम पढ़ाव धर्मशाला के लिये दिल्ली होकर पहुंचना है। जहां पर बौद्ध धर्म के विश्व गुरु दलाई लामा के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेंगे। मंगलवार को संकिसा से दिल्ली रवाना होते ही रास्ते में निकलने वाले लोग उन्हें कौतूहल वश देखते रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में विजय सिंह दोषमुक्त



पूर्व विधायक विजय सिंह

▸ 32 वर्ष पूर्व शहर कोतवाली में 307 का मुकदमा हुआ था दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विशेष कोर्ट एमपी एमएलए के न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने वर्ष 1991 पुलिस मुठभेड़ के मुकदमे में साक्ष्य के अभाव में पूर्व सपा विधायक विजय सिंह को दोषमुक्त कर दिया है। विजय सिंह इन दिनों बांदा जेल में आजीवन कारावास की सजा में निरूद्ध है।

शहर कोतवाली के तत्कालीन दरोगा ए0के0 सिंह ने वर्ष 1991 में नाला मछरट्टा निवासी सपा के पूर्व विधायक विजय सिंह के खिलाफ पुलिस भुठभेड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा था कि सात सितंबर की रात में आरोपियों की तलाश में गश्त कर रहे थे। रात करीब डेढ़ बजे नाला मछरट्टा पहुंचे तो विजय सिंह घर के बाहर चबूतरे पर अपने साथी ठुइया के साथ बैठे थे। पुलिस को देखकर कहा कि पुलिस बहुत परेशान करती है।

इसके बाद पुलिस पर फायर कर दिया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान जीडी रवानगी कोर्ट में पेश नहीं की गई जो साक्षी पेश किए गये वह घटना को साबित नहीं कर पाए। बचाव पक्ष के वकील और अभियोजन पक्ष की दलीले सुनने के बाद न्यायाधीश ने पूर्व विधायक विजय सिंह को मुठभेड़ के मुकदमे से साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

## ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मार्ग दुर्घटना का मामला दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** सहदेव पुत्र शालिग्राम सिंह निवासी महलई गांव पोस्ट निलोई थाना जसवंतनगर ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 16 फरवरी को गांव से 10-12 लड़के कांवर लेकर टेंपों से श्रंगीरामपुर जल चढ़ाने के लिए जा रहे थे। रात्रि 11 बजे के लगभग थाना क्षेत्र के जहानगंज मार्ग किता नगला गांव से करीब 500 मीटर पहले मेरा भतीजा अनूप कुमार पुत्र रघुनाथ सिंह टेंपों रोंकर कर लघुशंका करने लगा, तभी जहानगंज की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे मेरा भतीजा गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां से हालत बिगड़ने पर सैफई के लिए रेफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# विज्ञान प्रदर्शनी में आर्मी पब्लिक स्कूल प्रथम, कानोडिया द्वितीय, सत्यवती स्कूल तृतीय रहा





विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में मौजूद सांसद मुकेश राजपूत, शिक्षक शिक्षिकायें आदि व प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रधानाचार्य बिलविन्दर सिंह



सम्मानित होतीं छात्रायें

▸ इंजीनियरिंग वर्ग में शिवशंकर व शिवम ने मारी बाजी, सांसद ने आर्गेनिक खेती पर छात्र-छात्राओं को किया प्रेरित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ के निर्देशन में मंगलवार 28 फरवरी आफीसर्स क्लब में राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रथम चरण में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्रपाल सिंह ने बताया जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में 15 मॉडल चयनित कर मंडल स्तर पर प्रतिभाग कराया जायेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बच्चों को अपने इनोवेटिव आइडिया को हकीकत में बदलकर आम जनता हेतु प्रस्तुत करें। प्रतिभागियों के मॉडल की प्रशंसा की गयी। जिला समन्वयक दीपिका राजपूत ने कहा कि इस वर्ष की थीम वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान निर्धारित की गयी है। आज के ही दिन 1928 में भारतीय वैज्ञानिक सी.वी. रमन ने स्पेक्ट्रोस्कोपी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण खोज की। जिससे रमन का प्रभाव कहा जाता है। विद्यार्थियों के मध्य वैज्ञानिक सोच व दृष्टिकोष उत्पन्न करने क साथ विद्यार्थियों द्वारा विकसित किये गये विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किये गये। निर्णायक मंडल में राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रवक्ता सुरजीत कुमार, प्रवक्ता शालिनी पाण्डेय, आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ0 पुनीत कुमार पाण्डेय, बीसीए विभागाध्यक्ष अंकित कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कक्षा 9 व 11 के दस मॉडल प्रदर्शित किये गये। जनपद में 20 माध्यमिक विद्यालयों न प्रतिभाग किया। राजकीय इंटर कालेज के रामदास व महेशचंद्र ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। दिलीप सिंह, नितिन यादव, विज्ञान शिक्षकों ने सभी का पंजीकरण किया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक दीपिका राजपूत ने किया। आर.पी. इंटर कालेज के प्रधानाचार्य कैप्टन बलविन्दर सिहं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों के मॉडलों की प्रशंसा की। इस मौके पर आरती, गुलशन जहां, प्रदीप यादव, अर्चना गुप्ता, आकांक्षा आदि शिक्षकों को सांसद द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सांसद मुकेश राजपूत ने आर्गेनिक खेती पर छात्र-छात्राओं को शोध करने हेत प्रेरित किया। कक्षा 9 व 10 के छात्र देव सक्सेना, अक्षत सिंह आर्मी स्कूल के प्रथम रहे। उन्नति व मुस्कान मदन मोहन कानोडिया इंटर कालेज की द्वितीय रहीं। श्रेया सिंह, जान्हवी भंडारी तृतीय स्थान पर रहीं। इंजीनियरिंग वर्ग में शिवशंकर व शिवम प्रथम रहे। कानोडिया बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी व शिक्षिका पूनम शुक्ला ने विद्यालय की छात्राओं को द्वितीय स्थान पाने पर सराहना की।

## पुलिस ने एक माह बाद दर्ज किया बाइक चोरी का मुकदमा

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव भूड़नगरिया निवासी पूर्व प्रधान अवनीश कुमार की चोरी गई बाइक का पुलिस ने एक माह बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दी गयी तहरीर के अनुसार 29 जनवरी को पूर्व प्रधान अवनीश कुमार अपनी बाइक द्वारा प्रशांत कुमार के साथ थाना क्षेत्र के गांव कुबेरपुर जुन्नारदार निवासी प्रधान आशुतोष मिश्रा के घर भागवत कथा के भंडारे की दावत खाने गए थे। उन्होंने अपनी बाइक को आशुतोष मिश्रा के घर के पास खड़ी कर दी और वह भण्डारे की दावत खाने लगे। जब वह दावत खाकर वापस आये तो उनकी बाइक गायब थी। उन्होंने बाइक की काफी खोजबीन की पर उसका कोई पता नहीं चल सका। पूर्व प्रधान अवनीश कुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामसेवक वर्मा के सुपुर्द कर दी।